दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ▶ 3 राजधानी – पैसा, चांदी, और चुनावी देग... | 4 अभिव्यक्ति – लोकतंत्र के लिए मतदान... | 9 मनोरंजन/व्यापार – बागी 3 में डांस नंबर करेंगी... | 11 खेल – 'संडे' की प्रेतबाधा तोड़ ....

www.navpradesh.com रायपुर, शनिवार 21 दिसम्बर, 2019, पौष कृष्ण पक्ष-दशमी, विक्रम संवत-2075 वर्ष-08 अंक-306 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

अब समय आ गया है कि सर्व शक्तिमान भारतीय संविधान को भी सुरक्षा कवच मुहैया कराया जाए। ताकि किसी की मजाल न हो कि वह संविधान पर हमला करे या उसकी हत्या करें। गजब तमाशा है। सरकार कोई भी कानून बनाती है तो विपक्ष एक सूर में उसे संविधान पर हमला करार देता है। इसके खिलाफ लोगों को उकसाने के लिए भड़काऊ बयान दिए जाते है और सरकार पर आरोप लगाया जाता है कि वह लोगों की बोलने की आजादी छीन रही है। नए नागरिकता कानून को लेकर दंगा फैलाने वालों पर सरकार की रहमदिली वाकई हैरत की बात है।

आज शहरों की होगी बादशाहत तय

प्रचार थमा, मतदान दल पेटी और सुरक्षा जवान केंद्र पहुंचे

नक्सल इलाकों समेत पूरे प्रदेश में एक वक्त पर मतदान, 24 दिसंबर को मतगणना के बाद ऐलान

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ के 151 नगरीय निकायों में चुनाव के लिए मतदान कल शनिवार 21 दिसंबर को होगा। इसके लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पूरी तैयारियां कर ली है। संवेदनशील और दूरस्थ क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों के लिए आज मतदान दलों को सामग्री के साथ रवाना कर दिए गए है। 151 नगरीय निकाय चुनाव में 10 नगर निगम, 38 नगर परिषद एवं 103 नगर पंचायतों में चुनाव होने है। चुनाव के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने सारी तैयारी कर ली है। साथ ही सभी मतदान केन्द्रों में सुरक्षा बलों की भी तैनाती कर दी गई है। चुनाव ड्यूटी में लगाए गए मतदान दलों को आज संवेदनशील और दूरस्थ क्षेत्रों में स्थित मतदान केन्द्रों के लिए मतदान सामग्री के साथ रवाना किया गया है। इधर मतदान के एक दिन पूर्व चुनावी शोर-गुल थमने के बाद प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ घर-घर जाकर अपने पक्ष में वोट डालने के लिए मतदाताओं से अपील कर रहे हैं। नगरीय निकाय चुनाव के लिए ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अब एक साथ एक वक्त में होगा मतदान

जिसमें निर्वाचन आयोग द्वारा घोषणा की गई है कि प्रदेशभर में एक साथ एक ही समय में मतदान किया जाएगा। अब सुबह 8 बजे से शाम पांच बजे तक मतदान किया जाएगा। पहले नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुबह 7 बजे से मतदान होना था. निर्वाचन आयुक्त ठाकुर रामसिंह ने इसकी जानकारी दी है। इसके पहले नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में मतदान के लिए सुबह 7 से 3 बजे तक का वक्त रखा गया था। जिसमे अब परिवर्तन करते हुए प्रदेश में सभी जगह एक ही समय में मतदान किया जायेगा। प्रदेश भर में कल शनिवार को एक साथ सुबह 8 बजे से 5 बजे तक वोटिंग होगी। जिसके लिए पूलिंग बूथ पर कड़ी सुरक्षा के लिए पुलिस कर्मी तैनात किए जाएंगे। 151 नगरीय निकायों के 2840 वार्डों के लिए वोटिंग होना है।

नगरीय निकाय पर एक नजर

- नगरीय निकाय चुनाव में 10 हजार 161 पार्षद प्रत्याशी मैदान में हैं
- छग.में 10 नगर निगम, 38 नगर पालिका, 105 नगर पंचायत चुनाव
- प्रदेश भर में कुल 5406 मतदान केंद्र बनाए गए हैं
- 151 नगरीय निकायों के 2840 वार्डों के लिए वोटिंग होना है
- 21 हजार मतदान कर्मी तैनात किए गए है।
- मतों की गिनती 24 दिसंबर को की जाएगी।

दिल्ली में हिंसा, यूपी में 6 मौत

दिल्ली, यूपी, बिहार, कर्नाटक, अहमदाबाद, मुंबई समेत कई शहरों में प्रदर्शन

नागरिकता और एनआरसी पर पूरे देश में विरोध

नई दिल्ली(ए.)। नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ देश के कई इलाकों में विरोध-प्रदर्शन जारी है। नागरिकता कानून के खिलाफ गुरुवार को भी दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, कर्नाटक, अहमदाबाद, मुंबई समेत कई शहरों में प्रदर्शन हुए। दिल्ली में एहतियातन आज भी कई मेट्रो स्टेशनों को बंद रखा गया है, जिनमें अभी जामिया मिल्लिया इस्लामिया और जसोला विहार शाहीन बाग मेट्रो स्टेशन शामिल हैं। उत्तर प्रदेश के दो दर्जन से ज्यादा शहरों में हिंसक हो गया। उग्र भीड़ ने वाहन फूंके और पुलिस पर पथराव किया तो आमने-सामने की फायरिंग में मेरठ, फिरोज़ाबाद, मुजफ्फरनगर में एक-एक मौत हो ■ शेष पृष्ठ 8 पर

केंद्र की पेशकश, सुझाव सुनने को सरकार तैयार

सरकार के एक शीर्ष अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि अगर संशोधित नागरिकता कानून के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगों के पास कोई सुझाव है तो सरकार उसे स्वीकार करने के लिए तैयार है। सरकार की यह पेशकश देश के विभिन्न हिस्सों में सीएए के विरोध में जारी प्रदर्शनों के बीच आयी है। सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को कहा, ''अगर सीएए पर कोई सुझाव है जो हम किसी से भी उसे सुनने को तैयार हैं। हम विभिन्न तरीकों से सीएए को लेकर लोगों का भ्रम दूर करने की कोशिश कर रहे हैं।''

उन्नाव रेप केस

सेंगर को उम्रकैद की सजा, 25 लाख का जुर्माना

नई दिल्ली (ए.)। उन्नाव रेप केस में विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोषी विधायक को अब बाकी बची उम्र जेल में ही काटनी होगी। जिला न्यायाधीश धर्मेश शर्मा ने इस मामले में सेंगर पर 25 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है, जो उन्हें एक महीने के अंदर जमा करना होगा। साथ ही अदालत ने यह निर्देश भी दिया कि बलात्कार पीड़िता को 10 लाख रुपये का अतिरिक्त मुआवजा दिया जाए जो उनकी मां को मिलेगा। अदालत ने सीबीआई को पीड़ित और उसके परिवार को आवश्यक सुरक्षा प्रदान करने का भी आदेश दिया है।

'सेंगर ने लोगों के साथ विश्वासघात किया'

सजा का ऐलान करते हुए कोर्ट ने कहा, 'सेंगर ने जो भी किया, वह बलात्कार पीड़िता को डराने-धमकाने के लिए किया। हमें नरमी दिखाने वाली कोई परिस्थिति नहीं दिखी, सेंगर लोक सेवक था, उसने लोगों से विश्वासघात किया'

सीबीआई ने भी कड़ी सजा की मांग की थी

017 के अपहरण और बलात्कार मामले में विधायक सेंगर को दोषी करार देते हुए कोर्ट ने चार्जशीट दाखिल करने में देरी को लेकर सीबीआई को भी फटकार लगाई थी। महिला आरोपी शशि सिंह को कोर्ट ने दोषमुक्त करार दिया था। उधर, सेंगर के लिए सीबीआई ने भी कोर्ट से उम्रकैद की सजा की मांग की थी। सीबीआई ने जिला न्यायाधीश धर्मेश शर्मा से कहा था कि वह सेंगर को अधिकतम उम्रकैद की सजा दें क्योंकि यह एक व्यक्ति की व्यवस्था के खिलाफलड़ाई है। सीबीआई ने बलात्कार पीड़िता के लिए पर्याप्त मुआवजा देने का भी अनुरोध किया।

खास खबर

भूकंप से हिली राजधानी और पूरा उत्तर भारत

नई दिल्ली (ए.)। अफगानिस्तान के हिंदूकुश में आए जोरदार भूकंप के कारण आज दिल्ली-एनसीआर समेत पूरा उत्तर भारत हिल गया। भूकंप का केंद्र हिंदूकुश था। पीटीआई के अनुसार, भूकंप की तीव्रता 6.8 थी। भूकंप के बाद दिल्ली-एनसीआर में लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। भूकंप के कारण अभी किसी प्रकार के नुकसान की कोई खबर नहीं है। भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान का हिंदूकुश है। शुरुआती रिपोर्ट में इसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.8 दर्ज की गई है।

बिहार में नहीं लागू होगा एनआरसी : नीतीश

पटना। नागरिकता संशोधन कानून और एनआरसी के खिलाफ देश के कई हिस्सों में हो रहे विरोध प्रदर्शन के बीच बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि वह अपने राज्य में एनआरसी लागू नहीं करेंगे। संसद में नागरिकता संशोधन कानून का समर्थन करने वाली जेडीयू ने कहा है कि उसको इस कानून से दिक्कत नहीं है, बशर्ते यह एनआरसी के साथ न हो।

पाक के लिए जासूसी, 7 नौसैनिक गिरफ्तार

विजयवाड़ा, (वार्ता)। आंध्र प्रदेश खुफिया विभाग ने केंद्रीय खुफिया एजेंसियों तथा नौसेना खुफिया के साथ अभियान चलाकर पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए इस मामले में नौसेना के सात जवानों को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक कार्यालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक इस मामले में देश के विभिन्न स्थानों से नौसेना के सात जवानों और एक हवाला ऑपरेटर को गिरफ्तार किया गया।

देश के लिए करना है : पीएम मोदी

नई दिल्ली। संशोधित नागरिकता कानून के खिलाफ देशभर में जारी उग्र विरोध प्रदर्शनों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इशारों-इशारों में इसे एक साहसिक फैसला बताया है। उद्योग जगत के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश को संकटों से निकालने का उनका अभियान लगातार जारी है, लेकिन यह सब आसान नहीं होता है। उन्होंने कहा कि बहुत कुछ सहना पड़ता है, लेकिन देश के लिए करना है।

लोगों की आवाज दबाने की कोशिश कर रही सरकार : सोनिया गांधी

नई दिल्ली। नागरिकता कानून पर देशभर में मचे बवाल के बीच कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस पार्टी सरकार की कार्रवाई की निंदा करती है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में लोगों को सरकार की नीतियों के खिलाफ आवाज उठाने और अपनी चिंताओं को दर्ज करने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि सरकार लोगों की आवाज दबाने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस की अध्यक्ष ने कहा कि बीजेपी सरकार ने जनता की आवाज की घोर अनदेखी की है, असहमति को दबाने के लिए निर्दयता से बल प्रयोग किया है, यह लोकतंत्र में स्वीकार्य नहीं है। कांग्रेस भाजपा सरकार की कार्रवाई ■ शेष पृष्ठ 8 पर

2008 में हुए जयपुर ब्लास्ट केस में 11 साल बाद फैसला

चारों दोषियों को होगी फांसी

■ कोर्ट ने सरवर आजमी, मोहम्मद सैफ, सैफुर रहमान और सलमान दोषी करार

जयपुर (वार्ता)। साल 2008 में जयपुर में हुए सीरियल बम ब्लास्ट केस में कोर्ट ने चारों दोषियों को फांसी की सजा सुनाई है। 11 साल पुराने मामले में बीते बुधवार को सुनवाई करते हुए एक स्पेशल कोर्ट ने चार आरोपियों को दोषी करार दिया था। वहीं एक आरोपी बरी कर दिया गया था।

शुक्रवार को मामले पर फैसला देते हुए कोर्ट ने दोषी करार दिए गए सभी चार आरोपियों सरवर आजमी, मोहम्मद सैफ, सैफुर रहमान और सलमान को फांसी की सजा सुनाई है। बता दें कि 13 मई, 2008 को शहर के अंदर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

क्रूरता | जंगल विभाग के अधिकारियों का हाथियों संग जंगलीपन

गर्भवती गंगा से हैवानियत, 70 किमी. पैदल चलवाया

सुकांत राजपूत

रायपुर। गर्भवती हथनी गंगा के साथ छत्तीसगढ़ के जंगल विभाग के अधिकारियों के जंगलीपन की शिकार बनी है। महकमें के जिम्ममेदारों को मालूम था कि गंगा एजवांस स्टेज की प्रेगनेंट है और कभी भी वह बच्चे को जन्म दे सकती है। बावजूद इसके बेरहमी से विभागीय अधिकारियों ने उसे तमोल पिंगला के रेस्क्यू सेंटर से एक दिन में 70 किलो मटीर का रास्ता पैदल चलवाकर पूरा करवाया। गर्भवती गंगा तमोर रेस्क्यू सेंटर बलरामपुर के राजपुर परिक्षेत्र के रेवतपुर भेजी गई। वन्य प्राणी संरक्षण से जुड़े रायपुर के नितिन सिंघवी ने वन विभाग पर भारत सरकार की गाइडलाइंस की अनदेखी कर हैवानियत का आरोप लगाया है। बताते हैं कि बलरामपुर के जंगलो में विचरण कर रहे बहरादेव नामक जख्मी जंगली हाथी के इलाज के संबंध में भेजी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गंगा 13 माह के गर्भ से थी तब 11 घंटे खड़े रखा था

गंगा जब 13 माह की गर्भवती थी तब उसे ट्रक मैं खड़े खड़े, मार्च 2019 में महासमुंद के सिरपुर से तमोर पिंगला हाथी रेस्क्यू सेंटर भेजा गया। हाथियों के मामले में 13 माह की प्रेगनेंसी एडवांस स्टेज की प्रेगनेंसी मानी जाती है। हथनी का गर्भधारण का समय 22 माह का होता है। इस संबंध में भी छत्तीसगढ़ वन विभाग ने भारत सरकार की उपरोक्त गाइडलाइन का उल्लंघन किया जिसमें स्पष्ट रूप से उल्लेखित है कि एडवांस स्टेज में प्रेग्नेंट हथिनी को ट्रक द्वारा ट्रांसपोर्ट नहीं किया जावेगा।



नागरिकता कानून के खिलाफ देशभर में विरोध प्रदर्शन

नई दिल्ली(ए.)। नागरिकता कानून के खिलाफ देशभर में गुरुवार को प्रदर्शन देखने को मिला। नागरिकता कानून को लेकर हो रहे विरोध से गुरुवार को दिल्ली ठप हो गई तो देशभर में विरोध और तेज हो गया। इस दौरान दिल्ली, यूपी समेत 10 राज्यों में प्रदर्शन और हिंसक घटनाएं हुईं। दिल्ली, यूपी और कर्नाटक समेत कई जगहों पर हिंसक झड़प में कई लोग घायल हो गए और कई सारे लोगों को हिरासत में लिया गया। बता दें कि गुरुवार को वामदलों और कुछ मुस्लिम संगठनों ने भारत बंद का आह्वान किया था, जिसका पूरे देश भर में मिला-जुला असर देखने को मिला। दिल्ली में न सिर्फ जोरदार प्रदर्शन देखने को मिला, बल्कि मेट्रो बंद होने और लंबा जाम लगने से जीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया। वहीं, लखनऊ व संभल को छोड़कर अन्य जिलों में धरना-प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा। लखनऊ में उपद्रव के दौरान एक दर्जन वाहनों में आगजनी व तोड़फोड़ की गई। इस दौरान लखनऊ में 16 और संभल में दो पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। कर्नाटक में दो लोगों की मौत हो गई और लखनऊ में एक की मौत की खबर है।

यूपी सुलगा-दिल्ली ठप, हिंसा और मौत, इंटरनेट बैन, लाठीचार्ज

दिल्ली का हाल

राष्ट्रीय राजधानी में इस कानून के खिलाफ प्रदर्शन पर लगी रोक के बावजूद सड़कों पर उतरने के चलते सैकड़ों छात्रों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और विपक्षी नेताओं को हिरासत में लिया गया, जबकि कई इलाकों में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गईं। कई मेट्रो स्टेशनों को भी बंद कर दिया गया, जिससे शहर में यातायात प्रभावित हुआ। ज्यादातर स्थानों पर विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा और प्रदर्शनकारियों ने नये कानून पर अपना विरोध व्यक्त करने के लिए नारे लगाये। प्रदर्शनकारियों ने जामिया मिल्लिया इस्लामिया और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के छात्रों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई को बर्बरतापूर्ण बताया।

सुरक्षा बलों की 52 कंपनियां तैनात

राजधानी में कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए दिल्ली पुलिस के अलावा आरएएफ और सीआरपीएफ समेत अन्य बलों की 52 कंपनियां तैनात की गई हैं। साथ ही अफवाह फैलाने वालों नजर रखी जा रही है। पुलिस ने ऐसे लोगों पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

कई नेता हिरासत में

दिल्ली में लालकिला के आसपास धारा 144 लागू होने के बाद भी भारी संख्या में प्रदर्शनकारी जमा हो गए। पुलिस ने विपक्षी नेताओं डी.राजा, सीताराम येचुरी, संदीप दीक्षित, अजय माकन, योगेंद्र यादव, उमर खालिद समेत कई लोगों को हिरासत में लिया।

एक्सप्रेस वे पर लंबा जाम

विरोध प्रदर्शन को देखते हुए 20 मेट्रो स्टेशन बंद करने पड़े। इसके अलावा सुबह नौ से दोपहर एक बजे तक कई इलाकों में इंटरनेट सेवाएं बंद रखी गईं। दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस वे पर लंबा जाम लग गया। इस कारण हवाईअड्डे जाने वाले लोगों को भारी परेशानी हुई।

भीम आर्मी चीफ को पुलिस ने की गिरफ्तार करने की कोशिश, दूर ले गए प्रदर्शनकारी

नई दिल्ली(ए.)। नागरिकता संशोधन कानून (CAA) के खिलाफ देश के कई इलाकों में विरोध-प्रदर्शन जारी है। नागरिकता कानून के खिलाफ गुरुवार को भी दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, कर्नाटक, अहमदाबाद, मुंबई समेत कई शहरों में प्रदर्शन हुए। लखनऊ में हिंसक प्रदर्शन हुए और आगजनी भी कई गई, जिसमें एक की मौत हो गई। वहीं कर्नाटक में भी प्रदर्शन के दौरान दो की मौत हो गई। दिल्ली में एहतियातन आज भी कई मेट्रो स्टेशनों को बंद रखा गया है, जिनमें अभी जामिया मिल्लिया इस्लामिया और जसोला विहार शाहीन बाग मेट्रो स्टेशन शामिल हैं। प्रदर्शनकारियों के रुख को देखते हुए शुक्रवार की सुबह ही लखनऊ, बेंगलुरु, मंगलुरु समेत देश के कई हिस्सों में आज भी धारा 144 लागू है और कई जगह इंटरनेट सस्पेंड है।

लखनऊ के बाद अब कानपुर में बवाल

प्रदर्शनकारियों ने पुलिस की बाइकें फूंकी

कानपुर(ए.)। नागरिकता कानून के खिलाफहो रहे प्रदर्शन के बीच उत्तर प्रदेश के कानपुर में प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच भिड़ंत की खबर है। कानपुर में नमाज पढ़ने के बाद जुलूस निकला रहे प्रदर्शनकारियों को जब पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो भीड़ ने पत्थरबाजी की। बताया जा रहा है कि प्रदर्शनकारियों की योजना कानपुर के पास मौजूद यतीमखाने में एक जलसा करने की थी, मगर पुलिस ने वहां पहुंचने से पहले ही रोकने की कोशिश की, जिसके बाद भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। प्रदर्शनकारियों ने मरी कंपनी पुल को कब्जे में ले लिया, जिसे पुलिस ने खाली कराने की कोशिश की, जिसके बाद दोनों में संघर्ष बढ़ गया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस की चार बाइकें भी फूंक दी।

कानपुर के पास ही परेड चौक पर नागरिकता कानून के खिलाफ प्रदर्शनकारियों ने प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों के बीच डीसीपी गाने लगे जन गण मन...

नई दिल्ली(ए.)। नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ देश के अलग-अलग हिस्सों में प्रदर्शन जारी है। नागरिकता कानून के खिलाफ गुरुवार को दिल्ली से लेकर कर्नाटक तक में बवाल देखने को मिला। मगर इस बीच बेंगलुरु से एक ऐसी तस्वीर भी देखने को मिली, जो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है। दरअसल, बंगलुरु में भी नागरिकता कानून के खिलाफगुरुवार को जोरदार प्रदर्शन हुआ, मगर इस बीच प्रदर्शनकारियों को काबू में करने और

प्रदर्शन को शांति पूर्वक बनाए रखने के लिए पुलिस अधिकारी ने अनोखा तरीका अपनाया और सबके साथ राष्ट्रगाण गाया।

दरअसल, गुरुवार को बेंगलुरु सेंट्रल इलाके में लोग नागरिकता कानून का विरोध कर रहे थे। प्रदर्शनकारी अपने विरोध को लेकर डंटे हुए थे। वह किसी तरह से प्रदर्शनस्थल से पीछे हटने को तैयार नहीं थे। मगर प्रदर्शनकारयों को उस जगह से हटाने और विरोध हिंसक न हो इसके लिए डीसीपी चेतन सिंह राठौर ने एक अनोखा तरीका अपनाया। डीसीपी चेतन सिंह राठौर प्रदर्शनकारियों के पास पहुंचे और उन्हें उन्मादी लोगों को लेकर सतर्क किया।

बिहार सीएम नीतीश कुमार ने एनआरसी पर दिया बड़ा बयान, कहा बिहार में नहीं होगी लागू

नई दिल्ली। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एनआरसी को लेकर शुक्रवार को बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि एनआरसी बिहार में लागू नहीं होगा। इससे पहले देशभर में नागरिकता (संशोधित) कानून को लेकर चल रहे विरोध प्रदर्शनों को लेकर नीतीश कुमार ने अपनी चुप्पी तोड़ी थी। उन्होंने कहा था कि बिहार में जनता दल यूनाइटेड नीत एनडीए सरकार में अल्पसंख्यक पूरी तरह सुरक्षित हैं। बिहार के मुख्यमंत्री ने कहा था कि मैं गारंटी लेता हूं कि अल्पसंख्यक समुदाय के साथ कुछ गलत या उनको उपेक्षित नहीं किया जा सकता जब तक हम शासन में हैं। नीतीश कुमार ने विपक्षी पार्टियों की आलोचना करते हुए कहा कि वे अल्पसंख्यकों के बीच भ्रम फैला रहे हैं।

जब तक राज्य सरकारें सहयोग न करें एनआरसी लागू नहीं किया जा सकता: प्रशांत किशोर

नई दिल्ली। नागरिकता कानून और एनआरसी को लेकर देश भर में विरोध के स्वर सुनाई दे रहे हैं। नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ लगातार हो रहे विरोध-प्रदर्शन के बीच राजनीतिक रणनीतिकार और जनता दल यूनाइटेड के उपाध्यक्ष प्रशांत किशोर ने कहा कि नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटीजंस (एनआरसी) और नागरिकता संशोधन कानून (CAA) तब तक लागू नहीं किया जा सकता, जब तक राज्य सरकारें सहयोग न करें। प्रशांत किशोर ने कहा कि एनआरसी या नागरिकता संशोधन कानून बिना राज्य सरकार की मशीनरी के लागू हो ही नहीं सकती।

छात्रों को नहीं दी प्रदर्शन की इजाजत

छात्रों ने अनोखे अंदाज में किया विरोध प्रदर्शन

नई दिल्ली। नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ देशभर में विरोध प्रदर्शन किया गया। छात्रों से लेकर राजनीतिक कार्यकर्ताओं तक, कई शहरों में लोगों ने संशोधित नागरिकता कानून का विरोध किया। इस दौरान एक मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट में छात्रों ने अनोखे ढंग से विरोध जताया। बेंगलुरु स्थित मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट में पुलिस ने छात्रों को कानून के खिलाफप्रदर्शन करने की इजाजत नहीं दी थी, जिसके बाद छात्र-छात्राओं ने अपने जूते गेट के पास उतार दिए। वहीं, छात्रों ने गेट के पास ही कुछ नारे लिखे गए तख्तियां भी रख दीं। ट्विटर पर एक यूजर ने इसका वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में एक ओर पुलिस दिखाई दे रही है तो दूसरी ओर जमीन पर रखे जूते और तख्तियां रखी हुई दिख रही हैं।

जगनमोहन रेड्डी की पार्टी के सांसद ने सबके सामने चाटे पुलिस के जूते

नई दिल्ली (ए.)। वायएसआर कांग्रेस पार्टी सांसद गोरंतला माधव ने तेलुगू देशम पार्टी के नेता जे.सी. दिवाकर रेड्डी द्वारा की गयी कथित तौर पर टिप्पणी के खिलाफ अपना विरोध दर्ज करने के लिए शहीद पुलिसकर्मी के जूते चूमे और साफकिये।

आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले में हिंदूपुर संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले माधव ने यह भी घोषणा की कि पार्टी आलाकमान द्वारा अनुमति दिए जाने पर वह टीडीपी नेता को सबक सिखाने के लिए अपनी सांसद सीट से इस्तीफा दे देंगे। इसके साथ ही वो पुलिस विभाग में शामिल हो जाएंगे।

रेड्डी ने बुधवार को अनंतपुर में पार्टी की एक बैठक में कहा था कि टीडीपी के फिर से सत्ता में आने पर पुलिस वालों को अपने जूते चाटने होंगे। अनंतपुर जिले के पुलिस अधिकारियों के संघ ने उन्हें बिना शर्त के माफी मांगने को कहा। अगर वो ऐसा नहीं करेंगे तो उनके खिलाफमानहानि का मुकदमा दायर किया जायेगा। अपने पद को छोड़ने और इस साल मई में लोकसभा सदस्य के रूप में निर्वाचित होने से पहले, कादिरी पुलिस स्टेशन में काम करने वाले इंस्पेक्टर माधव ने कहा कि रेड्डी की ओर से पुलिस बलों का अपमान करना दुर्भाग्यपूर्ण है। पुलिस कानून व्यवस्था और देश की अखंडता की रक्षा करती है।

कोहरे की चादर में लिपटी दिल्ली, दो दिन और सताएगी बफीर्ली हवाएं

नई दिल्ल(ए.)ी। बफीर्ली हवाओं और कोहरे ने दिल्ली-एनसीआर के लोगों को कंपकंपा दिया है। मौसम विभाग के अनुसार, दो दिन सर्दी और सताएगी। शुक्रवार रात या शनिवार सुबह बूंदाबांदी का भी अनुमान है। वहीं, मौसम विभाग ने जम्मू-कश्मीर और हिमाचल में शुक्रवार को हल्की बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई है। हालांकि हिमाचल के रोहतांग दर्रे समेत पहाड़ों पर कहीं-कहीं हल्की बर्फबारी भी हुई। मौसम विभाग के अनुसार, एक बार फिर से पहाड़ों के अलावा मैदानी इलाकों के तापमान में गिरावट देखने को मिल सकती है।

दिल्ली में सबसे सर्द सुबह: गुरुवार सुबह तापमान गिरकर 5.2 डिग्री तक पहुंच गया। यह सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस कम है। दिल्ली के लिए यह मौसम की सबसे ठंडी सुबह रही। वहीं, अधिकतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से सात डिग्री कम है। उच्च हिमालयी क्षेत्रों में हुई बर्फबारी से भी ऐसा मौसम बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार, गुरुवार को 'सीवियर कोल्ड डे' की श्रेणी में रखा गया है। सामान्य से काफी कम तापमान दर्ज होने पर ऐसा होता है।

100 मीटर रही दृश्यता : दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में सुबह के समय घना कोहरा छाया रहा। मौसम विभाग के मुताबिक, पालम केंद्र में दृश्यता का स्तर 100 मीटर तक रहा। मौसम विभाग का अनुमान है कि शुक्रवार की सुबह भी ऐसा ही घना कोहरा देखने को मिल सकता है।

अगले 24 घंटों के दौरान संभावित मौसम: अगले 24 घंटों के दौरान पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और पश्चिम उत्तर प्रदेश में कोल्ड डे कंडीशंस जारी रहने की संभावना है। न्यूनतम तापमान में और गिरावट हो सकती है और कुछ स्थानों पर शीतलहर का प्रकोप जारी रह सकता है। उत्तर प्रदेश, बिहार और उत्तर मध्य प्रदेश के आसपास के हिस्सों में भी कोल्ड डे कंडीशंस बनी रहेगी।

कश्मीर और हिमाचल में आज बर्फबारी की संभावना

मौसम विभाग के एक अधिकारी ने कहा, जम्मू और कश्मीर में शुक्रवार को कई स्थानों पर हल्की बर्फबारी और बारिश होने की संभावना है। इसके बाद दिसंबर अंत तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है। अधिकारी ने कहा कि शून्य से 14.4 डिग्री सेल्सियस कम तापमान के साथ द्रास लद्दाख का सबसे ठंडा स्थान रहा। बीती रात यहां का तापमान शून्य से 27.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। जम्मू, कश्मीर और लद्दाख में बुधवार को रात भर मौसम शुष्क और ठंडा बना रहा, लेकिन घने बादल छाए रहने के कारण न्यूनतम तापमान में एक से 13 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि देखी गई।

उन्नाव रेप केस | विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को उम्रकैद की सजा मिली, अब वह ताउम्र जेल में रहेगा

10 माह से बचता रहा विधायक सेंगर, पीड़िता के जज्बे ने दिलाई सजा

उन्नाव (वार्ता)। रेप पीड़िता के पिता की पिटाई और जेल में उसकी मौत विधायक कुलदीप सिंह सेंगर के लिए घातक साबित हुई। रेप के आरोप से 10 महीने से बच रहे विधायक 10 दिन में जेल पहुंच गए। इसके बाद शुक्रवार को वह दिन भी आ गया जब रेप पीड़िता को इंसाफ मिला और विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को उम्रकैद की सजा मिली। अब वह ताउम्र जेल में रहेगा।

तीन अप्रैल 2018 विधायक के भाई अतुल सिंह सेंगर ने पीड़िता के पिता की उस समय पिटाई कर दी थी, जब वह कोर्ट से गांव लौट रहा था। मामला मांखी थाने पहुंचा तो पुलिस ने पिता के खिलाफ ही आर्म्स ऐक्ट में मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया। इसके बाद से परिवार ने तो विधायक के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। इस बीच 09 अप्रैल की भोर में जेल में पिता की मौत से मामले ने ऐसा तूल पकड़ा कि 13 अप्रैल को राजनीतिक रसूख रखने वाले विधायक सेंगर को गिरफ्तार कर लिया गया। विधायक 20 महीने से जेल में बंद है।

अस्पताल और पुलिस की लापरवाही

रेप पीड़िता के पिता की पिटाई से हालत बिगड़ने पर जेल से अस्पताल भेजा गया मगर 21 घंटे में अस्पताल से डिस्चार्ज कराकर फिर जेल में डाल दिया गया था। मांखी पुलिस, जेल प्रशासन और डॉक्टरों की लापरवाही से बंदी पिता की मौत हुई। शरीर पर 18 चोट होने के बाद भी पुलिस ने अस्पताल लाए गए पीड़िता के पिता को जेल में ठूंस दिया। जेल में उसकी हालत फिर बिगड़ी और जिला अस्पताल लाए जाने पर मौत हो गई।

सड़क हादसे से फिर बढ़ी सरगर्मी

28 जुलाई 2019 को रायबरेली जिले के थाना गुरुबक्सगंज क्षेत्र के अटौरा बुजुर्ग गांव स्थित चौकी मोड़ के पास सड़क हादसे में पीड़िता की चाची और मौसी की मौत और पीड़िता व उसके वकील के जख्मी होने से मामले में फिर सरगर्मी बढ़ गई थी। पीड़िता रायबरेली जेल में निरुद्ध चाचा से मिलने जा रही थी। पीड़िता चाचा ने साजिश का आरोप लगाते हुए गुरुबख्शगंज थाने में दस नामित और 15-20 अज्ञात लोगों पर केस दर्ज हुआ। नामितों में विधायक कुलदीप सिंह सेंगर, मनोज सिंह सेंगर, विनोद मिश्र, हरिपाल सिंह, नवीन सिंह, कोमल सिंह, अरुण सिंह, ज्ञानेन्द्र सिंह, रिन्कू सिंह, वकील अवधेश सिंह थे। इस मामले को सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान में लिया। मामले को दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया। इस मामले की जांच भी सीबीआई ने की।

पुलिस ने रिपोर्ट बनाने के लिए बनाया था दबाव

03 अप्रैल की शाम रेप पीड़िता के पिता को मांखी पुलिस ने घायलवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पिता पेट दर्द की बात कहता रहा। डॉक्टरों की मानें तो पुलिस को न जाने क्या जल्दी थी कि वह उन पर रिपोर्ट तैयार करने का दबाव बना रहे थे। पुलिस ने 04 अप्रैल की शाम सात बजे उसे डिस्चार्ज कराकर जेल भेज दिया था। हालत बिगड़ने पर 06 अप्रैल को अल्ट्रासाउंड व ब्लड जांच कराई गई। रिपोर्ट नार्मल आने पर उसे वापस जेल भेज दिया गया।

थाने में दरोगा के कमरे से बरामद हुआ तमंचा

मांखी पुलिस की कहानी उसी के गले की फांस बन गई। 03 अप्रैल को मांखी पुलिस ने आर्म्स ऐक्ट का केस दर्ज कर पिता को जेल भेज दिया। उस समय बीट दरोगा केपी सिंह थे। थानेदार अशोक भदौरिया व दरोगा और कांस्टेबल आमिर की ओर से कहानी रची गई थी। 09 अप्रैल की भोर में पीड़िता के पिता की मौत के बाद सीबीआई जांच शुरू हुई तो पुलिस की कहानी सामने आ गई। पुलिस बरामद तमंचे को सील नहीं किया था। तमंचा भी गायब था। थाने में स्थित केपी सिंह के कमरे की तलाशी में तमंचा बरामद हुआ। सीबीआई इंस्पेक्टर आरके तिवारी की रिपोर्ट पर केपी सिंह पर आर्म्स ऐक्ट का केस दर्ज कराया। सीबीआई ने तीनों को जेल भेजा और सफीपुर सीओ कुंवर बहादुर सिंह को निलंबित कर दिया गया था।

और अब मिला इंसाफ

दिल्ली की अदालत 2017 में हुए उन्नाव बलात्कार मामले में दोषी ठहराए गए कुलदीप सिंह सेंगर को उम्र कैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने सेंगर पर 25 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया। अदालत ने सेंगर को जुर्माना महीने भर के भीतर भरने का निर्देश दिया है।

2017 में दुष्कर्म का लगा आरोप

मांखी थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी ने विधायक कुलदीप सिंह सेंगर और साथियों पर 04 जून 2017 में दुष्कर्म का आरोप लगाया था। उसके बाद किशोरी लापता हो गई। परिजनों की तहरीर पर मांखी पुलिस ने उसे औरैया के एक गांव से बरामद किया था।

अपील का वक्त खत्म होते ही रात के अंधेरे का खेल शुरु

पैसा, चांदी, और चुनावी हांडी वार्डों में चढ़ी

खामोशी से एक-दूसरे को निपटाने में लगे प्रत्याशी

■ रातों रात पोस्टर फटा और दुश्मन को फाइनेंस किया

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। वोटिंग से एक दिन पहले की रात को सियासी जुबान में कत्ल की रात यूं ही नहीं बोला जाता। सियासत में कत्ल का मतलब हत्या या खून करना नहीं बल्कि अपने दुश्मन प्रत्याशी के लिए घेरेबंदी करने से है। ताकि जीत का ताज उसकी बजाए वोटर यह सब करने वाले दबंग उम्मीदवार के सिर पर रख दे। नगरीय निकाय चुनाव में आज शुक्रवार की रात ऐसे ही कत्ल की रात बन गई। जहां रसूखदार पार्टी प्रत्याशी खड़े हैं वहां आधी रात का खेल शुरु हुआ। कई बड़े वार्डों में तो अंधेरा घिरते ही सामने वाले प्रत्याशी को निपटाने के लिए बड़ी बड़ी देगें चुल्हों पर चढ़ गई थीं। भगवती चरण शुक्ल वार्ड में महापौर प्रत्याशी की दौड़ में शामिल उम्मीदवार तो कुंदरा बस्ती में 500-500 की नोट वोटरों को नजराने में देता रहा। खबर लगते ही भाजपा प्रत्याशी ने विरोध किया और माहौल बिगड़ता देख नोट बांटने वाली पार्टी चुपचाप चलते बनीं।

एक मदर टेरेसा वार्ड में रईस उम्मीदवार पार्षद चुनाव में इतना खर्च किया जितना विधानसभा चुनाव में एक प्रत्याशी करता है। खर्च की बात करें तो ऐसा ही आलम अब्दुल रऊफ वार्ड में भी दिखा। यहां चुनाव प्रचार जिस दिन से शुरु हुआ है तब से लेकर कत्ल की रात तक वार्ड की हर गली-मुहल्लों में तीन देगें कार्यकर्ताओं के नाम पर चढ़ीं। देग में पक रही जीत की बिरयानी का लुत्फ प्रभावित मतदाताओं तक ने जमकर उठाए। पश्चिम विधानसभा का एक ऐसा वार्ड है जहां कांग्रेस-भाजपा के बीच सीधी टक्कर है। एक तरफ भाजपा प्रत्याशी खर्च में कांग्रेस के युवा प्रत्याशी से काफी आगे है। इसी तरह राजातालाब इलाके में कांग्रेसी छात्र नेता बागी हो चुनाव लड़ रहा है। निर्दलीय उम्मीदवार बनकर ही कांग्रेस के एक दागदार छवि वाले प्रत्याशी के लिए यह कड़ी टक्कर दे रहा है। जिन वार्डों में बस्ती और स्लम एरिया हैं वहां पार्टी समर्थकों व्दारा पहले ही अपने घर पर वोट की शर्त पर लुभावनी सौगात घरों के मुखियाओं को गुपचुप दे चुके हैं।

यहां ऐसी सियासत, ऐसे नजारें

पं.भगवती चरण शुक्ल वार्ड

बड़ी पार्टी के एक प्रत्याशी व्दारा अपने हाथों से कुंदरा बस्ती में नोट बांटा जा रहा था। खबर मिली तो भाजपा के पहुंचते ही सभी दुम दबाकर चले गए। यहां नोट बांटने की नौबत प्रत्याशी को इसलिए आई क्योंकि वह दूसरे वार्ड से आकर यहां लड़ रहा है। खबर यह भी है कि महापौर की दौड़ में आगे न हो इसलिए उसी की पार्टी का एक दूसरे वार्ड का पार्षद प्रत्याशी तीसरी पार्टी के उम्मीदवार को बचपन का मित्र होने की वजह से फाइनेंस भी कर रहा है और पार्टी प्रत्याशी को हराने की कोशिश में भी है। ताकि वह जीत कर महापौर की दौड़ से बाहर हो जाए।

अब्दुल रऊफ वार्ड

पार्षद से राजस्व विभाग और अब महापौर बनने के लिए बेकरार रईस प्रत्याशी ने अब तक लाखों रुपए सिर्फ प्रचार और बिरयानी-दाल की देग में ही खर्च कर दिया है। प्रचार-प्रसार में जुटे लोगों को रोज सामुदायिक भवन से 100, 150, 200, और 300 रुपए प्रति व्यक्ति के मुताबिक मेहनताना भी दे रहा है। चांदी की बिछिया 500 महिला मतदाताओं को सप्ताहभर पहले ही दे चुका है। खबरों के मुताबिक कार्यालय भी एकमात्र इसी प्रत्याशी का हर गली-मुहल्लों में है। दोनों हाथों से पैसा लुटाने वाले इस प्रत्याशी के सामने कोई भी टिक नहीं पाया।

महर्षि वाल्मिकी वार्ड

यहां भी सबसे पैसे वाले प्रत्याशी का बोलबाला है। हालाकि एक कांग्रेस समर्थक माने जाने वाले आबकारी विभाग के बाबू की रईस प्रत्याशी का बैनर-पोस्टर फाड़ते गिरफ्तार किया गया है। इस वार्ड में पार्षद की जीत के लिए पैसा पानी की तरह बहाने वाले कैडर बेस्ड पार्टी के नेता का बोलबाला है। यह भी कहा जा रहा है कि अगर ये जीते तो पार्षद से महापौर तक की दौड़ इन्हीं के लिए सबसे आसान होगी। खैर यह तो वक्त के गर्त में है कि कौन राजधानी का महापौर होगा पर सियासत में पोस्टर फाड़ने के लिए भी एक टीम तैयार है।

मदर टेरेसा वार्ड

पिता की विरासत सम्हालने के लिए बेटा मैदान में है। पैसों से किसी भी मायने में कमतर नहीं इस प्रत्याशी ने अपने सभी नजदीकी प्रतिस्पर्धी प्रत्याशियों को खर्च के मामले में काफी पीछे छोड़ दिया है। वार्ड भी छोटा है और मतदाता संख्या भी इतनी नहीं कि किसी तरह की कोई चुनौती मिले। जो इसे चुनौती दे सकते थे उनको टिकट ही नहीं मिली। अब जीत से पहले ही इस प्रत्याशी ने बस्ती इलाकों में 4 की बजाए 20 स्ट्रीट लाइट तो पक्की सड़क बना दी है।

लेफ्टि-अरविंद दीक्षित वार्ड

यहां भाजपा और कांग्रेस को निर्दलीय प्रत्याशी चुनौती दे रहा है। हालाकि पार्टी से टिकट नहीं मिलने से बागी होकर चुनाव लड़रहा निर्दलीय प्रत्याशी को पूर्व पार्षद और पूर्व मंत्री के चेहते दबाव बनाते रहे पर असर नहीं हुआ। यहां जातिगत समीकरण में भी निर्दलीय उम्मीदवार नुक्सान पहुंचा सकता है। नुक्सान जीत या हार में बदलेगी यह वक्त बताएगा, लेकिन इतना तो तय है कि इस बार करीब 20 वार्डों में निर्दलीयों का वर्चस्व है।

■ न्यूज गैलरी

मुख्यमंत्री ने लोक गायक मिथलेश साहू के निधन पर शोक व्यक्त किया

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध लोक गायक श्री मिथलेश साहू के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। श्री साहू का आज रायपुर के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। श्री बघेल ने अपने शोक संदेश में कहा है कि श्री मिथलेश साहू का निधन मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति है। श्री साहू के साथ मेरे पारिवारिक संबंध रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्गीय श्री मिथलेश साहू को पारंपरिक छत्तीसगढ़ी गीतों के गायन में विशेष महारत हासिल थी। वे छत्तीसगढ़ी लोककला के प्रति बेहद समर्पित कलाकार थे। उन्होंने आजीवन छत्तीसगढ़ी कला की सेवा की है। वे अपनी सुमधुर आवाज में गाये छत्तीसगढ़ी गीतों के जरिए छत्तीसगढ़ी संस्कृति के चाहने वाले लोगों की बीच विशेष पहचान रखते थे। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने स्वर्गीय श्री मिथलेश साहू के शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

मेला घूमने गये दंपति से विवाद कर पति के साथ मारपीट

रायपुर। पत्नी के साथ मेला घूमने गए युवक के साथ मारपीट किये जाने की रिपोर्ट टिकरापारा थाने में दर्ज की गई है। नहरपारा गुरूद्वारा के पीछे देवपुरी निवासी राजकुमार बंजारे 24 वर्ष पिता नंदलाल बंजारे ने टिकरापारा में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अपने पत्नी के साथ गुरूघासी दास मेला घूमने गया था। मेले में घूम रहे दो तीन युवकों ने प्रार्थी की पत्नी को धक्का मार दिया विरोध करने पर आरोपियों ने युवक की पिटाई कर चोट पहुंचाया।

निधन
जगजीत सिंह

रायपुर। श्रीनगर निवासी स.जगजीत सिंह उम्र-(50 वर्ष)(दरबार रेस्टोरेंट) (सुपुत्र-स.फ़क़ीर सिंह)का आकस्मिक निधन रात 1.00 बजे 16 दिसम्बर को हो गया ।उनकी अंतिम यात्रा दिनांक 17 दिसम्बर(मंगलवार) समय सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान श्रीनगर(गैस गोडाउन) से देवेन्द्र नगर शमशानघाट ले जाई जाएगी । वे ओंकार सिंह (मीतनिशा एडवरटाइजिंग एजेंसी) सतनाम सिंह के भाई थे।

राज्यपाल ने 'सभी के लिए विकास' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन का किया उद्घाटन

रायपुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ की राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने आज यहां राजभवन के दरबार हॉल में अहिंसा विश्व भारती संस्था द्वारा 'सभी के लिए विकास' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर लोक निर्माण, गृह, जेल, धर्मस्व एवं पर्यटन मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू और अहिंसा विश्व भारती संस्था के संस्थापक आचार्य लोकेशजी उपस्थित थे।

गोवा के मुख्यमंत्री ने आदिवासी नृत्य महोत्सव में शामिल होने की दी स्वीकृति

■ विधानसभा उपाध्यक्ष श्री मनोज मंडावी ने सौजन्य मुलाकात कर दिया न्यौता

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपाध्यक्ष श्री मनोज मंडावी ने आज गोवा के मुख्यमंत्री श्री प्रमोद सावंत से सौजन्य मुलाकात की और छत्तीसगढ़ में पहली बार आयोजित हो रहे राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का न्यौता दिया। श्री मंडावी ने मुख्यमंत्री श्री सावंत को बताया कि राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव अब अंतर्राष्ट्रीय नृत्य महोत्सव का रूप ले लिया है और इसमें अन्य देशों के जनजातीय लोक कलाकार भी शामिल हो रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री प्रमोद सावंत ने छत्तीसगढ़ के राजधानी रायपुर में आयोजित आदिवासी नृत्य महोत्सव में शामिल होने और गोवा के लोक कलाकारों को भेजने की सहमति प्रदान की है।

मामूली विवाद में पति ने पत्नी व बच्चों पर किया जानलेवा हमला

■ हसिये से मारकर पत्नी व दो बच्चों को किया लहुलुहान, आरोपी गिरफ्तार

रायपुर। आपसी विवाद में पति ने पत्नी व अपने दो बच्चों को हसिये से से मारकर लहुलुहान कर दिया। घटना की रिपोर्ट तेलीबाधा थाना में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार सूरजनगर लाभांडी तेलीबांधा निवासी श्रीमती भागवती निषाद 47 वर्ष पति टापलाल निषाद ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गुरूवार को रात्रि 12 बजे प्रार्थिया का दामाद सोमन निषाद 32 वर्ष पिता शंकर लाल निषाद ने पति पत्नी के आपसी विवाद में आक्रोश में आकर पत्नी व बच्चों पर हसिये से जानलेवा हमला कर लहुलुहान कर दिया। गंभीर हालत में पत्नी को ईलाज के लिए मेकाहारा अस्पताल में भर्ती किया गया जहां डॉक्टरों उसे आईसीयू में रखा है। वहीं बच्चों का ईलाज जनरल वार्ड में चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीमती प्रतिमा निषाद 27 वर्ष पति सोमन निषाद 32 वर्ष निवासी ग्राम मचान्दुर थाना उतई जिला दुर्ग निवासी से 2010 में हुआ था। 19 दिसम्बर गुरूवार की रात्रि पति पत्नी में विवाद होने पर पति ने दोनों बच्चे है बेटा खिलेश 5 साल एवं छोटा बेटा जीगर निषाद उम्र 03 साल एवं पत्नी को हसिये से जानलेवा हमला कर लहुलुहान कर दिया। जिसके चलते दोनों बच्चों को हाथ व कान पर गंभीर चोट आई है। वहीं पत्नी के सीर व शरीर के अन्य हिस्से में गंभीर चोट लगी है। आरोपी शराब पीने का आदि है इस वजह से आए दिन घर में विवाद होता था। घटना की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

ड्वेन ब्रावो पहुंचे पाहंदा, गौठान में स्वसहायता समूह की महिलाओं से की बातचीत

रायपुर। वेस्ट इंडीज क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान ड्वेन ब्रावो आज दुर्ग जिले के पाटन ब्लाक के पाहंदा पहुंचे। उन्होंने यहां के गौठान में स्वसहायता समूह से जुड़ी महिलाओं से चर्चा की। महिलाओं ने ब्रावो को बताया कि किस प्रकार गौठान के माध्यम से उनके लिए आर्थिक सशक्तिकरण के अवसर खुले हैं। ब्रावो के साथ दुभाषिये भी आए थे, जिनके माध्यम से वे अपनी बात महिलाओं से कर रहे थे। ब्रावो ने महिलाओं से कहा कि उनकी यह सोच है कि दुनिया महिलाओं की तरक्की से आगे बढ़ेगी। दुनिया को आगे बढ़ाना है तो महिलाओं को अपने पैरों पर खड़ा करना होगा। उन्हें ऐसे अवसर उपलब्ध कराने होंगे जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त हों। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से सशक्त होने के लिए आजीविकामूलक गतिविधियों को अपनाना होगा।

श्री ब्रावो को महिलाओं ने बताया कि गौठान के माध्यम से हमें यह अवसर मिला है। यहां बड़ी संख्या में पशु आते हैं, जिनके गोबर से वे कंपोस्ट खाद का निर्माण कर रही हैं। ब्रावो ने कहा कि दुनिया भर में जैविक खेती के लिए लोग आगे बढ़ रहे हैं। आप लोग यहां इसे अपना रहे हैं यह बहुत अच्छा है। उन्होंने कहा कि आप लोग ऐसे संसाधनों के साथ काम कर रहे हैं जो आपके बीच से ही हैं।

छोटे व मझौले अखबारों की भूमिका को भी नजरंदाज नहीं किया जा सकता : सत्येन्द्र प्रकाश

■ छत्तीसगढ़ प्रदेश के अध्यक्ष बने मलय बैनर्जी

रायपुर/ नई दिल्ली। वर्तमान के बदलते परिवेश में प्रिंट मीडिया की महत्ता को कम नहीं समझा जा सकता। इसी लिए देश के छोटे व मझौले अखबारों की भूमिका को भी नजरंदाज नहीं किया जा सकता। उक्त विचार डीएवीपी के महानिदेशक सत्येन्द्र प्रकाश ने आल इन्डिया स्माल एंड मीडियम न्यूज पेपर्स फ़ेडरेशन के दिल्ली के कंस्टीट्यूशन क्लब में फेडरेशन के आयोजित दो दिवसीय 48 वें राष्ट्रीय अधिवेशन में देश भर से आए सैकड़ों छोटे एवं मझौले समाचार पत्रों के प्रकाशकों को संबोधित करते समय व्यक्त किए।

ज्ञात रहे यही वो वर्ग है जो सरकार की योजनाओं को समाज के आखिरी व्यक्ति तक पहुंचाने और आखिरी व्यक्ति की आवाज को सरकार तक पहुंचाने में सबसे अहम भूमिका अदा करता है ।

डीएवीपी महानिदेशक ने प्रकाशकों को आश्वस्त किया कि छोटे व मझौले अखबारों की समस्याओं का समाधान कराने की दिशा में सरकार पूरी तरह संवेदनशील है क्योंकि सरकार की मूल भावनाओं को यही वर्ग हकीकत में पूरा करता है । इस अवसर पर आल इंडिया स्माल एंड मीडियम न्यूजपेपर फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार गुरिंदर सिंह , भारत सरकार के पी आई बी विभाग के प्रधान महानिदेशक श्री के एस धतवालिया सहित देश के 20 से अधिक राज्यों के सैकड़ों प्रकाशक उपस्थित रहे ।

फेडरेशन के दो दिवसीय अधिवेशन में जहां प्रकाशकों की समस्याओं को लेकर रणनीति बनाई गई वहीं इस अवसर पर फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष से लेकर राज्यो के अध्यक्षों का भी चुनाव हुआ। अधिवेशन में छोटे व मझौले समाचार पत्रों को सरकारी विज्ञापन के माध्यम सशक्त बनाने और इन्हे जी एस टी मुक्त करने की मांग जोर शो से उठाई गई । अधिवेशन में हुए चुनाव में दिल्ली का प्रभारी पवन सहयोगी को बनाए जाने के साथ एल सी भारतीय , दिनेश त्रिखा , सुधीर पांडा , हफ्जिुल्ला खान व मलय बनर्जी सहित 13 अन्य लोगों को अलग अलग प्रदेशों का अध्यक्ष घोषित किया गया।

प्रशिक्षण | व्यवहार कौशल उच्च नेतृत्व क्षमता बढ़ाती है टीम की कार्यदक्षता

व्यवहार कौशल पर केन्द्रित प्रशिक्षण संपन्न

रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के अधिकारियों की क्षमता विकास के लिए व्यवहार कौशल पर केन्द्रीत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम 50 अधिकारियों ने सक्रियता से भागीदारी दी। प्रशिक्षणार्थियों को हैद्राबाद से आए प्रशिक्षकों ने व्यवहार कौशल और नेतृत्व क्षमता विकास के विभिन्न आयामों पर प्रशिक्षण दिया। केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान, गुढियारी में संपन्न हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम में कंपनी के मानव संसाधन, आईटी, वित्त, भंडार एवं क्रय, परियोजना, औद्योगिक संबंध, सिविल एवं वितरण कंपनी के क्षेत्रीय अभियंताओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एन डब्ल्यू हेनरी ने बताया कि पॉवर कंपनी के विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारियों में नेतृत्व क्षमता और प्रबंधकीय कौशल में वृद्धि करने के उदेश्य से प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था। ग्रामीण विद्युतीकरण निगम (आरईसी) लिमिटेड के माध्यम से संपादित प्रशिक्षण कार्यक्रम में व्यवहार कौशल पर आरईसी के मोटिवेटर एवं प्रशिक्षक डॉ महेश्वर राव, श्री आर.व्ही. कामेश्वर राव ने व्यक्तित्व एवं व्यवहार कौशल विकास पर प्रभावशाली व्याख्यान दिए। उन्होंने नेतृत्व क्षमता के विकास को व्यक्तिगत विकास तथा संस्थान की बेहतरी के लिए उपयोगी बताया।

प्रशिक्षण के दौरान सेवानिवृत्त कार्यपालक निदेशक श्री आर. अवस्थी ने वर्तमान परिदृश्य में ऊर्जा क्षेत्र में आ रहे बदलावों तथा जरूरतों पर प्रकाश डाला। उन्होंने वैश्विक स्तर पर पॉवर सेक्टर की चुनौतियों का उल्लेख करते हुए इसके लिए किए जा रहे उपायों को भी विस्तार से बताया। मुख्य अभियंता श्री ए.के.तिर्की ने प्रशिक्षण उपरांत सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किया।

रेल्वे स्टेशन रोड पर यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए होंगे निर्माण कार्य

रायपुर। मुख्य सचिव श्री आर.पी. मण्डल ने रायपुर रेल्वे स्टेशन पहुंच मार्ग पर यातायात के दबाव को व्यवस्थित करने के लिए फाफाडीह एक्सप्रेस-वे सर्विस रोड चैड़ीकरण, स्टेशन रोड गुरूद्धारा से रेल्वे स्टेशन तक यात्री पैदल पथ-पार मार्ग का निर्माण, बिलासपुर शहर में निर्माणाधीन तिफरा रेल ओव्हरब्रिज में रेल्वे के सुपर स्टेउक्चर निर्माण के लिए जरूरी अनुमति देने, उसलापुर रेल्वे स्टेशन में यात्री सुविधाओं का विस्तार करने के सुझाव रेल्वे को दिए है। आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के महाप्रबंधक श्री गौतम बैनर्जी ने मुख्य सचिव से मुलाकात की और श्री मण्डल द्वारा सुझाए गए कार्यो के निर्माण के लिए सहमती दी। इस दौरान नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की सचिव श्रीमती मंगई डी. द्वारा प्रस्तुतिकरण के माध्यम से राजधानी रायपुर एवं न्यायधानी बिलासपुर में रेल्वे प्रशासन के सहयोग से इन शहरों के रेल्वे स्टेशन तथा प्रमुख मार्गो पर यातायात को सुव्यस्थित करने और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं दिए जाने हेतु प्रस्तावित परियोजनाओं की जानकारी दी गई।

संपादकीय

भ्रम को दूर करें सरकार

नए नागरिकता कानून को लेकर विपक्ष लगातार भ्रम फैला रहा है। यही वजह है कि इस कानून को लेकर देश के अनेक हिस्सों में आंदोलन उग्र होता जा रहा है। सरकार को चाहिए कि नए नागरिकता कानून को लेकर जो भ्रम फैलाया जा रहा है उसे दूर करने के लिए वह संचार माध्यमों के जरिए लोगों तक इस नए कानून की विस्तृत जानकारी पहुंचाए। इस कानून को लेकर ऐसे लोग भी हिंसक प्रदर्शन कर रहे है जिन्हे नए नागरिकता कानून के बारे में कोई जानकारी ही नहीं है। ऐसे लोगों को यह कहकर बरगलाया जा रहा है कि यह नया कानून एक समुदाय विशेष के लिए खतरनाक है। जिनकी नागरिकता खतरे में पड़ सकती है और उनसे मतदान का अधिकार भी छिना जा सकता है जबकि ऐसा बिलकुल नहीं है। इस कानून के जरिए पाकिस्तान बांग्लादेश और अफगानिस्तान में धार्मिक प्रताड़ना का शिकार हो रहे हिन्दु, जैन, बौद्ध फारसी, सिक्ख और इसाई समुदाय के लोगों को भारत में शरण दी जाएगी। इस देश से किसी को भी नहीं निकाला जाएगा किन्तु लोगों को कुछ राजनीतिक नेता बेवजह बरगला रहे है। कांग्रेस ने तो उस कानून के खिलाफ मोर्चा ही खोल रखा है अन्य विपक्षी दल भी इस मुद्दे को लेकर राजनीति कर रहे है जो राष्ट्रहित में कतई नहीं है। लोकतंत्र में सरकार के किसी भी फैसले का विरोध करने के लिए सभी स्वतंत्र है किसी कानून के खिलाफ सभी को शांतीपूर्ण ढंग से अपना विरोध दर्ज कराने का मौलिक अधिकार है। किन्तु लोकतंत्र में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। नए नागरिकता कानून के खिलाफ देश के कई भागों में जो हिंसक प्रदर्शन हो रहे है उसके पिछे जरूर आईएसआई जैसे आतंकि संगठनों का हाथ हो सकता है। सरकार को चाहिए कि इस हिंसक आंदोलन को खत्म करने के लिए अराजक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करे और उनके द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम को दूर करें। अपवाहों पर सख्ती पूर्वक रोक लगाएं तभी यह आंदोलन हिंसा की भेंट चढ़ने से बच पाएगा अन्यथा इस हिंसक आंदोलन के चलते सरकार के खिलाफ भी असंतोष फैलेगा कि वह हिंसा फैलाने वालों के प्रति रहमदिली दिखा रही है जो आगे चलकर सरकार के लिए ही परेशानी का सबब बनेगी।

विचार

संवाद करे सरकार

नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ प्रदर्शनों का दायरा बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को दिल्ली के अलावा बिहार, उत्तर प्रदेश, असम, पश्चिम बंगाल और कर्नाटक में लोग बड़ी तादाद में सड़कों पर उतरे। नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ प्रदर्शनों का दायरा बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को दिल्ली के अलावा बिहार, उत्तर प्रदेश, असम, पश्चिम बंगाल और कर्नाटक में लोग बड़ी तादाद में सड़कों पर उतरे। दिल्ली में हालात बिगड़ने की आशंका में प्रशासन को कुछ देर के लिए मोबाइल इंटरनेट सेवा और 19 मेट्रो स्टेशनों के गेट बंद करने पड़े। समय पर यात्रियों के एयरपोर्ट न पहुंच पाने के कारण हवाई यातायात में भी व्यवधान पहुंचा। कई जगहों से हिंसा की खबरें भी आई हैं। कुछ जगहों पर पुलिस ने बल प्रयोग किया और कुछ वरिष्ठ नेताओं, बुद्धिजीवियों और नागरिकों को हिरासत में लिया। इस मुद्दे पर जामिया और फिर देश के कई विश्वविद्यालयों में भड़के आक्रोश को सरकार ने गंभीरता से लिया होता तो हालात शायद इतने न बिगड़ते। लेकिन छात्रों के आंदोलन को वह सिरे से नकारती रही और इसे उपद्रवी तत्वों की साजिश बताती रही। अब जाकर सरकार ने अखबारों में विज्ञापन देकर लोगों को नागरिकता कानून के बारे में बताना शुरू किया है। इससे पहले मंगलवार को गृह मंत्री अमित शाह ने इस आंदोलन के पीछे कांग्रेस का शत-प्रतिशत हाथ होने की बात कही थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा कि कांग्रेस नागरिकता कानून के मुद्दे पर झूठ फैला रही है और मुसलमानों में भय पैदा कर रही है। बीजेपी के कई नेताओं ने प्रदर्शनों को प्रायोजित बताया। लेकिन यह बात लोगों के गले नहीं उतरी क्योंकि खुद बीजेपी के सहयोगी दलों ने ही नागरिकता कानून पर सवाल उठाना शुरू कर दिया है। असम गण परिषद (एजीपी) के अध्यक्ष प्रफुल्ल कुमार महंत ने साफ कहा कि हमारी पार्टी ने नागरिकता कानून के पक्ष में वोट करके गलती की।

टेक ज्ञान

5 लाख का इनाम दे रहा वनप्लस

नई दिल्ली। चीन की स्मार्टफोन निर्माता कंपनी OnePlus ने एक अनोखे प्रोग्राम की शुरुआत की है। इसमें ऐसे लोगों को इनाम दिया जाएगा जो कंपनी के सॉफ्टवेयर में कमी या बग ढूंढकर बताएंगे। दरअसल डेटा लीक के लगातार बढ़ रहे मामलों को देखते हुए वनप्लस यह स्पेशल प्रोग्राम की लेकर आई है। वनप्लस और HackerOne ने मिलकर इस वनप्लस सिक्योरिटी रिस्पॉन्स सेंटर (One SRC) की शुरुआत की है। इसमें कंपनी ने वनपल्स सॉफ्टवेयर से जुड़ा बग बाउंटी (बग ढूंढना) प्रोग्राम रखा है, जिसके लिए यूजर्स को इनाम भी दिया जाएगा। इस प्रोग्राम के लिए दुनियाभर के ऐकडेमिक रिसर्चर और सिक्योरिटी प्रफेशनल को इनवाइट किया गया है कि वह बग को ढूंढें और रिपोर्ट करें।

लोकतंत्र के लिए मतदान आवश्यक

तेजबहादुर सिंह भुवाल

> आज हमारे देश में औसतन 50 से 60 प्रतिशत ही मतदान होता है। इसमें छोटी-बड़ी राजनैतिक पार्टियो व निर्दलीय उम्मीदवारों में वोट बंटते या पड़ते हैं। जिसको भी 10-20 प्रतिशत वोट पड़ जाते हैं वो जीत जाता है, आज कल के नेता शराब पिला कर व पैसे बाँट कर इन 10 से 20 प्रतिशत लोगों को अपने प्रभाव से वोट करवा लेते हैं व चुनाव जीत जाते है जिस कारण ऐसे लोग चुन कर आते है जो पूर्णतया भ्रष्ट होते है व जिनका चुनाव जिंतने का एक मात्र उदेश्य सत्ता पाना और धन कमाना होता है, तथा चुनाव जिंतने के बाद वह अगले 5 वर्ष तक देश के संसाधनों का खूब शोषण करते है व खूब भ्रष्टाचार करते है। अगर भ्रष्ट व्यवस्था को बदलना है तो लोगों को यह भी समझना होगा की आज जो भ्रष्ट व्यवस्था चल रही है व चारों ओर जो अव्यवस्था का वातावरण है उसका एक बहुत बड़ा कारण चुनाव के दौरान मतदान नहीं करना है।

संविधान में ''हम भारत के लोग भारत की संप्रभुता, सम्पन्न, समाजवादी, पंथ निरपेक्ष, लोकतांत्रिक, गणराज्य बनाने का संकल्प लेते हैं'' का उल्लेख किया गया है। पूरी दुनिया में भारत देश जैसा अच्छा और सक्षम लोकतांत्रिक गणतंत्र और कहीं नहीं है। संविधान के अनुसार देश को चलाने के लिए राजनीतिक ढ़ाचा तैयार किया गया। जो देश और राज्य को चलाने के सहायक सिद्ध होती है। इसी प्रकार राज्य के भीतर नगरीय निकायो में पार्षद चुनाव कराये जाते है, जो सीधे जनता के द्वारा अपने मनपसंद प्रत्याशी को चुना जाता है। जीते हुए प्रत्याशी पार्षद बनते है और 5 वर्ष के लिए अपने वार्ड के विकास एवं आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रयासरत रहते हैं। इसी प्रकार वार्ड की समस्याओं से जनता द्वारा अवगत होकर उसका निराकरण कराने का प्रयत्न भी करते है।

हमारे देश में किसी भी चुनाव में वोट देने अधिकार 18 वर्ष की आयु के युवक एवं युवतियों को है। निर्वाचन में एक-एक वोट का महत्व बहुत होता है। इस वोट से अपने क्षेत्र की बागडोर ऐसे व्यक्ति के हाथों सौपने का निर्णय किया जाता है, जो आपके अनुसार सही, निष्पक्ष और जनता के हित में कार्य करें। इसके लिए जनता को चाहिए कि वे अपने सुविवेक का उपयोग करें और ऐसे व्यक्ति को वोट दें, जो शिक्षित हो, अनुभवी हो, जो सभी का आदर करने वाला, संस्कारी एवं मिलनसार हो। पद पर बैठने के बाद जनता के लिए कार्य करें। इस सोच के साथ सभी नागरिकों को अपना बहुमूल्य वोट देना चाहिए। एक गणतांत्रिक देश में सबसे अहम होता है मत देना। गणतंत्र एक यज्ञ की तरह होता है, जिसमें मतों की आहुति बेहद अहम मानी जाती है। नागरिकों को सभी चुनावों में धर्म, नस्ल, जाति, समुदाय, भाषा आधार पर प्रभावित हुए बिना निर्भीक होकर मतदान करना चाहिए।

यह चुनाव जमीन से जुड़ी होती है, जिसमें आपको प्रतिदिन आने वाली समस्याओं को देखते हुए, उन समस्याओं का त्वरित निराकरण करने की क्षमता करने वाले प्रत्याशी को चुना जाना चाहिए और व शिक्षित, अनुभवी व दूरदर्शी हो, जो आपके वार्ड और शहर की आमजनता के हित में कार्य करने के लिए उचित निर्णय लेने की क्षमता रखते हो। यहीं वक्त होता है, जब हर नागरिक अपने मताधिकार का सही उपयोग कर एक शिक्षित, ईमानदार, अनुभवी और जिम्मेदार व्यक्ति को वोट दे। आपके एक महत्वपूर्ण वोट से एक अच्छा प्रत्याशी चुन सकते हैं और आपके एक वोट ना देने से अयोग्य प्रत्याशी जीत सकता है। चयन आपको करना है।

प्रायः देखा गया है कि युवा अपने मौज, मस्ती और सोशल मीडिया में इतने डूबे रहते है, कि उन्हें मतदान करने की फुरसत नहीं होती। वे यह सोचते है कि कौन जाकर लम्बी कतारे पर खड़ा होगा उनके एक वोट न देने से क्या बिगड़ जाएगा। जब तक युवाओं की सोच इस प्रकार की होगी, वाकिब में देश एवं शहर का कुछ नहीं हो सकता। भारत देश की 35 प्रतिशत आबादी युवाओं की है इसलिए देश के प्रत्येक चुनाव में युवाओं को बढ़-चढ़कर भागीदारी करनी चाहिए और ऐसी सरकारें चुननी चाहिए, जो कि साप्रदायिकता और जातिवाद से ऊपर उठकर देश के विकास के बारे में सोचें।

भारत में प्रत्येक व्यक्ति का वोट ही देश के भावी भविष्य की नींव रखता है। इसलिए हर एक व्यक्ति का वोट राष्ट्र के निर्माण में भागीदार बनता है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जनता को जागरूक करने के लिए अनेकों कार्यक्रम और विज्ञापनों के माध्यम से प्रचार-प्रसार करती है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग अनिवार्य रूप से करने के लिए प्रेरित किया जाता है। शिक्षित एवं अशिक्षित व्यक्ति दोनों अपने मताधिकार को उपयोग कर सकते हैं।

आज हमारे देश में औसतन 50 से 60 प्रतिशत ही मतदान होता है। इसमें छोटी-बड़ी राजनैतिक पार्टियो व निर्दलीय उम्मीदवारों में वोट बंटते या पड़ते हैं। जिसको भी 10-20 प्रतिशत वोट पड़ जाते हैं वो जीत जाता है, आज कल के नेता शराब पिला कर व पैसे बाँट कर इन 10 से 20 प्रतिशत लोगों को अपने प्रभाव से वोट करवा लेते हैं व चुनाव जीत जाते है जिस कारण ऐसे लोग चुन कर आते है जो पूर्णतया भ्रष्ट होते है व जिनका चुनाव जिंतने का एक मात्र उदेश्य सत्ता पाना और धन कमाना होता है, तथा चुनाव जिंतने के बाद वह अगले 5 वर्ष तक देश के संसाधनों का खूब शोषण करते है व खूब भ्रष्टाचार करते है। अगर भ्रष्ट व्यवस्था को बदलना है तो लोगों को यह भी समझना होगा की आज जो भ्रष्ट व्यवस्था चल रही है व चारों ओर जो अव्यवस्था का वातावरण है उसका एक बहुत बड़ा कारण चुनाव के दौरान मतदान नहीं करना है। यदि सभी लोग मतदान करेंगे को वही लोग चुन कर देश के सत्ता में आयेंगे जो देश व आम जनता के लिए काम करेंगे। इसलिए पूरे नागरिक अपने मताधिकार को उपयोग अवश्य करें।

राजनीतिक दलों द्वारा जनता को लुभाने के लिए अनेकों माध्यम कोशिश की जाती है। व्यक्तियों को चाहिए कि वे प्रत्याशी के लालच में ना आए बल्कि अपने मताधिकार का उपयोग कर ऐसे व्यक्ति को चुने जो आपके हित में कार्य करें, आपकी सुने और समय पड़ने पर आपकी मद्द भी करें। चुनाव के पहले राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण घर-घर जाकर वोट मांगते हैं, पैर छूते है, और जब चुनाव जीत जाते है, तो उस घर, गली, मोहल्ले की तरफ देखते भी नहीं, यहां तक की आपके द्वारा काम पड़ने पर उसके ऑफिस/बंगले जाने पर आपको पहचानते भी नहीं।

आपसे अच्छे से बात भी नहीं करते है। इस प्रकार की स्थिति निर्मित हो जाती है। प्रतिनिधियों को अपने पद का घमण्ड होने लगता है। वे सिर्फ अपने स्वार्थ का सोचने और करने लगते हैं। इसलिए आमजन को चाहिए कि अपना बहुमूल्य वोट सोच समझकर ऐसे व्यक्ति को दे जो आपके सुख-दुख में काम आये, आपके समस्याओं का निराकरण करें, अपने से ज्यादा आम जनता के हित में कार्य करें।

चुनाव में मताधिकार का उपयोग प्रत्येक युवा, बुजुर्ग, दिव्यांगजन सहित महिलाएं को भी शतप्रतिशत किया जाना चाहिए। इस मतदान से वार्ड का भविष्य जुड़ा हुआ है। यहीं वक्त है जब व्यक्ति अपने वार्ड और शहर को सशक्त व विकसित करने अपने मताधिकार का उपयोग कर लोकतंत्र की गरिमा को बनाए रखे। जय जोहार।

नए भारत के विरुद्ध खड़े वाममार्गी बुद्धिजीवी

डॉ अजय खेमरिया

> पूरे देश में सिर्फ मुस्लिम बहुल इलाकों और शैक्षणिक संस्थानों में नफरत की राजनीति क्यों की जा रही है?सिर्फइसलिये ताकि भारत की 20 करोड़ से ज्यादा की आबादी को सरकार के विरुद्ध हिंसक विरोध के लिये उकसाया जाए क्योंकि तीन तलाक ,राममंदिर और 370 पर इस मुल्क में जो भाईचारा और अमन चैन नए भारत ने दिखाया है उसने सत्ता पोषित विभाजनकारी ब्रिगेड को बेचैन कर रखा था।सरकार के स्तर पर भी इस मामले में संचार और सँवाद पर कुछ कमी रह गई है यह भी एक तथ्य है।

रामचन्द्र गुहा और अन्य लेखकों को विरोध प्रदर्शन करते समय पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया इसे लेकर वामपंथी विचारक और समर्थक सरकार को गरिया रहे है।इस बीच सोशल मिडिया पर ऐसे तमाम वीडियो जारी हुए है जिनमें नागरिकता संशोधन कानून का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों ने हिंसक रुख अख्तियार करते हुए पुलिसकर्मियों पर खूनी हमले किये है ।सरकारी सम्पति को नुकसान पहुचाया है।लेकिन किसी वामपंथी और जनवादी लेखक ने इस तरह के हिंसक कृत्यों की कोई निंदा नही की है।सवाल उठता है कि क्या देश का वाममार्गी बौद्धिक वर्ग आज सत्ताच्युत होते ही भारत के विरुद्ध खड़ा हो गया है ।जनवाद की आड़ में आज भारत के राष्ट्रीय विचार से हद दर्जे तक खिलवाड़ किया जा रहा है। नागरिकता संशोधन कानून से भारत के 20 करोड़ से ज्यादा मुसलमान में से किसी एक को भी किसी प्रकार का कानूनी संकट नही आने वाला है यह वैधानिक रुप से तथ्य है और देश के प्रधानमंत्री ,गृह मंत्री संसद से लेकर हर लोकमंच पर स्पष्ट कर चुके है। इसके बाबजूद भारत की जनता खासकर मुस्लिम भाइयों को लगातार गुमराह किया जा रहा है।उन्हें उसी क्षद्म बौद्धिक नजरिये से भयादोहित किया जा रहा है जिसके जरिये 70 सालों से अल्पसंख्यकवाद की राजनीतिक दुकान को चलाया गया है।हिटलर और नाजिज्म के उदय की डरावनी दलीले खड़ी की जा रही है लेकिन वास्तविकता यह है कि बौद्धिक रूप से असली नाजिज्म का अबलंबन तो भारत के वाममार्गी कर रहे है एक कपोल काल्पनिक झूठ को लोकजीवन में न्यस्त राजनीतिक स्वार्थों के लिये खड़ा कर दिया गया है।जो एनआरसी अभी प्रस्तावित ही नही है उसका पूरा खाका बनाकर पेश कर दिया गया है।इतिहास की भारत विरोधी ऋचाएँ गढ़ने वाले ये बुद्धिजीवी असल में अपने असली चरित्र पर आ गए है उनकी अपनी नाजिज्म मानसकिता आज सबके सामने आ गई है जो किसी भी सूरत में दक्षिणपंथी या अन्य विचार को स्वीकार नहीं करती है।इसके लिये वह झूठ,हिंसा सबको जायज मानती है।बहुलतावाद के यह वकील सच मायनों में नाजिज्म के अलमबरदार है इन्हें भारत की संसदीय व्यवस्था तक में भरोसा नही है वे इस बात को आज भी स्वीकार नही कर पा रहे है कि भारत की जनता ने एक विहित संवैधानिक प्रक्रिया के तहत नरेंद्र मोदी को भारत का प्रधानमंत्री चुना है।वह आज भी मानने को तैयार नही है कि उनकी भारत विरोधी और अल्पसंख्यकवादी राजनीतिक दलीलों को नया भारत खारिज कर चुका है।वरन क्या कारण है कि रामचन्द्र गुहा, मुन्नवर राणा,हर्ष मन्दर,रोमिला थापर, अरुणा राय,भाषा सिंह,जैसे लोग एक नकली नैरेटिव देश मे सेट करने की कोशिशें कर रहे है।क्यों भारत के प्रधानमंत्री और गृह मंत्री की बातों को सुना नही जा रहा है क्यों देश की सर्वोच्च अदालत के रुख को समझने के लिये यह वर्ग तैयार नही है?हकीकत की इबारत असल में कुछ और ही है -नए भारत का विचार इस बड़े सत्ता पोषित तबके के अस्तित्व पर चोट कर रहा है।जिस भारतीय शासन और राजनीति का केंद्रीय तत्व ही अल्पसंख्यकवाद रहा हो आज वह तत्व तिरोहित हो चुका है।इसके साथ ही हिंदुत्व की बात और इसके संपुष्टि के कार्य जब देश के शीर्ष शासन में अब नियमित हो गए है तब इस डराने और दबाने की सियासत का पिंडदान तय है।इसी डर ने देश भर के वाममार्ग को आज खुद अंदर से भयादोहित कर रखा है अपनी दुकानों को बचाने की कवायद में यह बुद्धिजीवी भारत के मुसलमानों को एक उपकरणों की तरह प्रयोग कर रहे है।भारत में 70 साल बाद भी अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक की राजनीति असल में एक सुनियोजित राजनीति ही है।2014 के बाद इस राजनीति का अंत असल में नए भारत का अभ्युदय ही है जिसमें सबका साथ सबका विश्वास अगर आकार लेगा तो कुछ लोग बौद्धिक विमर्श में बेरोजगार ही हो जाएंगे है ।इस षडयंत्र को आज भारत के मुसलमानों को गहराई से समझने की जरूरत है।याद कीजिये यूपीए के कार्यकाल में एक बिल लाया गया था÷साम्प्रदयिक लक्षित हिंसा निरोधक कानून÷इसे हर्ष मन्दर जैसे जनवादी बुद्धिजीवियों ने सोनिया गांधी की सरपरस्ती में बनाया था।इस बिल का मसौदा हिंदुओ को घोषित रूप से साम्प्रदायिक रूप से हिंसक साबित करता था।इसके प्रावधान अंग्रेजी राज से भी कठोर होकर हिंदुओ और मुसलमान को स्थाई रूप से प्रतिक्रियावादी बनाने वाले थे।तब भारत की बहुलता इसलिये खतरे में नही दिखी क्योंकि इसे बनाने वाले हर्ष मन्दर जैसे चेहरे थे।आज यही हर्ष मन्दर नागरिकता बिल पर खुद को मुसलमान घोषित करना क्यों चाहते थे इसे आसानी से समझा जा सकता है।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

आँखे बड़ी ढीठ

ये आँखे भी ना बड़ी ढीठ हैं...... लाख समझाने के बाद भी ...... उमड़ आती है सावन की बदली सी... और भिगो जाती हैं रुखसार मेरे.... नादान रह ही नही पाती... तुझसे गुफ्तगू करे बगैर...उफ़.।

सविता वर्मा गजल

इन्सानियत की कीमत

20 मोटरसाइकिलें - 14 लाख 10 कारें - 50 लाख 3 बसें - 75 लाख 4 ओबी वैन - 6 करोड़ कुल - 7 करोड़ 39 लाख इतना कुछ जला दिया गया आज और साथ में इन्सानियत..... अरे हाँ एक बात बताना भूल गये ....हमारे देश में इन्सानियत की कोई कीमत नहीं है...।

- नेहा अग्रवाल नेह

ख़ास पाती

एक चाँद आसमां में

एक चाँद आसमां में एक पहलू में मेरे वो है इतना दूर ये इतना पास वो निकले सिर्फ रात में ये सदा रहे साथ मेरे वो है चाहत सबकी ये सिर्फ मेरी वो छुप जाए बादलों की ओट में ये बाहों में मेरी है दमकती रोशनी उसकी है चहकती महक इसकी एक चाँद आसमां में एक पहलू में मेरे वो एक ख्वाब भर ये एक हकीकत बोल चाँद है न चाँद मेरा प्यारा जिस से है मेरी ज़िन्दगी में ये चाँदनी एक चाँद आसमां में एक पहलू में मेरे।।

- मीनाक्षी सुकुमारन

रात की चाँदनी से मैंने चाँद चुराया

आज रात की चाँदनी से मैंने चाँद चुराया है टाँक कर छज्जे पर ,आँगन में सजाया है। मैंने प्रेम को समेट कर चोटी में गुंथ लिया है कुछ नरगिसी फूलों को उनके संग किया है। एक महक उठ रही है इस सब्ज- ए-गुलिस्तां में मैंने नूर -ए --नजर को निगाहों में कर लिया है। सिन्दूरी है आसमां भी , तारों ने रंग दिया है। चाहत का कारंवा है जो मेरे संग हुआ है। है कुछ इशारे भी इस मखमली घरोंदे में मेरी रूह का एक रिश्ता इसमें ढल गया है।

- दिव्या राकेश शर्मा

दिले नादान का इक़रार ले के आया हूँ

दिले नादान का इक़रार ले के आया हूँ तुम्हारे वास्ते मैं प्यार ले के आया हूँ दुआएं दोस्तों की दीपकों की लौ सरीखी मैं अपनी रूह का आभार लेके आया हूँ सितम तूफान का भी हार कर ही लौट गया मुकाबिल हौसला हर बार ले के आया हूँ।

- मित्र ग़ाज़ियाबादी

मन में उग आये विचारों के जंगल

मन में उग आये विचारों के जंगल कुछ कुछ वर्षा वन जैसे है दरख्तो पर उग आते हैं दरख्त... फिर दरख्तो पर उगे दरख्तों पर उग आती है शैवाल की हरी काई भी नमी.. नमी.. बस नमी सोचती हूं इस भीगे जंगल मे कभी आग धधक जाये सूख जाये सारी नमी जल जायें.. दरख्तो पर उग आये दरख्त और उन पर जमी काई भी पूर्वाग्रहो का नष्ट हो जाना ही उनकी श्रेष्ठ परिणिती।- **सरिता त्रिवेदी**

शरणार्थियों और घुसपैठियों में अंतर

शरणार्थियों और घुसपैठियों में अंतर समझिए शूर्पनखा, मारीच, कालनेमि घुसपैठिए थे जबकि विभीषण शरणार्थी किसके साथ क्या और कैसा व्यवहार करना है श्रीरामचरित मानस से सीखिए?? हमारे पवित्र ग्रंथ और इतिहास ही उज्जवल भविष्य की शिक्षा देता है।

- भोमेश मोदी

धुँध-चाँदनी के आवरणों में

जन्म-जन्मांतरों से, धुँध-चाँदनी के आवरणों में, नीले झील के तट पर, अनिमेष नीहारता पथिक, वह कौन है ? झील-पागल ? झील घर नहीं आ सकती, सुराही की गर्दन, हर सुबह निर्जल होती है। - **शेष अमित**

बहुत अच्छा लगा है प्यार के पैगाम का मुक्तक

बहुत अच्छा लगा है प्यार के पैगाम का मुक्तक। कभी जो काम न आये कहो किस काम का मुक्तक। तुम्हारे काम जो आये तो अपने काम में ले लो - हमारे काम आता है तुम्हारे नाम का मुक्तक ।

- राहुल कुम्भकार

लघु कथा

जीवन दान

रात के दो बज रहे है , आईसीयू में लाईफस्पोर्ट्स मशीनों की आवाजें वातावरण को भयावह बना रही थी। संगीता चार दिन से यहाँ एडमिट है एक सडक दुर्घटना के बाद जीवन ङ्क मृत्यु के बीच झूल रही थी। सौरभ हैरान ङ्क परेशान कभी इस डाक्टर तो कभी उसके पास चक्कर लगा रहा है , दवाई ला रहा है । इलाज लगातार चल रहा है। आज रात फिर डाक्टर रंजन ने कहा था : मिस्टर सौरभ आप अपने कमरे में जा कर सो जाईये तीन रात हो गयी है जागते हुए , संगीता का इलाज चल रहा है ,दवाईयें रिस्पांस कर रही है बस थोड़ा समय लगेगा। डाक्टर कह कर चले गये लेकिन सौरभ की आँखो से नींद कौसो दूर थी। वह वहीं कुर्सी पर बैठ गया ,और एक चलचित्र सा चल निकला : जीवन के 30 साल कैसे गुजर गये मालूम ही नहीं पड़ा, बच्चों की जिम्मेदारी, गृहस्थी का खर्च सब एक सीमित तनख्वाह में संगीता ने बखूबी किया। बच्चे अपने घर द्वार के हो गये , लेकिन सब विदेश में । जीवन के हर कठिन मौड़ पर संगीता साथ रही , उसके बिना जीवन की कल्पना से ही सिरहन सी होने लगती है । शायद यही समर्पण है , रात को दस बजे सोने और सुबह आठ बजे उठने वाले सौरभ की आँखो में चार दिन से नींद नही थी। तभी संगीता में कुछ हलचल हुई सौरभ की तिन्दा टूट गयी थी। समाने सौरभ को देख कर उसकी आँखो से आंसू बह रहे रहे थे । सौरभ ने एक बार संगीता का हाथ अपने हाथ में लिया फिर डाक्टर को बुलाने भागा उसे लग रहा था, संगीता के साथ साथ उसे भी जीवन दान मिला है। डाक्टर आ गये थे और संगीता के सामने ही कह रहे थे : मिस्टर सौरभ अब संगीता खतरे बाहर हैं, लेकिन इस उम्र में भी आप दोनों का प्यार और समर्पण ही है जो यह मौत के मुँह में जा कर भी लौट आई ।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1784 - जॉन जे अमेरिका के पहले विदेश मंत्री बने। 1898 - मैरी क्यूरी और उनके पति पियर ने रेडियम की खोज की। 1910 - इंग्लैंड के हुलटन में कोयला खदान में हुए विस्फोट में 344 श्रमिकों की मौत। 1914 - अमेरिका में पहली मूक हास्य फीचर फिल्म ÷तिल्लीस पंचर्ड रोमांस÷ रिलीज हुई। 1923 - ब्रिटेन के संरक्षित राज्य के दर्जे से मुक्त होकर नेपाल पूर्ण स्वतंत्र देश बना। 1931 - अर्थर वेन का बनाया दुनिया का पहला क्रॉसवर्ड न्?यूयॉर्क वर्ल्?ड अखबार में प्रकाशित हुआ। 1937 - रंगीन चित्रों और आवाज वाली पहली कार्टून फिल्म-डिजनीस स्नो व्हाईट- का प्रदर्शन किया गया। 1949 - पुर्तग़ाली शासकों ने इंडोनेशिया को संप्रभु राष्ट्र घोषित किया।

एनआरसी-सीएए के विरोध में आवाज बुलंद, आगे जेल भरो आंदोलन

- मुस्लिम समुदाय के साथ मंच पर नजर आए दलित भी
- काले गुब्बारे आसमान में छोड़ जताया विरोध
- इंकलाब.जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा आसमान

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। केन्द्र सरकार के नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) और जल्द ही राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनआसी) की प्रक्रिया शुरू किए जाने की घोषणा के विरोध में शुक्रवार को जामा मस्जिद सेक्टर.6 के ईदगाह मैदान में बड़ा प्रदर्शन हुआ। खास बात यह थी कि इसमें सिर्फ मुस्लिम ही नहीं थे बल्कि बड़ी तादाद में दलित.पिछड़ा समाज के लोगों ने भी मंच साझा किया।

शुक्रवार को भारी पुलिस बल की व्यवस्था के बीच जुमे की नमाज के बाद सेक्टर.6 ईदगाह मैदान में भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट, जामा मस्जिद सेक्टर.6 और रजा जामा मस्जिद कैम्प.2 के संयुक्त तत्वावधान में यह विरोध प्रदर्शन सभा आयोजित की गई। इसकी तैयारी शहर की सभी मस्जिदों में तमाम अंजुमनों की ओर से की गई थी। दुर्ग व भिलाई की तमाम मस्जिदों में काली पट्टी के साथ नमाज अदा की गई और शांतिपूर्ण जुलूस की शक्ल में लोगों का हुजूम नमाज के बाद ईदगाह मैदान पहुंचा। जामा मस्जिद सेक्टर.6 के साबिक पेशईमाम हजरत मौलाना अजमुलुद्दीन हैदर ने एडीएम गजेंद्र सिंह ठाकुर को इस संबंध में ज्ञापन सौंपा और मंच से ही केंद्र सरकार की इन कोशिशों के विरोध में काले गुब्बारे उड़ाए गए। सभा में मौजूद लोगों ने हाथ में तिरंगा झंडा लेकर संविधान बचानेए देश की एकता बचानेए इस कानून को

वापस लेने बैनर व पोस्टर लेकर भी अपना विरोध प्रकट किया। निजामत कर रहे मौलाना गुलाम मोहियुद्दीन ने साफ किया कि इस तरह की कोशिशें मुल्क को बांटने वाली है और यह मसला किसी एक समुदाय का नहीं बल्कि समूचे हिंदुस्तान का है। रजा जामा मस्जिद कैम्प.2 के इमाम मुफ्ती कलीम अशरफ ने कहा कि आज यहां हम कुरआन के लिए नहीं बल्कि संविधान के लिए एकजुट हुए हैं और यही इस मुल्क की खुबसूरती है कि यहां गैर मुस्लिम भाई.बहन भी समर्थन देने आए हैं।

सेक्टर 6 जामा जस्जिद के पेश ईमाम हाफिज इकबाल अंजुम हैदर ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि जैसे एक घर बनाने के लिए ईंट, रेट सीमेंट की जरूरत होती है इसी प्रकार संविधान को बचाने को लिए आज हिन्दू मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी को एकजुट होना पड़ेगा। पहले हम जिस तरह गोरों से लडने सभी कौम के लोग एकजुट हुए थे,

आज फिर वही वक्त आ गया है कि हम सभी कौम के लोग गोरों के इन वंशजों और गोडसे को महान बताने वालों से लड़ना है। उन्होंने खास तौर पर मौलाना फजले हक खैराबादी की याद दिलाई, जिन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ जेहाद का सबसे पहले फतवा दिया था। वहीं अशफाक उल्लाह खान और रामप्रसाद बिस्मिल की सांझी शहादत का भी जिक्र किया।

इस दौरान बौद्ध समाज के अनिल मेश्राम, आल इंडिया पिछड़ा वर्ग फाउंडेशन के अध्यक्ष गिरधर मढ़रिया, ब्राइट एसोसिएशन के बालेश्वर चौरे, कांग्रेस के प्रभाकर जनबंधु, छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा एवं लोकतांत्रिक इस्पात एवं इंजीनियरिंग मजदूर यूनियन (लोइमु) से कलादास डेहरिया, जेपी नायर, मूल निवासी समाज से एल उमाकांत, लक्ष्मीनारायण कुंभकार सहित महिलाओं ने ईदगाह मैदान पहुंचकर अपना समर्थन दिया और मुस्लिम समाज के साथ कंधा से कंधा मिलाकर इसका पुरजोर विरोध किया। इस दौरान पूर्व पार्षद गफ्फार खान, नूर मोहम्मद, हाजी एमएच सिद्दीकी, लाल मोहम्मद, शमशीर कुरैशी, अय्यूब खान, अनीस खान, तौकीर खान, मोहम्मद इमरान खान, मुर्तुजा हुसैन, इब्राहिम, अजहर, अलीम, फखरुद्दीन, जफर अहमद, हाफिज खान, सुब्हान, बेचन रिजवी, सैलानी अशरफी, गुलाम सैलानी, हाजी कलाम, जकी अहमद, शाहिद रज्जन, अमीर अहमद, वहीदुल्लाह और जमील अहमद सहित दुर्ग व भिलाई की तमाम मस्जिदों से हजारों की तादाद में मुस्लिम समाज के लोग इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए।

इमाम ने चूमा अंबेडकर का फोटो

पूरी विरोध सभा के दौरान उस वक्त आसमान इंकलाब.जिंदाबाद के नारों से गूंज उठाए जब भीड़ में मौजूद लोगों से डॉ. बाबा साहब अंबेडकर का फोटो मंच पर लेकर इमाम इकबाल अंजुम हैदर ने उसे चूमा और बताया कि आज इनके संविधान की वजह से हम महफूज हैं और इसे बदलने की किसी भी कोशिश का सख्त विरोध होगा। उन्होंने कहा कि अभी तो हम घरों से निकले हैं और हमारी खानकाहों से पहल होनी बाकी है। उन्होंने बताया कि अगर सरकार इन विवादास्पद और काले कदमों से पीछे नहीं हटती है तो खानकाहों से जेल भरों आंदोलन की शुरूआत होगी, जिसमें हम सब भी शामिल होंगे। मौलाना इकबाल अंजुम ने आगे कहा कि घर में मां बाप भूखे हैं और केंद्र सरकार पड़ोसी पर मेहरबानी वाला काम कर रही है।

न्यूज गैलरी

शैक्षिक भ्रमण

भिलाई। श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी के शिक्षा विभाग के चम्पारण में समुदायिक शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इसमें बीएड़ और एमएड के 222 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों द्वारा चम्पारण में जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण, सविधान जागरूकता, योग, पॉलीथीन का कम से कम उपयोग करने तथा कन्य भ्रूण हत्या से संबंधित नारे लगाये गये। विद्यार्थियों ने ग्राम-चम्पारण की सामाजिक, आर्थिक तथा शैक्षिक स्थिति को समझने के लिए सर्वेक्षण कार्य किया।

कक्षाएं प्रारंभ

भिलाई। प्रोफेशनल कैरियर एवं कम्प्यूटर्स डॉ. संतोश राय इंस्टीट्यूट के संचालक डॉ. राय ने बताया कि बी.कॉम. फ्रैस कोर्स की कक्षाओं में प्रवेष प्रारंभ हो चुका हैं। बी.कॉम. प्रथम वर्श की पहली बैच 20 दिसम्बर एवं बी.कॉम. द्वितीय, तृतीय की बैच 2 जनवरी से प्रारंभ हो रहा हैं। कॉमर्स की एक मात्र ऐसी संस्था हैं।

चुनाव में 10 के नोट की सीरिज वाली गड्डी का अजीबो-गरीब फंडा

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। चुनाव प्रचार थम गया। लेकिन शाम से ही चुनाव प्रबंधन का निर्णायक दौर शुरू हो गया। यह खेल आज शुक्रवार को भी दिन भर चला। मतदाताओं का वोट पाने के लिए गिफ्ट, लिफाफे, कंबल, साड़ी, बिछिया, दारू बांटने का खेल पूरे उफान पर चलता रहा। रात के अंधेरे में चुपके.चुपके माल सप्लाई होता रहा। शाम से शुरू हुए इस खेल में आज दिन भर दोबारा नए सिरे से छानबीन की गई कि कहीं कोई छूटा तो नहीं। कोई कमी तो नहीं रह गई। मतदाताओं को भुगतान के लिए शहर के चार वार्डों में 10 के नए नोटों की सीरिज वाली गड्डी का अजीबो-गरीब फंडा चला। एक प्रत्याशी तो बाकायदा गंगाजल के लोटे पर मतदाताओं का हाथ रखवाकर शपथ ले रहा है कि नोट लेने के बाद दगाबाजी नहीं करेगा।

सबसे पहले 10 के नोट की बात करें। पिछले चुनाव में एक

एक वोट की कीमत 1 हजार से 3 हजार तक

वार्ड में 10 के नोट का खेल काफी सफल रहा। प्रत्याशी के कई रिश्तेदार मतदाताओं को 1 हजार रुपए का भुगतान करने के साथ ही उसे 10 रुपए का नोट भी थमाया। मतदान करने के बाद 10 का वही नंबर वाला नोट लाने पर फिर से एक हजार रुपए का भुगतान किया गया। इसके लिए बाकायदा 10 के नए नोटों की सीरिज वाली गड्डी का प्रयोग किया गया। चुनाव में भारी मतों से जीतने के बाद इस बार भी चुनाव में उस प्रत्याशी ने इसी फंडे से भुगतान किया। खास बात ये है कि बगल वाले वार्ड में इस बार दो.दो प्रत्याशियों ने इस फंडे को अपनाया है। इसी तरीके से मतदाताओं को भुगतान की व्यवस्था की जा रही है। एक प्रत्याशी के खासमखास समर्थक ने नाम और वार्ड की शिनाख्त न होने देने की शर्त पर बताया कि वार्ड में दोनों प्रमुख प्रत्याशियों ने 10.10 के नोटों की नई सीरिज की गड्डी की व्यवस्था की है। गड्डी से एक नोट निकालकर हर मतदाता को दिया जा रहा है। साथ में एक से दो हजार रुपए तक भुगतान भी किया जा रहा है। मतदान के बाद इसी नंबर का नोट दोबारा लाने पर उसे इतनी ही राशि फिर दी जाएगी। ये खेल जबर्दस्त तरीके से हिट हो गया है। मतदाता दगाबाजी कर ले तो भी प्रत्याशी को पता नहीं चलेगा। कई मतदाता दोनों प्रत्याशियों से वोट की कीमत लेने के साथ 10 का नोट ले रहे हैं। वोट देने के बाद दोबारा वसूल करेंगे। वोट किसे देंगे, पता नहीं। इस समस्या से निबटने के लिए कई प्रत्याशी बाकायदा कसम खिला रहे हैं।

आज सुबह 8 से शाम 5 बजे तक मतदान

नगरीय निकाय चुनाव के लिए आज सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। नगर निगम के 60 वार्डों में प्रत्याशियों ने जमकर चुनाव प्रचार किया। नामांकन वापसी के बाद प्रत्याशियों के बीच रैली, झंडे, पोस्टर, फ्लैक्स, और जनसंपर्क अभियान की जंग लगातार तेज होती रही। कई वार्डों में आरोप.प्रत्यारोप के दौर भी चले। गुरूवार की रात 12 बजे चुनाव प्रचार थम गया। लेकिन शाम से ही चुनाव प्रबंधन का निर्णायक दौर शुरू हो गया। मतदाताओं का वोट पाने के लिए गिफ्टए लिफाफे, कंबल, साड़ी, बिछिया बांटने का खेल अब पूरे शबाब पर है।

अब जोन से न्यू संपत्तिकर आईडी नंबर होगा जारी

भिलाई। नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत राजस्व वसूली के संबंध में आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी द्वारा बैठक ली गई थी, इस बैठक में आयुक्त ने राजस्व वसूली को लेकर गहरी नाराजगी व्यक्त की थी जिसके बाद लगातार राजस्व की वसूली को लेकर समीक्षा बैठकों का दौर जारी है। 16 दिसंबर को उपायुक्त अशोक द्विवेदी ने भी राजस्व विभाग के अधिकारियों, जोन के आयुक्त एवं स्पैरो सॉफ्टेक प्रा. लिमिटेड के कर्मचारियों की बैठक लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए थे। बैठक में उन्होंने निगम क्षेत्र अंतर्गत डोर टू डोर संपत्तिकर, समेकितकर, जलकर, विज्ञापन कर, यूजर चार्ज इत्यादि की वसूली कार्य हेतु स्पैरो को आदेशित किया था। अब जोन में भी न्यू संपत्तिकर आईडी नंबर होगा जारी। जोन कार्यालयों में मैसर्स स्पैरो सॉफ्टेक प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा राजस्व करों के भुगतान हेतु काउंटर तो स्थापित किया गया है परंतु जोन कार्यालय में करदाता अपने स्वामित्व के भवनध्भूमि और संपत्तिकर जमा करने के लिए करदाता को न्यू संपत्ति कर आईडी कोड जनरेट कराने मुख्य कार्यालय आना पड़ता है। उपायुक्त द्विवेदी ने न्यू संपत्ति कर आईडी नंबर जोन स्तर पर भी जारी किए जाने के निर्देश दिए हैं साथ ही निगम क्षेत्र अंतर्गत स्थित भवनों, भूमियों में संपत्तिकर आईडी नंबर के साथ उपभोक्ता कोड भी जोन क्षेत्रों में जनरेट करने कहा है।

गंदगी फैलाने पर टीम ने लिया जुर्माना

भिलाईनगर। निगम की उड़नदस्ता टीम ने आज फरीदनगर, चन्द्रनगर, वैशालीनगर व कोहका सहित निगम के विभिन्न क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले व्यवसासियों से प्रतिबंधित पानी पाउच, प्रतिबंधित प्लास्टिक, कैरीबैग, एक्सपायरी पेय एवं खाद्य पदार्थ तथा दुकान का सामान बढ़ाकर व्यवसाय करने वालों पर कार्यवाही करते हुए कुल 10 हजार का अर्थदण्ड वसूलते हुए दोबारा इस प्रकार से न करने की समझाईस दी। वार्ड क्रमांक 38 मे सफाई कार्य निरीक्षण के लिए नियुक्त किए गए।

आम-सूचना

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार क्लिटस मोयलन उम्र 47 साल पिता श्री एम.ए. कुन्हीपालू निवासी सड़क नं. 1-बी मकान नं. बी/339 स्मृतिनगर जुनवानी भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) जो कि क्लिटस मोयलन पिता श्री एम.ए. कुन्हीपालू के नाम से जाना पहचाना एवं संबोधित किया जाता है मेरे पक्षकार के आधार कार्ड एवं पेन कार्ड में भी क्लिटस मोयलन पिता श्री एम.ए. कुन्हीपालू नाम दर्ज है। किन्तु मेरे पक्षकार के पासपोर्ट में क्लिटस कुन्हीपालू मोयलन पिता श्री एम.ए. कुन्हीपालू दर्ज है जो सही नही है। उसका सही नाम क्लिटस मोयलन पिता श्री एम.ए. कुन्हीपालू है। मेरे पक्षकार के सभी अभिलेखों में क्लिटस मोयलन पिता श्री एम.ए. कुन्हीपालू दर्ज है वह इसी नाम से जाना पहचाना एवं संबोधित किया जाता है। क्लिटस मोयलन पिता श्री एम.ए. कुन्हीपालू तथा क्लिटस कुन्हीपालू मोयलन पिता श्री एम.ए. कुन्हीपालू दोनों नाम मेरे पक्षकार के ही है तथा दोनों एक ही व्यक्ति है। मेरा पक्षकार अपने पासपोर्ट में दर्ज नाम क्लिटस मोयलन पिता श्री एम.ए. कुन्हीपालू को बदल कर अपने आधार काडर्ज व पेन कार्ड में दर्ज नाम क्लिटस मोयलन पिता श्री एम.ए. कुन्हीपालू को ही अपने पासपोर्ट में दर्ज करवाना चाहता है।

अतः मेरे पक्षकार का पासपोर्ट में एवं आधार कार्ड व पेनकार्ड में नाम परिवर्तन के संबंध में यह आम सूचना प्रकाशित है।

स्थान : दुर्ग
दिनांक : 20.12.19

एन रविकुमार
अधिवक्ता : मकान नं. 218/ सी. सड़क नं. 19 स्मृतिनगर भिलाई नगर दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्रीमती लता यादव पति श्री आशीष यादव उम्र 31 वर्ष निवासी क्वार्टर नं. 5/डी. सड़क नंबर 9 सेक्टर 6 भिलाईनगर तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) की हूं। मेरी पुत्री कुमारी रेया यादव कक्षा पहली की छात्रा है जिसकी जन्मतिथि 13.08.2013 है जो कि वर्तमान में नाबालिक है। जन्म प्रमाण अनुसार मेरी पुत्री का नाम कुमारी रेया यादव माता (त्रुटिवश) श्रीमती कुसुमलता यादव से पहचानी एवं पुकारी जाती थी मैं अपनी पुत्री की माता का सही व वास्तविक नाम बदलकर कुमारी रेया यादव माता श्रीमती लता यादव रख ली हूं अब मेरी पुत्री अपने परिवर्तित नाम कुमारी रेया यादव माता श्रीमती लता यादव से जानी पहचानी एवं पुकारी जाती है।

अतः जन्म प्रमाण पत्र, शैक्षणिक व अर्द्धशासकीय एवं अन्य अभिलेखों एवं दस्तावेजों में मेरी पुत्री का नाम कुमारी रेया यादव माता श्रीमती कुसुमलता यादव है जिसे आगे भविष्य में मैं अपने पुत्री के संपूर्ण जन्म प्रमाण पत्र सहित शैक्षणिक, शासकीय व अर्द्धशासकीय एवं अन्य अभिलेखों/ दस्तावेजों में सही व वास्तविक पारिवर्तित/ संशोधित नाम कुमारी रेया यादव माता श्रीमती लता यादव लिखना चाहती हूं।

स्थान : दुर्ग
दिनांक : 20.12.19

श्रीमती लता यादव
निवासी : क्वार्टर नंबर 5/डी सड़क नंबर 09 सेक्टर-06 भिलाईनगर तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

श्रीराम कथा श्रीराम ज्ञानयज्ञ एवं श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के छठें दिन कथावाचक राष्ट्रीय संत ने कहा।

बिना समर्पण के भगवान नहीं मिलते : चिन्मयानंद बापू

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। श्रीराम जन्मोत्सव समिति एवं जीवन आनंद फाउण्डेशन द्वारा आयोजित श्रीराम ज्ञानयज्ञ एवं श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के छठें दिन कथावाचक राष्ट्रीय संत चिन्मयानंद बापू ने श्रीराम चरित मानस को भारतीय भावनाओं का पिटारा बताया। उन्होंने कहा कि भक्ति धारा की गहराई में उतर जाना ही श्रीराम को पा लेना है । प्रभू को पुकारना है तो उसमें प्रेम और प्रीत दोनों चाहिए। चिन्मयानंद बापू ने कहा कि बिना समर्पण के भगवान नहीं मिलते। श्रीराम कथा के राम.सीता प्रसंग का बखान करते हुए उन्होंने बताया कि भगवान श्रीराम व

सीता का विवाह कोई आम विवाह नहीं है। यह तो भक्ति स्वरूपा मां सीता और ज्ञानमयी राम का मिलन है। विवाह के समय लिए जाने वाले सात फेरे व सात वचन गृहस्थ जीवन को सुखमय बनाते हैं। पति व पत्नी दोनों को ही सात फेरे व सात वचनों को निभाना चाहिए। इससे उनके जीवन में कोई कष्ट नहीं होगा, जीवन में सदैव आनंद ही आनंद होगा।बापू ने कहा कि विश्वामित्र के साथ भगवान राम और लक्ष्मण जनकपुरी पहुंचे। वे अपने गुरुदेव के लिए पूजा के फूल लेने राम.लक्ष्मण बगीचे में जाते हैंए जहां पहले से ही पूजा के फूल लेने के लिए माता सीता अपनी सखियों के साथ मौजूद रहती हैं। जैसे ही सीता की नजर भगवान राम पर पड़ती है, तो उन्हें बचपन में देवर्षि नारद की कही गई बात याद आती है। नारद ने सीता से बचपन में कहा था कि इस बगीचे में कोई भी पुरुष फूल तोडऩे के लिए नहीं आएगा और जब एक श्याम वर्ण पुरुष इस बगीचे में प्रवेश करेगा तो समझ लेना वहीं तुम्हारा जीवन साथी बनेगा। श्यामवर्ण भगवान श्रीराम को देखकर माता सीता समझ गईं कि यही हैं जो उनके जीवन साथी बनेंगे। संत चिन्मयानंद ने कहा कि मनुष्य के जीवन में सभी संस्कार महत्वपूर्ण हैं। विवाह संस्कार व्यक्ति के गृहस्थ जीवन की शुरुआत होती है। आयोजनस्थल पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय सपपत्निक पहुंचे। वहीं पूर्व महिला एवं बाल विकास मंत्री रमशीला साहू एवं दयाराम साहू भी शामिल हुईं। कार्यक्रम में मनीष पाण्डेय, विनोद सिंह, इंद्रजीत सिंह (छोटू), चंदन सिंह भदौरिया, श्रीनिवास खेड़िया, राजू श्रीवास्तव, जोगिंदर शर्मा, जयशंकर चौधरी, रूपेश वर्मा, राकेश श्रीवास्तव, प्रकाश यादव, शंकर केड़िया, अजीत सिंह, मेवा लाल, मनजीत सिंह, कुबेर नारायण अग्रवाल, प्रशांत पाण्डेय, सेवकराम साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

आम-सूचना

(दिनांक 03.12.2015 को प्रकाशित आमसूचना से संबंधित)

अपने पक्षकार से मिले अधिकार एवं निर्देशानुसार आम जनता एवं संबंधितों के लिए सूचित करता हूं कि मेरे पक्षकार श्री डी.के. रुसिया को शेष राशि बतौर चेक जमा करने जटार क्लब दुर्ग से दी गई मूल रसीद गुम हो गई है अतः वास्तविक विवरण एवं सूचना प्रकाशित है। श्री नायर क्लब कर्मचारी को बतौर शेष राशि बैंक ऑफ इंडिया दुर्ग का चेक क्रं. 056700 राशि 5.00.000/- रुपए (अक्षरी पांच लाख रुपए) एवं चेक क्रमांक 056701 से राशि 5.00.000/- (अक्षरी पांच लाख रुपए) इस तरह कुल राशि 10.00.000/- रुपए (अक्षरी दस लाख रुपए) जमा की गई। मेरे पक्षकार द्वारा जानकारी चाहने पर श्री नायर द्वारा अगले वर्ष में हिसाब करना बताया गया परंतु आज दिनांक तक हिसाब नहीं किया गया तथा कितनी राशि वसूल करना है अवगत नहीं कराया गया। मेरे पक्षकार द्वारा पूर्व की राशि तथा शेष राशि अनुसार कुल राशि 13.00.000/- रुपए (अक्षरी तेरह लाख रुपए) राशि जमा कर दी गई है। अतः वास्तविक राशि की गणना कर अधिक जमा की गई राशि क्लब प्रबंधन, मेरे पक्षकार को वापस लौटावे। मेरा पक्षकार अधिक जमा की गई राशि वापस प्राप्त करने क हक रखता है अथवा विवरण में दर्शित दोनों चैक वापसकर शेष राशि मेरे पक्षकार से क्लब प्रबंधन प्राप्त कर लेवें। दोनों चेक वापिस न करने की स्थिति में श्री नायर को दी गई दोनो चेक की राशि भी क्लब को देय मानी जाकर कुल राशि 13.00.000/- रुपए राशि गणना में शामिल कर अधिक जमा राशि क्लब प्रबंधन मेरे पक्षकार को लौटाने हेतु बाध्य होगा तथा मेरे पक्षकार राशि वापस प्राप्त करने का हक एवं अधिकार रखता है।

अतः उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था शासन वगै. को कोई आपत्ति दावा उजर हो तो प्रकाशन दिनांक से 07 दिनों के अंदर दावा आपत्ति निम्न पते पर मय दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात की गई दावा आपत्ति अमान्य माना जावेगा।

सो सूचना जाने।

मुहर

नारदराम साहू
अधिवक्ता तहसील परिसर दुर्ग
मो. 9770579275

DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR AT

797-II, 'Shantikunj, South Civil Lines, Jabalpur (MP)
(Jurisdiction MP & CG)
(Under Rule 53 of the Second Schedule to the Income Tax Act, 1961)

NOTICE TO DECLARATION OF ASSETS
RC 154/18

PUNJAB NATIONAL BANK ....Certificate Holder
VS
M/s. Maha Gauri Fly Ash Bricks & Others ....Certificate Debtors

(01) **M/s. Maha Gauri Fly Ash Bricks,** Village- Bhaisamunda Tehsil- Kartala, Distt- Korba (C.G.)
(02) Smt. Hira Bai Sharma W/o. Late Shri Tara Chand Sharma
(03) Shri Sanjay Sharma S/o. Late Shri Tara Chand Sharma Through his Month and Local Guardian **Smt. Hira Bai Sharma** (2 & 3 R/o. Nagar Panchayat Tundra, Kasdole, Baloda Bazar, Bhatapara) (C.G.)

Whereas You are Certificate Debtors have failed to pay the Dues as per RC drawn up by the Hon'ble Presiding Officer Debts Recovery Tribunal, Jabalpur (MP)

It is ordered that you the said Certificate/Judgements Debtors are hereby directed to declare on affidavit the particulars of assets owned by you.

It is further order that you should attend the Court of Recovery Officer, DRT, Jabalpur or through counsel duly instructed on **25.02.2020** with affidavit of particular of assets owned by you/CDs.

Given under my hand and seal of the Tribunal **19th December, 2019.**

(Satish Solanki)
Recovery Officer-2

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग

//आम सूचना//

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री टी.जी. राधाकृष्णा पिल्लई आ. स्व. गोपाल पिल्लई निवासी कुरुद भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग द्वारा भवन क्रमांक सी.एच.-1122 कुरुद भिलाई जिला दुर्ग में आंबटित है। आबंटी श्री टी.जी. राधाकृष्णा पिल्लई के द्वारा भवन का विक्रय पत्रक एवं फ्री-होल्ड निष्पादन पश्चात उक्त फ्लैट को बयनामा रजिस्ट्री के आधार पर श्री राजेश नायर आ. श्री राधाकृष्णन नायर के नाम विक्रय कर दिया गया है। नवीन क्रेता श्री राजेश नायर के द्वारा पंजीकृत दस्तावेज आधार पर उक्त फ्लैट का स्वामित्व मंडल अभिलेख में अपने नाम पर दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः उक्त भवन नवीन क्रेता श्री राजेश नायर के नाम हस्तान्तरण/नामांतरण पर यदि किसी व्यक्ति, वारिसानों, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, वृत्तिय निकायों आदि को कोई आपत्ति उजर हो तो ,इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मूल दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकते है। म्याद/ अवधि समाप्त हो जाने के बाद प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एंव नामान्तरण की कार्यवाही करने में मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 16.12.2019 को जारी किया गया हैं।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र- दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्रं./291/अ-02/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक आसिफ खान आ. रहीम खान निवासी लुचकीपारा दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम कसारीडीह प.ह.न. 25 अ तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 687/652 रकबा 0.025 हें/ 2685 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के प्रस्तुत प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13.12.2019 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्रं./अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अशोक कुमार बाघडे पिता बुधराम आर बाघडे निवासी कर्मचारी नगर दुर्ग मौजा सिकोला प.ह.न 08 रा.नि.मं. दुर्ग 02 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 55/3 रकबा 1500 वर्गफीट के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 04.07.2011 को हो जाने के कारण वारीसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/ आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 30.12.2019 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.12.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./350/अ-06/वर्ष 2018-19

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुखमणी साहू पति बुद्धुराम साहू निवासी ग्राम आमापारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह दुर्ग तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 602/16 रकबा 0.008 हें भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार दुकाला पति बुद्धुराम साहू की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानो का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10.01.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19.12.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./324/अ-06/वर्ष 2018-19

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दानग्रहिता गोविंद चंद्राकर पिता स्व. सघराम चंद्राकर निवासी ग्राम शीतला नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 917/54 रकबा 800 वर्गफुट हें भूमि को दानकर्ता श्रीमती सोहद्रा बाई पति स्व. सघराम चंद्राकर निवासी ग्राम शीतला नगर दुर्ग से रजिस्टर्ड दानपत्र दिनांक 28.11.2019 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड दानपत्र के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30.12.2019 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 11.12.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित, पण्डरिया, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

Email: Lspsskm@gmail.com

// निविदा/अल्पनिविदा सूचना//

निविदा विज्ञप्ति क्र.- दिनांक 19/12/2019

2500 टी.सी.डी. के शक्कर कारखाना, पण्डरिया में 01. सायलो सिस्टम से शुगर गोदाम तक शुगर कनवेयर बेल्ट मेन्टेनेन्स एवं संचालन कार्य हेतु, 02. जे.सी.बी. किराया हेतु 03. इंडस्ट्रीय ए.सी. 1.5 टन क्रय हेतु एवं अन्य। शक्कर कारखाना, पण्डरिया में पेराई सत्र 2018-19 एवं 2019-20 में उत्पादित 01. शक्कर एस-30 विक्रय हेतु इच्छुक फर्मों से मुहर बंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है।

उक्त निविदा कार्यालय लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित, पण्डरिया में खोली जावेगी। निविदा पत्रक क्रय एवं जमा करने की तिथि, नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र कारखाने के वेब साइट www.Lspssk.co.in में देखा जा सकता है।

महाप्रबंधक (प्रशा.)

सात नगरीय निकायों के लिए मतदान आज

- उम्मीदवारों की संख्या 520, मतदान की सभी तैयारियां पूरी
- कलेक्टर ने सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील की

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। नगर पालिका आम चुनाव 2019 के अंतर्गत जिले के 7 नगरीय निकायों में पार्षद चुनाव के लिए 21 दिसम्बर को मतदान होगा। मतदान सुबह 8 बजे से शुरू होकर शाम 5 बजे तक चलेगा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जयप्रकाश मौर्य ने बताया कि नगरीय निकायों के पार्षद चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी हो गई है। नगर पालिका आम चुनाव में 7 नगरीय निकायों नगर पालिक निगम राजनांदगांव, नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ तथा नगर पंचायत छुईखदान, गंडई, छुरिया, डोंगरगांव और अंबागढ़ चौकी में पार्षदों का चुनाव हो रहा है। सातों नगरीय निकायों में मतदाताओं की संख्या

एक लाख 89 हजार 073 है। इनमें 97 हजार 141 महिला मतदाता एवं 91 हजार 927 पुरूष मतदाता शामिल है। नगर पालिक निगम राजनांदगांव में मतदाताओं की संख्या एक लाख 24 हजार 601 है। नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ में 28 हजार 321 मतदाता के नाम नगर पालिका आम चुनाव की मतदाता सूची में दर्ज है। नगर पंचायत छुईखदान में 5 हजार 609, नगर पंचायत गंडई में 9 हजार 562, नगर पंचायत छुरिया में 3 हजार 5, नगर पंचायत डोंगरगांव में 11 हजार 162 तथा नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी में 6 हजार 813 मतदाता है। नगर पालिक निगम राजनांदगांव में 2 तृतीय लिंग तथा नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ में 3 तृतीय लिंग मतदाता है।

श्री मौर्य ने बताया कि नगर पालिक निगम राजनांदगांव के 51 वार्डों में 198 उम्मीदवार, नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ के 24 वार्डों में 78, नगर पंचायत छुईखदान के 15 वार्डों में 44, नगर पंचायत गंडई के 15 वार्डों में 45, नगर पंचायत छुरिया के 15 वार्डों में 38, नगर पंचायत डोंगरगांव के 15 वार्डों में 51 तथा नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी के 15 वार्डों में 66 उम्मीदवार हैं। श्री मौर्य ने बताया कि राजनांदगांव नगर पालिक निगम में 150 मतदान केन्द्र तथा नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ में 32 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। बाकी सभी नगर पंचायतों में 15-15 मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं।

कलेक्टर श्री मौर्य ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने नगर निकायों के सभी मतदान केन्द्रों में सेल्फी जोन भी रहेगा। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान दिवस के लिए दो पोस्टर प्रकाशित कराए गए हैं। इनमें से एक पोस्टर सेल्फी जोन में चस्पा किए जाएंगे। दूसरा पोस्टर मतदान प्रक्रिया के संबंध में होगा।

न्यूज गैलरी

डोंगरगांव के विद्यार्थियों ने किया भौगोलिक भ्रमण

राजनांदगांव। शासकीय डॉ.बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगांव में प्राचार्य डॉ. बीएन मेश्राम के मार्गदर्शन में गत 18 दिसंबर को बायो बीएससी भाग तीन के विभागाध्यक्ष सुश्री रेणुका ठाकुर एवं अतिथि व्याख्याता डॉ. सोहनलाल, पारथ साहू, सुश्री देवश्री, राकेश कुमार सहित 60 छात्र-छात्राओं ने भौगोलिक भ्रमण किया। इस भ्रमण में विद्यार्थियों ने भोरमदेव अभ्यारण्य के क्षेत्र में चिल्फी घाटी, भोरमदेव मंदिर एवं आस-पास के बायो डाइवर सिटी पेड़-पौधों एवं वहाँ के जीवों का भी अध्ययन किया गया।

लापरवाही बरतने वाले स्टाफ को आयुक्त ने किया बाहर

राजनांदगांव। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत घर घर से कचरा एकत्र कर पृथक पृथक करने नगर निगम द्वारा शहर के लगभग 20 स्थानों पर एसएलआरएम सेंटर का निर्माण किया गया, जिसके सफल संचालन के लिये सुपरवाईजर एवं सहायक सुपरवाईजर सहित अन्य कर्मचारी रखा गया है। जमातपारा एसएलआरएम सेंटर के सुपरवाईजर श्रीमती जागेश्वरी लहरे एवं रेवाडीह एसएलआरएम सेंटर के सहायक सुपरवाईजर आबेल फ्रांसिस द्वारा अपने कार्य में लापरवाही बरतने पर आयुक्त चंद्रकांत कौशिक ने उन्हें कार्य से बंद कर दिया है।

शीतलहर से बचने अलाव का सहारा

राजनांदगांव। नगर निगम द्वारा शीत ऋतु पर नगर के निर्धनों एवं श्रमिक जनों को कड़ाके की ठंड से बचाने के लिए शहर के प्रमुख स्थानों में अलाव जलाया जा रहा है और शीतलहर से बचने सुरक्षित उपाय भी करने की समझाई दी जा रही है। उक्त आशय की जानकारी देते हुये नगर निगम आयुक्त चंद्रकांत कौशिक ने बताया कि छत्तीसगढ सहित राजनांदगांव में बढ़ते ठंड के कारण शीतलहर को ध्यान में रखते हुये इसके बचाव के लिये नगर निगम द्वारा शहर के प्रमुख स्थानों रेल्वे स्टेशन, पुराना बस स्टैंड के पास एवं नया बस स्टैंड के पास आज से अलाव जलाया जा रहा है।

मतदान केन्द्र में मोबाईल प्रतिबंधित

राजनांदगांव। नगरीय निकाय निर्वाचन के तहत् मतदान के दिन 21 दिसम्बर को मतदान केन्द्रों के भीतर मोबाईल फोन प्रतिबंधित रहेगा। इस संबंध में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। नगरीय निकाय आम चुनाव के दौरान मतदाताओं द्वारा मतदान केन्द्र के भीतर मोबाईल फोन ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जयप्रकाश मौर्य ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि वे मतदान केन्द्र में मोबाईल लेकर न आए। यदि मोबाईल फोन लेकर आते हैं तो मतदान केन्द्र के बाहर उसे सुरक्षित रखने की व्यवस्था सुनिश्चित कर ले। निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी जिन्हें मतदान केन्द्र में प्रवेश का प्राधिकार है वे अपने साथ मोबाईल रख सकेंगे।

नि:शुल्क कैंसर शिविर का आयोजन 28 को

राजनांदगांव। कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय कैंसर, मधुमेह, हृदय एवं स्ट्रोक रोग की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए नि:शुल्क कैंसर जॉच एवं परामर्श शिविर का आयोजन 28 दिसम्बर को किया जा रहा है।

सतगुरू मोबाईल में हुई चोरी का खुलासा

- 1 शातिर नकबजन गिरफ्तार
- चोरी हुये 5 नग मोबाईल सहित 4500 रूपये नगदी बरामद
- घटना में प्रयुक्त मोटरसायकल जप्त

राजनांदगांव। प्रार्थी डोमन दास साहू आ. नारायण लाल साहू निवासी ईरा द्वारा थाना सोमनी आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि सोमनी बस स्टैंड स्थित प्रार्थी का सद्गुरू मोबाईल शॉप है। 14 दिसंबर को प्रार्थी शाम को दुकान बंद कर कर ताला लगाकर अपने घर ईरा चला गया था तथा दूसरे दिन 15 दिसंबर को सुबह जब दुकान खोलने के समय आया तो देखा की दुकान में लगे शटर का ताला टुटा हुआ था अंदर जा कर देखने पर दुकान में रखे 5 नग नये मोबाईल एवं नगदी 6000 रूपये कुल जुमला 53,190 रूपये को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर थाना

सोमनी में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। वरिष्ट पुलिस अधीक्षक बीएस ध्रुव के निर्देशन में अति. पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान में एवं नगर पुलिस अधीक्षक एसएस शर्मा के मार्गदर्शन में एवं निरीक्षक श्रीमती सुषमा सिंह थाना प्रभारी सोमनी के नेतृत्व में थाना सोमनी की टीम द्वारा लगातार अपराधी पतासाजी पर कार्य कर रही थी। 18 दिसंबर की रात्रि गश्त के दौरान एक युवक संदिग्ध अवस्था में क्षेत्र में मोटर सायकल से घुमते हुये देखा गया जिसे रोक कर पूछताछ की कई जिसके द्वारा संतोषजनक जवाब नही दिया गया संदेह होने पर सतत् एवं सघन पूछताछ करने पर बताया कि वह 14 दिसंबर 2019 की रात्रि सोमनी बस स्टैंड स्थित सतगुरू मोबाईल दुकान का शटर का ताला तोड़ कर मोबाईल एवं नगदी चोरी किया है, जिसे बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा था बताये जाने पर आरोपी योगेन्द्र कुमार पिता ठाकुर राम उम्र 23 वर्ष निवासी पीपरखार थाना देवरी जिला बालोद को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से चोरी गई 5 नग मोबाईल एवं नगदी 4500 रूपये जुमला 50771 रूपये सहित घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक सुषमा सिंह थाना प्रभारी सोमनी, उप निरीक्षक महेश रजक, आरक्षक गोवर्धन, राकेश सोनी की भुमिका सराहनीय रही।

ग्राम-सेम्हराडीह में बांगड पब्लिक स्कूली छात्रों द्वारा इंधन सर्वेक्षण किया गया

बलौदाबाजार। श्री सीमेंट के आवासीय परिसर ग्राम-भरूवाडीह में श्री फाऊडेंशन ट्रस्ट द्वारा संचालित बांगड़ पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने दिनांक 19 दिसम्बर 2019 को ग्राम-सेम्हराडीह में लगभग 40 घरों मे जाकर इंधन सर्वेक्षण किया। सर्वेक्षण के दौरान घरों की गृहणियों से मिलकर इंधन के लाभ एवं हानि को बताया। सर्वेक्षण से पता चला कि ज्यादातर घरों में एल.पी.जी और कुछ घरों में लकड़ी एवं कोयले का उपयोग किया जाता है। हर घर में यह जानकारी दी गई कि पेड़ को काटना तो बहुत आसान होता है लेकिन एक पेड़ को बनने में वर्षों लग जाते हैं और कोयले

से कार्बनडाईऑक्साइड एवं कार्बन मोनोऑक्साइड जैसी गैस निकलती है जो हमारे फेफड़े के लिए हानिकारक है, जिससे अस्थमा और टी.बी. जैसी घातक बिमारियां होती है। इससे निकलने वाला धुआं हमारी आंखों को भी नुकसान पहुंचाता है। इसलिए घरों में खाना पकाने के लिए सदैव एल.पी.जी. का ही उपयोग करना चाहिए। छात्रों का यह सर्वेक्षण बांगड़ पब्लिक स्कूल के संचालक राजेश सरकार के मार्गदर्शन में तथा स्कूल की शिक्षिका पारस वसंत गुप्ता के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

घासीदास जयंती पर पंथी नृत्य के साथ निकाली शोभायात्रा

बलौदाबाजार/रिसदा। गुरु घासीदास बाबा की 263वीं जयंती पूरे प्रदेश के सभी गांवों में धूमधाम से मनाई गई। जयंती के मौके पर समाज के कई लोग पूरे दिन उपवास रहते हैं। जो नहा धोकर अपने घर और चौक-चौराहे पर स्थित जैतखाम की पूजा अर्चना किए। गांव के साटीदार, भंडारी, संत, महंत और समाज के सभी लोग एकत्रित होकर एकदूसरे के घर पहुंचकर बाबा की आरती गीत के साथ पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। वहीं सतनामी समाज की पूजा में शामिल होने वाले प्रसाद में मालपुआ रोठ और नारियल के फल विशेष होते हैं। मालपुआ जिसे बोबरा चीला के नाम से जानते हैं जिसका अपना एक अलग पहचान है जो कि काफी स्वादिष्ट होता है इसे सतनामी समाज द्वारा घर-घर बनाए जाते हैं। इस दिन बाबा के जन्म भूमि व कर्मभूमि, तपोभूमि गिरौदपुरी घाम में 18 दिसम्बर कें दिन भारी संख्या में लोग जुटे रही। श्रद्धालु मन्नात मांगने के लिए मत्था टेककर आशिर्वाद लेते है। । सुख-समृद्धि की कामना करते है। रिसदा में ग्राम के भंडारी लोमश घृतलहरे के घर से प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सादा झंडा साथ ही बाबा जी के चरण खडाऊ के साथ साथ सत्य के प्रमाण स्वारूप ज्योति कलश के साथ डिजे में बाबा जी की छायाचित्र लेकर पुरे गांव में शोभयात्रा निकाली गयी शोभा यात्रा के दौरान पंथी पार्टी अपनी टोलियो के साथ नृत्य प्रदर्शन भी किये शोभा यात्रा से आने के बाद ग्राम के बोईर पिपर चौक बने जोड़ा जैत खांम में पालो यानी सादा - झंडा चड़ाया गया रात्रि में अलग अलग गांवो से पंथी टोलियां आयी थी जो बारी बारी से अपने नृत्य का प्रदर्शन किया जिसका ग्राम के लोगों ने भरपूर आनंद लिया इस कार्यक्रम में ग्राम के सतनामी समाज के प्रमुख लोग भारत टण्डन, लोमश घृतलहरे, शिवदास, गंगाराम खुटे, जिवनदास घृतलहरे, लिला घृतलहरे, घनेश भारती राजकुमार बंजारे, मोहित बंजारे, संदीप बंजारे, कुंदन कुर्रे, संतोष कुर्रे, ननकी घृतलहरे, सहित ग्राम के सभी मसाज के उपस्थिति में जंयती कार्यक्रम संपन्ना हुआ।

ईमामी सीमेंट तथा महिला बाल विकास द्वारा रिसदा में सुपोषण कार्यक्रम संपन्न

बलौदाबाजार। ईमामी सीमेंट लिमिटेड के यूनिट हेड अनंत कुमार महोबे तथा टेक्निकल हेड दिलीप कुमार शर्मा के सतत् मार्गदर्शन में शासन के महिला एवं बाल विकास विभाग स्वास्थ्य विभाग तथा

ईमामी सीमेंट के संयुक्त तत्वाधान में आज ग्राम रिसदा में सुपोषण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मुख्य रुप से ईमामी सीमेंट की ओर से लाईजन एवं सीएसआर से धनंजय सिह सिनियर मैनेजर सीएसआर चन्द्रशेखर उपाध्याय महिला एवं बाल विकास विभाग से परियोजना अधिकारी श्रीमती मुन्नी पंत रिसदा सेक्टर सुमपरवाईजर श्रीमती निर्मला वर्मा चाईल्ड लाईन की ओर से समन्वयक रेखा शर्मा काउंसलर गीता वर्मा, गायत्री शक्ति पीठ से पुष्पा वर्मा, पिंकी यादव ग्राम पंचायत रिसदा से महिला पंच श्रीमती रेखा वर्मा, श्रीमती भगवती जायसवाल, के साथ ही ग्राम रिसदा की आंगनवाडी कार्यकर्ता चारुलता, दिनेश्वरी, शारदा, धनेश्वरी, हेमकुमारी, कुकुर्दी आंगनवाडी कार्यकर्ता सामबती, रेवती, पूर्णिमा, ढनढनी आंगनवाडी कार्यकर्ता सीमा बांधेकर ईश्वरी मानिकपुरीए सिलाई एवं ब्यूटिशियन प्रशिक्षण केन्द्र की प्रशिक्षिका एवं प्रशिक्षार्थी, गर्भवती एवं शिशुवती महिलाए और वरदान स्व सहायता समूह की महिलाएं, बडी संख्या में ग्रामीण भी उपस्थित थे ।

स्कूली बच्चों को ठंड से बचाने दिया गया स्वेटर

भाटापारा। शा.पूर्व मा.शाला सूरजपुरा मे अध्ययन रत कक्षा सातवी एव आठवी के 80 बच्चों को भिलाई के प्रसिद्ध शुभम ज्वेलर्स ग्राम झिट पाटन जिला दुर्ग द्वारा स्वेटर प्रदान किया गया, इस पुनीत कार्य श्री मति पावनी गुप्ता शिक्षक पंचायत के प्रयास से संभव हुआ।इस अवसर पर प्रधान पाठक श्री जयलाल कश्यप, तेजराम वर्मा शिक्षक, श्री मति सुशीला वर्मा श्री मति रामेश्वरी साहू एव स्वीपर संतोषी वर्मा जमुना ध्रुव अंजली वर्मा सरस्वती वर्मा आदि उपस्थित थे।

निर्वाचन की सभी तैयारियां पूर्ण

बिलाईगढ़ । अनुविभागीय मुख्यालय बिलाईगढ़ के अंतर्गत नगर पंचायत निर्वाचन बिलाईगढ़ के लिए निर्वाचन की सभी तैयारियां पूर्ण किया जा चुका है आज होने वाले मतदान के लिए पोलिंग पार्टी भी संबंधित मतदान केंद्रों में पहुंच गए हैं ।

प्राप्त समाचार के अनुसार नगरीय निर्वाचन 2019 के तहत नगर पंचायत बिलाईगढ़ में आज 21 दिसंबर को होने वाले मतदान की सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी है यहां 15 वार्ड में मतदान के लिए प्रत्येक वार्ड में मतदान केंद्र बनाया गया है ।स्ट्रांग रूम बिलाईगढ़ से आज मतदान दल अपने-अपने मतदान केंद्रों में भी पहुंच गए हैं ।रिटर्निंग अधिकारी बिलाईगढ़ के एल सोरी ने बताया कि शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान हेतु नगर में 2 दिन पूर्व ही जिला कलेक्टर बलोदा बाजार एवं एसपी बलौदा बाजार के नेतृत्व में पुलिस फ्लैग मार्च किया गया था श्री सोरी ने आगे बताया कि 15 वार्ड के लिए 15 मतदान केंद्र बनाया गया है प्रत्येक मतदान केंद्र में पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी चार की ड्यूटी लगाई गई है सुरक्षा कर्मी पृथक से तैनात किया गया है ।5 मतदान केंद्र के पीछे एक एक सेक्टर अधिकारी भी बनाया गया है।

लोककला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

- स्वास्थ्य शिविर में लोगों को बांटे गये दवाई

राजनांदगांव। नेहरू युवा केन्द्र, राजनांदगांव (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) द्वारा जिला स्तरीय लोककला एवं सांस्कृतिक प्रोत्साहन कार्यक्रम का आयोजन ग्राम मिरचे विकासखंड अंबागढ चौकी में 16 दिसंबर 2019 को किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि इंद्रशाह मंडावी (विधायक), शिवचरण अमरिया (अध्यक्ष, जनपद पंचायत), मनीष निर्मल (उपाध्यक्ष, जनपद पचंयात), बीएल देहारे (सीईओ), सोहन चंद्रवंशी (सरपंच), मो. नासिर बाठी (थाना प्रभारी, चिल्हाटी), देवेश कुमार (जिला युवा समन्वयक) एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में नेहरू युवा

केन्द्र राजनांदगांव के जिला युवा समन्वयक देवेश कुमार ने उक्त कार्यक्रम की बारे में विस्तार से बताया एवं नेहरू युवा केन्द्र की विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

उक्त कार्यक्रम में क्षेत्र विभिन्न युवा-युवती मंडल के सदस्यों द्वारा छत्तीसगढ़ की संस्कृति को बाचये रखने के लिए विभिन्न लोककला, पारंपरिक गीत एवं सांस्कृतिक नृत्य, पंथी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति से समा बांधा। इसके साथ ही विभिन्न शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं मुद्दों पर हास्त प्रहसन एवं नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। साथ ही शासन की योजना नरवा, गरूवा, घुरूवा, बाडी, एड्स नियंत्रण जैसे योजनाओं को जन-जन तक पहूंचाया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें टिम्मन साहू प्रथम, हेमचंद परतेती द्वितीय एवं कुंती तृतीय स्थान प्राप्त किया।

फैसले की घड़ी | **मतदान दल शहर के सभी बुथो के लिए रवाना**

31 वार्डों के 47500 मतदाता आज करेंगे वोटिंग

नवप्रदेश संवाददाता

भाटापारा। भाटापारा नगरपालिका चुनाव मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है शहर के 31 वार्डो के पार्षद चुनने के लिए लगभग 47500 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। सभी मतदान दलो को बुथो के लिए रवाना कर दिया है। मतदान सुबह 8 से शाम 5 बजे तक होगा।

नगरीय निकाय चुनाव के लिए आज होने वाले मतदान के लिये निर्वाचन 2019 हेतु मतदान की प्रक्रिया निर्वाचन अधिकारियों व्दारा तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है , दिनांक 21

दिसम्बर को मतदान कार्य संपन्न होगा जिसके लिये ,आज सुबह गठित मतदान दलो को 31 वार्डो के 57 मतदान केन्द्रो में सुरक्षित पहुंचाया गया । इस बार मतदान ईव्हीएम मशीन से न होकर ,बेलेट पेपर से कराया जा रहा है । इस बार निर्वाचन प्रक्रिया में महिलाओं को भी लिया गया है । निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार भाटापारा के 31 वार्डो में कुल मतदाताओं की संख्या लगभग 47500 है जिसमें पुरूष वर्ग 23209, महिला वर्ग 24287 एवं अन्य 04 है । शहर में इस बार मतदान केन्द्रो की संख्या 57 है जिसमें सामान्य मतदान केन्द्र 27, संवेदनशील मतदान केन्द्र 12, अति संवेदनशील 18 है । वार्ड क्रमांक 01 में कुल मतदाताओं की संख्या 1618, वार्ड क्रमांक 02 में कुल मतदाताओ की संख्या 1162 , , वार्ड क्रमांक 03 में मतदाताओं की संख्या 1427 , वार्ड क्रमांक 04 में मतदाताओ की संख्या 1795 , वार्ड क्रमांक 05 में मतदाताओं की संख्या 1566, वार्ड क्रमांक 06 में मतदाताओं की संख्या 940 है।

टोल फ्री को लेकर चेम्बर ऑफ कामर्स ने सीएम को ज्ञापन सौंपा

राजनांदगांव। प्रदेश के मुख्यमंत्री भुपेश बघेल के राजनांदगांव आगमन पर चेम्बर ऑफ कामर्स की ओर से हेलीपैड पर ठाकुरटोला टोल प्लाजा राजनांदगांववासियों के लिए फ्री करने को लेकर ज्ञापन सौपा। वहां पर उपस्थित सभी नेताओं ने चेंबर के पदाधिकारियों की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए बात सुनने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कुछ देर रूककर चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष ज्ञानचंद बाफ्ना की बात सुनी। चेंबर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष ज्ञानचंद बाफ्ना के कहा कि टोल प्लाजा में गाड़ियों की लंबी लाईन तथा शुल्क से राजनांदगांव की जनता परेशान है। इस पर त्वरित कार्यवाही करने का मुख्यमंत्री से निवेदन किया।

तकनीकी सुधार के साथ अच्छी किस्म की शक्कर उत्पादन शुरू

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना में आई तकनीकी समस्या को सुधार कर लिया गया है। सुधार के बाद अच्छी किस्म के शक्कर उत्पादन भी शुरू हो गया है। कलेक्टर अवनीश कुमार शरण ने भोरमदेव शक्कर कारखाना का निरीक्षण करते हुए शीघ्र ही तकनीकी सुधार कर उच्चगुणवत्ता के साथ शक्कर उत्पादन शुरू करने के निर्देश दिए थे। भोरमदेव शक्कर कारखाना के प्रबंध संचालक भूपेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि शक्कर कारखाना में सल्फर डाईआक्साईड सप्लाई होने वाले पाईप में तकनीकी समस्या आ गई थी। तकनीकी टीम द्वारा समस्या को सुधार कर लिया गया है। गन्ना पेराई शुरू कर दिया गया है, जिससे अच्छी किस्म के शक्कर का उत्पादन शुरू हो गया है।

उल्लेखनीय है कि शक्कर कारखाना कवर्धा में गन्ने की खरीदी एवं पेराई एक दिसंबर 2019 से प्रांरभ कर दी गई है। अब सूचारू रूप से पेराई प्रारंभ कर शक्कर उत्पादन भी होने लगा है। इस गन्ना पेराई वर्ष में अब तक 11611 मीट्रिक टन गन्ने की पेराई कर लगभग 9000 क्विंटल शक्कर का उत्पादन भी कर लिया गया है। भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा के द्वारा पेराई सीजन 2019-20 में 4.50 लाख मेट्रिक टन गन्ना खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पेराई सत्र 2019-20 में कारखाना कार्यक्षेत्र में गन्ने का

सत्यापन कार्य कलेक्टर द्वारा राजस्व, कृषि, सहकारिता एवं शक्कर कारखाना के फिल्ड कर्मचारियों का दल गठित कर जिले में उपलब्ध गन्ने

का ग्रामवार किसानवार सर्वे कार्य एवं डाटा एण्ट्री का कार्य पूर्ण करा लिया गया है। कारखाना कार्यक्षेत्र के तीन विकासखण्डों में कुल 266 ग्रामों के 16002 गन्ना उत्पादक किसानों के द्वारा 11004 हेक्टेयर रकबे में गन्ना बोया गया है। जिले में 55 टन प्रति हेक्टेयर के मान से गन्ने की उपलब्धता 6.05 लाख मे.टन अनुमानित है। भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा द्वारा गन्ना आपूर्ति पर्ची जारी की जावेगी जिसकी सूचना कृषकों को उनके रजिस्ट्रर्ड मोबाईल नंबर से प्राप्त हो सकेगा।

केन्द्र सरकार द्वारा वर्तमान पेराई सत्र 2019-20 हेतु गन्ने का समर्थन मूल्य (न्यूनतम लाभकारी मूल्य) 261.25 रूपये प्रति क्विंटल 9.5 प्रतिशत रिकव्हरी के लिए निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त 9.5 प्रतिशत से प्रत्येक 0.1 प्रतिशत अधिक रिकव्हरी प्राप्त होने पर राशि 2.75 रूपये के मान से भुगतान की पात्रता रहेगी। इस सीजन में कारखाने में गन्ना खरीदी एवं पेराई दिसंबर 2019 से अप्रैल 20 तक किया जायेगा।

शक्कर कारखाना के कर्मचारियों की मांग पूरी नही होने पर रोष व्याप्त

कवर्धा। भोरमदेव कर्मचारी कल्याण संघ के अध्यक्ष नरेंद्र सिन्हा ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि छत्तीसगढ़ के प्रथम शक्कर कारखाना कर्मचारी कल्याण संघ, कवर्धा के नियमित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा लगभग डेढ़ वर्ष से लंबित मांगो को लेकर एकजुट हो गई है, संघ द्वारा पूर्व में किये गए मांग जैसे महंगाई भत्ता, पदोन्नति , क्रमोन्नति , सहित 8 सूत्रीय विभिन्न मांगों को लेकर एक बार फिर अपनी मांगो को प्रबंधन के समक्ष दोहराई। ज्ञात हो कि लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गए थे कारखाना प्रबंधन द्वारा हड़ताल में गए अधिकारि/कर्मचारियों को मांग पूर्ण करने संबंधी आश्वासन भी दिया था एवं प्रस्ताव पंजीयक सहकारी संस्थाएं को प्रेषित भी किया , मांग पूरी किये जाने के आश्वासन के चलते हड़ताल भी समाप्त कर दी गयी थी, किंतु इस संबंध में आज तक किसी भी प्रकार की कार्यवाही नही की गई है, न ही किसी भी प्रकार का लाभ दिया जा रहा फलस्वरूप संघ के अधिकारी/कर्मचारियों में रोष व्याप्त है , संघ ने 10 दिवस के भीतर अविलंब मांगो को पूरी करने का निवेदन प्रबंधन से किया गया , अन्यथा की स्थिति में संघ के द्वारा भविष्य में अपनी मांगों को लेकर उचित कदम उठाने बाध्य रहेंगे।

बांस के सहारे टिके विद्युत के तार, दुर्घटना की आशंका

नवप्रदेश संवाददाता

पांडातराई। विद्युत विभाग हमेशा सुर्खियों में रहती है। चाहे बिजली की लचर व्यवस्था हो अनाप शनाफ बिजली बिल। इसके बाद भी नया मंजर सामने लाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

जुगाड से हर काम किया जा रहा है तो बांस बल्ली के सहारे विद्युत सप्लाई क्यों नहीं की जा सकती। यह हम नहीं विभाग की अजीबों गरीब कारनामे से खुद दिखाई दे रहा है। विद्युत पोस की जगह बांस बल्ली के सहारे हाई वोल्टेज तार दौडा रहे हैं। नगर पंचायत पांडातराई के वार्ड क्रमांक 4 में विद्युत पोल की जगह बांस के सहारे सप्लाई दिया गया है। बकायदा बांस की ऊपरी सिरे पर क्लेम्प की जगह तार को बांध दिया है। जिसमें करीब 11 केवी वोल्ट सप्लाई दौड़ रही है। हर वर्ष विद्युत विभाग द्वारा मेंटेनेश के नाम पर मोटी रकम खर्च की जाती है। इसके बाद भी विद्युत की लचर व्यवस्था आए दिन सामने आती है। हर वर्ष आग जनी की घटनाएँ

भी होती रहती हैं। जिसमें अधिकतर शार्ट सर्किट की मुख्य वजह बताई जाती है। इससे यह समझ नहीं आती कि विद्युत विभाग किन कार्यों के लिए हर वर्ष मोटी रकम खर्च कराते हैं। वहीं विभाग लगातार विद्युत व्यवस्था में सुधार की बात करते हैं।

खतरे की आशंका

विद्युत विभाग का यह नया करनामे हादसे को बुलावा दे रहा है। कब कोई हादसा हो जाए कुछ कहा नहीं जा सकता। हवा के झोंके से बांस कभी भी गिर सकता है। जिससे करंट सप्लाई तार नीचे गिर कर बड़ा हादसा हो सकता है।

तार के वजन से झुक रहा बांस

बांस पूरी तरह झुक गया है। जो कभी भी अनहोनी घटना घट सकती है। शायद विभाग को इससे कोई मतलब नहीं है। जहां विद्युत की सप्लाई बांस के सहारे हो रही है। जिससे आए दिन हादसे का डर रहता है।

इन्दौरी में आयुष स्वास्थ्य शिविर 27 दिसंबर को

कवर्धा। समीपस्थ ग्राम पंचायत इन्दौरी में 27 दिसंबर शुक्रवार को आयुष स्वास्थ्य मेला और चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है । शिविर में आयुर्वेद के विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा नए पुराने जटिल रोगों की निःशुल्क जांच व उपचार किया जाएगा । शिविर प्रभारी डॉ गिरीश कुमार साहू नें बताया कि आयुष शिविर ग्राम इन्दौरी के गांधी चौक में आयोजित होगा। जिसमें चर्म, उदर , श्वास रोग, पुराना सर्दी खांसी, बुखार, वात रोग , स्त्री रोग , बालरोग, उच्चरक्तचाप, मधुमेह, पीलिया, खून की कमी , कमजोरियों के रोगियों की जांच व उपचार की जाएगी ।

जिला प्रभारी सचिव ने किया स्वास्थ्य शिविर का निरक्षण

कवर्धा। जिला प्रभारी सचिव आर प्रसन्ना एक दिवसीय प्रवास पर ग्राम गुढ़ा पहुंचे । जहां उन्होंने हाट बाजार स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया । श्री प्रसन्ना नें शिविर प्रभारी सहायक चिकित्सा अधिकार प्रशांत राय से स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से आम नागरिकों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली । उन्होंने शिविर और निकटतम के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दवाओं की उपलब्धता की भी जानकारी ली ।

मतदाताओं के भाग्य का फैसला आज 24 को निकलेगा चुनावी परिणाम

नवप्रदेश संवाददाता

पाण्डातराई। 21 दिसंबर को सुबह 8 बजे से मतदान की प्रक्रिया षुरू होगी ऐसे में मतदाताओं को रिझाने सुबह से लेकर रात तक प्रयास जारी रहा वही प्रत्याषियों की धड़कने तेज हो गई है अंतिम समय में प्रत्याषी द्वारा मतदाताओं को अपने पक्ष में लाने हर संभव प्रयास किया गया गुरूवार रात से ही चुनाव प्रचार पर पाबंदी लगा दी गई है मतदान के लिए समय कम होने के कारण प्रत्याषी पुरी ताकत के साथ मतदाताओं के रिझाने में जुटे रहे मतदान के पूर्व षुक्रवार को वार्डो में प्रत्याषियों द्वारा मतदाताओं को रिझाने हर संभव प्रयास किया गया। नगर पंचायत बनने के बाद से लगातार भाजपा हावी रही है इस चुनाव में कांग्रेस की स्थिति मजबुत नजर आ रही है नगर के सभी 15 वार्डो में कांग्रेस के पास 8 से अधिक सीटे आने की संभावना है जबकी भाजपा इस बार 4 से 5 सीटों के बीच सिमटती नजर आ रही है वही इस बार निर्दलीय प्रत्याषियों की भी अधिकता रहने की संभावना है। नगरीय निकाय चुनाव के लिए 21 दिसंबर को मतदान होना है नगर पंचायत चुनाव का आखरी घमासान चल रहा है जनसंपर्क के

साथ प्रत्याषी मतदाताओं को अपने-अपने पक्ष में करने तमाम हतकंडे अपना रहे है निकाय चुनाव में कई वार्डो में राष्ट्रीय पार्टी के बागी प्रत्याषियों ने चुनावी समर में अपनी ताल ठोकी है और चुनावी समीकरण बनाने बिगाड़ने में जुटे हुए है कुछ वार्डो में त्रिकोणीय संघर्ष के आसार नजर आ रहे है इन सब के बीच नगर पंचायत चुनाव रोचक होता दिख रहा है नगर पंचायत के 15 वार्डो में पार्षद पद के लिए 43 प्रत्याषी मैदान में है। नगर पंचायत पाण्डातराई में अब तक कांग्रेस का अध्यक्ष नही बना है नगर पंचायत में इस बार अप्रत्यक्ष प्राणाली से चुनाव होगा इस वजह से दोनो ही दलो ने वार्ड में पार्षदों की संख्या बढ़ाने जोर अजमाईष षुरू कर दिया है पाण्डातराई में भाजपा को वापसी की चाह रहेगी तो वही कांग्रेस नगर पंचायत में काबिज होने की उम्मीद से चुनाव लड़ रही है 15 वार्ड वाले नगर पंचायत पाण्डातराई का यह तीसरा निकय चुनाव है नगर पंचायत में कांग्रेस अब तक खाता ही नही खोल पाई है प्रदेष में कांग्रेस की सत्ता आने के बाद इस बार समीकरण बदल गया है।

स्थानीय मुद्दे ज्यादा नहीं उठ रहे

निकाय चुनाव कों लेकर घमासान अंतिम दौर में है पहली बार देखा जा रहा है कि निकाय चुनाव में स्थानीय मुद्दे अधिक नही उठ रहे है वार्ड की समस्याओ और सुविधाओं के बदले प्रात्याषियों के चेहरे पर अधिक चर्चे हो रहे है कुछ दिग्गज चेहरों को वार्ड बदलकर चुनाव लड़ना पड़ रहा है कुछ वार्ड में चेहरे दिग्गज होने के चलते वह वार्ड चर्चा का केन्द्र बिन्दु बन गया है। यह सभी राजनीतिक गणितग्याओं ने पहली नजर बनाई हुई है नगर पंचायत चुनाव पूरे षबाब पर है और आज मतदान होने को है। ऐसे मे दो प्रमुख दलों कांग्रेस भाजपा प्रत्यासियों के अलावा इस बार 43 प्रत्याषी अपना भाग्य अजमा रहे है अध्यक्ष पद का चुनाव अप्रत्यक्ष प्राणाली होने के कारण वार्ड चुनाव काफी महत्वपूर्ण हो गया है अध्यक्ष पद सामान्य होने के कारण कई दिग्गज चुनाव मैदान में है और ये पार्षद बन नगर पंचायत अध्यक्ष बनने का सपना संजोए है।

रोजगार हेतु केरियर में विषय का सही चुनाव बहुत आवश्यक हैं : लक्ष्मीकांत

लवन। सरस्वती शिशु मंदिर लवन में निशुल्क केरियर गाइडेंस सेमिनार का आयोजन किया गया । जिसमें 9 वी तथा 10 वी से लगभग 60 बालक बालिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैरियर सलाहकार लक्ष्मीकांत साहू ने केरियर से संबंधित विभिन्न जानकारीयां दी। लक्ष्मी कांत साहू ने बताया कि दसवीं के बाद ग्यारहवीं कक्षा में विषय का चुनाव हमारे जीवन तथा हमारे कैरियर का चुनाव होता है। 11वीं कक्षा में विषय का चुनाव ही आगे किसी भी क्षेत्र में जाने के लिए शिक्षा का आधार होता है। यदि 11वीं कक्षा में गलत विषय का चुनाव हो जाता है तो फिर छात्र का पूर्ण भविष्य गलत दिशा में अग्रसर होता है। कैरियर में सही विकल्प चुनने से रोजगार के लिए भटकना नहीं पड़ता, उनके लिए रोजगार के ढेर सारे अवसर होते हैं।

15 वार्ड के लिए 69 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला आज

नवप्रदेश संवाददाता

लवन। नगर पंचायत लवन के 15 वार्डो के लिए किए जा रहे है पार्षद पद का चुनाव शनिवार 21 दिसम्बर को सम्पन्न हो जायेगा। यहां 15 वार्डो के लिए भाजपा-कांग्रेस, बसपा, जोगी कांग्रेस सहित 69 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। इन प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला मतपेटी में शांम 5 बजे के बाद बंद हो जायेगा। जिसका फैसला 24 दिसम्बर मंगलवार को होगा। मतदान का समय करीब आते ही सभी प्रत्याशियों की दिल धड़कन तेज गई है। 19 दिसम्बर को चुनावी शोरगुल थमने के बाद प्रत्याशियों ने डोर-टू-डोर एक घर में जनसम्पर्क किया। शुक्रवार को चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशी मतदाताओं से सम्पर्क कर उनका हाल चाल जानने के साथ ही साथ अपने पक्ष में वोंट करने की अपील भी किया। इस बार का चुनाव प्रत्यक्ष न होकर

अप्रत्यक्ष रूप से होने जा रहा है। पहले मतदाता नगर में अपने पसंद के प्रत्याशी को चुनता था, लेकिन इस बार का चुनाव कुछ अलग ही हो गया है, यहां मतदाता के द्वारा सीधे न चुनकर पार्षद के द्वारा अध्यक्ष का चुनाव किया जाना है। आरक्षित सीट के आधार पर ही निर्वाचित पार्षदों के द्वारा ही नगर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का चुनाव किया जाना है।

डिलीवरी के दौरान महिला को किया गया रक्तदान

कसडोल। गुरुवार को उप स्वास्थ्य केंद्र गीधौरी में अमरीका बाई पति संतोष यादव कि जचकी हुआ किन्तु महिला के शरीर में हीमोग्लोबिन कि मात्रा कम होने के कारण उसे जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार में रिफर किया गया । और शुक्रवार को जचकी महिला को रक्तदान देने के लिए सुरेन्द्र कुमार टण्डन, वाहन चालक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल ने नगर के राज सोनी से संपर्क कर गिरधर साहू पिता रमेश साहू, वार्ड नम्बर 14, बाजार चौक कसडोल को जचकि महिला एवं नवजात शिशु के स्वास्थ्य में सुधार के लिए रक्तदान महादान के लिए प्रेरित कर जिला चिकित्सालय में रक्तदान किया गया। श्री साहू द्वारा दीये गये रक्त से जचकि महिला एवं नवजात शिशु के जीवन का अमूल्य उपहार दिया है। विदित हो कि सुरेन्द्र कुमार टण्डन स्वास्थ्य विभाग के वाहन चालक संघ के प्रदेश अध्यक्ष है।

ग्राम सभा का आयोजन

नवप्रदेश संवाददाता

कसडोल। विकासखंड की ग्राम छरछेद में शुक्रवार को सरपंच द्वारा ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमे पिछले पांच वर्षो में किये गए उत्कृष्ट कार्यों में सहयोग करने वाले लोगों को ग्राम पंचायत छरछेद द्वारा साल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। श्री मानिकपुरी ने बताया कि वर्ष 2014-15 में चुनाव जीतने के बाद गांव में अवैध रूप शराब की बिक्री पर महिला कमांडो द्वारा बंद कराया गया, साथ ही गांव को स्वच्छता के क्षेत्र में पूरे छत्तीसगढ़ में सरपंच भरत दास मानिकपुरी ने प्रथम इनाम पाकर ग्राम पंचायत छरछेद और जनपद पंचायत को गौरवशाली बनाया। वही बीते पांच वर्षों में ग्राम पंचायत छरछेद ने लाखो रुपयों का विकास कार्य कराया है। मीडिया से रूबरू होते हुए श्री मानिकपुरी ने बताया कि पांच सालों में जैसा मैं सोचा हूँ उस प्रकार का विकास नही हो पाया है, अगर ग्राम पंचायत छरछेद के लोग आने वाले

चुनाव में मेरा साथ देते है और आगामी वीर फिर से सरपंच बनता हूँ तो निश्चित तौर पर गांव को विकसित प्रगति की ओर लेकर चलूंगा वही इस ग्राम सभा और सम्मानित कार्यक्रम में ग्रामीण लोग सैकड़ों के संख्या में सम्मिलित हुए थे। वही उपसरपंच सिद्धान्त मिश्रा ने गांव के वीर सपूत शहीद संतराम साहू को याद करते हुए शहीद के माता-पीता को साल श्रीफल से सम्मानित किया। सरपंच भरत दास मानिकपुरी ने गांव और शहीद के माता पिता को घोषणा किया कि आने वाले दिन में शहीद संतराम का मूर्ति गांव के चौराहे पर बनाएंगे जिससे आने वाले बच्चो को प्रेणा मिलेगा। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

निरीक्षण | **मतदान केन्द्रों के लिए मतदान दल रवाना**

कलेक्टर ने लिया मतदान सामग्री वितरण का जायजा

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। नगरीय निकाय निर्वाचन-2019 अंतर्गत गरियाबंद जिले के चार नगरीय निकायों में आज सुबह मतदान दलों को अपने गतव्य के लिए रवाना कर दिया गया। संबंधित निकायों के मतदान सामग्री वितरण केन्द्र से मतदान सामग्री वितरण कर मतदान दलों को बस से रवाना किया गया। ज्ञात है कि नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए मतदान कल 21 दिसम्बर को सुबह 8 बजे से 5 बजे तक सम्पन्न होगा। वहीं मतगणना 24 दिसम्बर को सम्पन्न होगा। जिले में कुल 30 हजार 508 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग

करेंगे। जिसमें 14 हजार 783 पुरूष एवं 15 हजार 725 महिला मतदाता हैं। जिले के एक नगर पालिका परिषद गरियाबंद एवं 3 नगर पंचायत छुरा, फिंगेश्वर एवं राजिम में निर्वाचन होना है। इन निकायों में 15-15 वार्डो के मान से कुल 60 वार्ड हैं। जिसमें कुल 242 प्रत्याशी चुनावी मैदान में है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्री श्याम धावड़े द्वारा आज सुबह गरियाबंद नगर पालिका परिषद् के लिए स्थापित केन्द्र गांधी मैदान के मंगल भवन में सामग्री वितरण का जायजा लिया गया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सुखनंदन राठौर, अनुविभागीय अधिकारी श्री जे.आर. चैरसिया, तहसीलदार श्री राकेश साहू, सीएमओ श्रीमती नीतू अग्रवाल सहित निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

गरियाबंद नगर पालिका परिषद् लिए कलेक्टर श्याम धावड़े रिटर्निंग अधिकारी होंगे। वहीं नगर पंचायत छुरा के लिए अपर कलेक्टर के.के. बेहार, नगर पंचायत फिंगेश्वर के लिए तहसीलदार श्री ओमप्रकाश वर्मा एवं नगर पंचायत राजिम के लिए अनुविभागीय अधिकारी जी.डी. वाहिले रिटर्निंग ऑफिसर होंगे। चारो निकायों में 15-15 मतदान केन्द्र पक्के भवन में स्थापित किया गया है। निर्वाचन के लिए रिजर्व सहित 4-4 सेक्टर अधिकारी, 68-68 पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी- 1,2 व 3 की ड्यूटी लगाई है। प्रत्येक निकाय में 2-2 निर्वाचन व्यय समपरीक्षक, 2-2 सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं 1-1 रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। गरियाबंद में मतदान सामग्री वापसी केन्द्र, स्ट्रांग रूम व मतगणना स्थल गांधी मैदान स्थित मंगल भवन में सम्पन्न होगा। इसी तरह नगर पंचायत छुरा में मतदान सामग्री वापसी केन्द्र, स्ट्रांग रूम व मतगणना स्थल सांस्कृतिक भवन छुरा, नगर पंचायत फिंगेश्वर में मतदान सामग्री वापसी केन्द्र, स्ट्रांग रूम व मतगणना स्थल जनपद पंचायत फिंगेश्वर व नगर पंचायत राजिम में मतदान सामग्री वापसी केन्द्र, स्ट्रांग रूम व मतगणना स्थल शासकीय राजीव लोचन महाविद्यालय राजिम में सम्पन्न होगा।

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं MAHESH DIWAN S/O KISHAN CHAND DIWAN निवासी CIVIL LINE WARD-20 PARSABHADAR BALODA BAZAR (C.G.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम MAHESH KUMAR DIWAN S/O KISHAN CHAND DIWAN रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम MAHESH KUMAR DIWAN S/O KISHAN CHAND DIWAN से ही जाना पहचाना जावे।

MAHESH KUMAR DIWAN
CIVIL LINE WARD-20
PARSABHADAR
BALODA BAZAR (C.G.)

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं KRISHNA LAL SAHU S/O BAHUR RAM SAHU निवासी H.NO.-84, WARD NO.-6, ROBA FINGESHWAR GARIYABAND (C.G.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम KRISH LAL SAHU S/O BAHUR RAM SAHU रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम KRISH LAL SAHU S/O BAHUR RAM SAHU से ही जाना पहचाना जावे।

KRISH LAL SAHU
H.NO.-84, WARD NO.-6,
ROBA FINGESHWAR
GARIYABAND (C.G.)

आज होगा महिला प्रत्याशियों का भविष्य मतपेटी में कैद

- अध्यक्ष आरक्षण होने से सभी दलों ने महिला प्रत्याशियों को दी ज्यादा तवज्जो मैदान में
- आधी आबादी के सहारे अध्यक्ष की कुर्सी पर नेताओं की नजर
- 22 में से 18 वार्डो में महिला वोटरों की संख्या ज्यादा

नवप्रदेश संवाददाता

कोंडागॉव। नगरीय निकाय चुनाव में इस बार महिलाओं का वर्चस्व नजर आ रहा है। 22 वार्ड वाले इस पालिका में 18 वार्ड में महिला वोटरों की संख्या पुरुषो से ज्यादा है इतना ही नहीं कुल वोटरों की संख्या में भी महिलाओं का दबदबा बना हुआ है । जिसके चलते नगरीय निकाय चुनाव की राजनितिक सरगर्मी महिलाओं के इर्द गिर्द घुमने लगी है। नगर पालिका कोंडागॉव में कुल वोटर 23806 महिला 12,313 पुरुष 11,493 है वहीं पालिका के 22 वार्ड में 18 वार्ड में महिला और चार में पुरुष वोटर की संख्या ज्यादा है। वही अध्यक्ष पद महिला पिछड़ा वर्ग से होने के चलते अध्यक्ष पद में कब्जा जमाने के लिए भाजपा कांग्रेस और सीपीई ने महिला प्रत्याशियों को ज्यादा से ज्यादा मैदान में उतारा है कांग्रेस और भाजपा ने 22 वार्ड में नौ वार्ड पर महिला प्रत्याशियों पर दांव लगाया है तो वही सात वार्डो में ताल ठोक रही सीपीआई ने तीन महिलाओं पर भरोसा किया है।

महिला अध्यक्ष पद होने पर महिलाओ में हर्ष,कहा वो समझेगी पानी और नाली की समस्या को- पेशे से शिक्षिका दिव्यानी चौधरी ,रेखा ठाकुर व उमा दीवान जनपद सदस्य कहती हैं कि एक महिला गृहणी और कामकाजी महिला के रूप में महिला दोहरी जिंदगी गुजारती है, रही बात पालिका की तो सफाई और पानी इस समस्या से महिलाये ज्यादा सामना करती है तो महिला अध्यक्ष होने से ये समस्या जरुर दूर होगी। महिलाओं के साथ साथ पुरुषो ने भी महिला अध्यक्ष को शहर के विकास के लिए बेहतर बताया, स्पोर्ट्स शिक्षक बी जान ने कहा आज महिलाए एवरेस्ट की ऊँचाइया छू रही तो चंद्रमाँ में भी अपने पैर जमा रही है महिलाओं को जो दायित्व दिया जाता है उसे बखूबी निभाती है।

पालिका में पक्ष और विपक्ष के बीच वर्चस्व की लड़ाई

पिछले पालिका के कार्यकाल पर वरिष्ठ पत्रकार शैलेश शुक्ला ने कहा की पालिका के पिछले कार्यकाल में वर्चस्व की जैसी लड़ाई आपस के लोगो में हुई है यदि यहाँ पुनरावृत्ति होती है तो महिला अध्यक्ष के लिए काफी चुनौती पूर्ण होगा।

वेडनर मेमोरियल स्कूल में वार्षिकोत्सव संपन्न

महासमुन्द। वेडनर मेमोरियल सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में वार्षिक उत्सव रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ल रहे। उन्होने कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। खासकर अपने व्यक्तिगत जीवन के बारे में बताया कि किस प्रकार असफलता जीवन में सफलता लाती है, बच्चों और शिक्षक के बीच तालमेल कैसा होना चाहिए इस बात का जिक्र भी उन्होनें किया। सबसे महत्वपूर्ण बात उन्होंने कहा कि जीवन में आदमी को कभी बड़ा नहीं, हमेशा छोटा बनकर रहना चाहिए, एकाग्रता, आत्मविश्वास एवं ईमानदारी से अपना कार्य करना चाहिए। साथ ही शाला के प्राचार्य फादर थामस वडाकेथरा ने शालेय गतिविधियों पर प्रकाश

2 ईनामी नक्सली सहित 3 गिरफ्तार

नवप्रदेश संवाददाता

दंतेवाड़ा। जिले के किरन्दुल थाना क्षेत्र से पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है. पुलिस ने यहां तीन माओवादियों को सर्चिंग के दौरान हिरासत में लिया है. पकड़ाए गए नक्सलियों में से दो पर शासन द्वारा 1-1 लाख का इनाम घोषित है. वहीं एक नक्सली के पास से 2 किग्रा का आईईडी भी बरामद किया गया है. एसपी अभिषेक पल्लव ने इसकी पुष्टि करते हुए एक प्रेसनोट जारी किया है। जारी प्रेसनोट में दावा किया गया है कि किरंदुल थाना क्षेत्र के गांव चोलनार, हिरोली, मडकामीरास, समलवार कुटरेम क्षेत्र में माओवादियों के होने की मुखबिर से पुलिस को सूचना मिली थी. जिसके बाद सर्चिंग पर निकली टीम ने बताये स्थान ग्राम मडकामीरास,कुटरेम के जंगल के पास आज सुबह तीन नकसलियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस को देखकर जैसे ही माओवादियों ने भागने की कोशिश की वैसे ही पुलिस ने घोराबंदी कर उन्हें गिरफातर करने में सफलतला हासिल की है।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम कमेटी अध्यक्ष हिडमा मरकाम उर्फ सावरकर निवासी मडकामीरास स्कूलपारा , ग्राम कमेटी अध्यक्ष कमलेश मडकामी उर्फ मोदू मरकाम मडकामीरास स्कूलपारा इन दोनों पर एक- एक लाख का ईनाम शासन द्वारा घोषित है. साथ ही जनमिलिशिया सदस्य हिडमा मरकाम उर्फबच्चू मरकाम निवासी मडकामीरास टोटापारा थाना किरंदुल को गिरफ्तार किया गया है।

घटना स्थल से माओवादी हिड़मा उर्फ सावरकर के कब्जे से 02 कि.ग्रा. का आईईडी भी जवानो ने बरामद किया है. गिरफ्तार नक्सली लंब समय से नक्सली संगठन से जुड़े हैं तीनों नक्सलियों को पुलिस नें न्यायलय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया है।

संगीत में लक्ष्मेंद्र को स्वर्ण पदक

महासमुंद। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में 15 वां दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इसी विवि के अतिथि व्याख्याता (वायलिन) पद पर कार्यरत महासमुंद के लक्ष्मेंद्र कुमार साहू बीए एवं एमएम मे सर्वोच्च अंक लाने पर स्वर्ण पदक सम्मानित किए गए। पद्म विभूषण जाकिर हुसैन की उपस्थिति में राज्यपाल अनुसुईया उइके से स्वर्ण पदक प्राप्त कर महासमुंद जिले का नाम बढ़ाया। इसमें पहले इन्हे नेपाल, कटक और गोवा आदि स्थानों में सम्मानित किया जा चुका है। वे भूषणलाल साहू एवं दमयंती के पुत्र हैं।

जयंती पर खैरा में पंथी नृत्य

महासमुंद। पंचायत खैरा में 18 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती धूमधाम से मनाई गई। युवाओं ने पंथी नृत्य की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर जीवराखन बंजारे सचिव, महादेव कोसरे, पवन बंजारे, रेवाराम कोसरे, भूषण बंजारे, मानिक कोसरे, विश्राम कुर्रे, दसरू बघेल, केजूराम बंजारे, विजय बंजारे, तुलसी राम कठोलिया, जीतलाल बंजारे, सचिव जीवन कोसरे, सुनील बघेल, पिंटू कठोलिया, सन्तनु सतनामी, भुलऊ सतनामी, सोनू सतनामी, मंगल डहरिया, संतोष सोनवानी, रामकिशन बंजारे, कुंजू रात्रे, सुरेश बंजारे, हरि बंजारे, ओम बंजारे, केशव डहरिया, विजय डहरिया, अनिल बंजारे, अग्यराम, संतोष, सुभाष, रेखचन्द, सालिक बंजारे, रोहित, खेलावन पुरैना व सामाजिकजन सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

मतदाता अपने मताधिकार का अवश्य उपयोग करें : कलेक्टर

- मतदान की सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी
- मतदान दलों को निष्पक्ष, स्वतंत्र और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के निर्देश

नवप्रदेश संवाददाता

जांजगीर-चांपा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनक प्रसाद पाठक के मार्गदर्शन में जांजगीर जिले के 15 नगरीय निकायों में 21 दिसंबर को होने वाले मतदान की सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई है। सभी निकायों के चुनाव के लिए शुक्रवार को सुबह मतदान दलों को मतपेटी और चुनाव सामग्रियों का विधिवत वितरण किया गया और उन्हें सुरक्षा व्यवस्था के साथ मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया। कलेक्टर ने जिले के सभी नगरीय निकायों के मतदाताओं से अपील कर कहा है कि वे 21 दिसंबर को सुबह 8 बजे से 5 बजे तक संपन्न होने वाले मतदान में अवश्य भाग लें और प्रजातंत्र को मजबूत बनाएं।

जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पाठक ने 21 दिसंबर को होने वाले मतदान के मद्देनजर सेक्टर अधिकारियों, मतदान दलों, जोनल अधिकारियों, सुरक्षा सहित चुनाव कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देशित कर कहा है कि वे चुनाव कार्य स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराएं। कलेक्टर ने अधिकारी-कर्मचारियों से कहा है कि पूरी निष्ठा, निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ सौंपे गये चुनाव संबंधी दायित्वों का निर्वहन करें। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा 15 नगरीय निकायों का चुनाव सुव्यवस्थित संपन्न कराने 36 सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

जिला अस्पताल में जागरूकता कार्यशाला आयोजित

- कुष्ठ रोग के लक्षण व पहचान के तरीके बतलाए

महासमुंद। संक्रामक बीमारी होने के बावजूद यह छूने या हाथ मिलाने, उठने-बैठने से नहीं फैलती, लेकिन रोगी के आस-पास सांस लेते समय इसके फैलने की संभावनाएं प्रबल होती जाती हैं। यह भी संभव है कि लेप्रोसी पीड़ित व्यक्ति के साथ लंबे समय तक साथ रहने से परिवार के सदस्य भी इसकी चपेट में आ जाएं। किन्तु, इससे बचने और निपटने के उपाए भी सरल हैं। इन्हीं समाधानों के साथ जिला अस्पताल के कुष्ठ रोग विभाग ने गुरूवार को एक अनोखी जागरूकता कार्यशाला आयोजित की। बच्चों से रूबरू होते हुए उन्होंने उक्त विषय पर अधिकांश भ्रांतियां दूर कीं। शुक्ला ने बच्चों को न केवल कुष्ठ रोग के लक्षण व पहचान के तरीके बतलाए बल्कि उन्हें इससे बचने और पीड़ितों के निदान के लिए शासन द्वारा प्रदत्त निशुल्क सुगम व सरल मार्ग भी प्रशस्त किया। उन्होंने बताया कि नियमित रूप से उपचार कराने और समुचित बचाव हेतु एमडीटी अर्थात बहु-उद्देशीय उपचार (संबंधित दवा) का कोर्स पूरा करने पर इसे पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। इसलिए हम सभी को नैतिकता के आधार पर इससे पीड़ित लोगों को मुख्य धारा में लाने के लिए प्रयास करना चाहिए।

विजयी बच्चों को मेडल प्रदान

कार्यशाला में ब्लैकबोर्ड में लिखकर महत्वपूर्ण बिंदुओं का अभ्यास किया गया। सवाल जवाब प्रतियोगिता में विजयी रहे छात्र-छात्राओं में मोंटू, जितेंद्र एवं माया को कुष्ठ रोग विभाग की ओर से मेडल प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।

पहचान, लक्षण और कारण

लेप्रोसी के प्राइमरी स्टेज में लेप्रे बैक्टीरिया शरीर के हाथ, पैर, मुंह जैसे एक्पोज या खुले अंगों को प्रभावित कर ऑक्सीजन की आपूर्ति बाधित करता है। प्रभावित अंग सुन्न होने के साथ त्वचा का रंग से हल्का भी पडऩे लगता। पीड़ित को ठंडे-गर्म का एहसास नहीं होता। छाले पडऩे के साथ अस्थि विकार व आकार बदलना जैसी समस्याएं शुरू हो जाती हैं।

बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन पर शिविर 23 को

महासमुंद। छत्तीसगढ़ राज्य उपचर्यागृह तथा रोगोपचार संबंधी स्थापनाएं अनुज्ञापन अधिनियम 2010 एवं नियम 2013 के अंतर्गत जिले में पंजीकृत नर्सिंग होम, अस्पताल, क्लीनिक एलोपैथी एवं आयुष, डेंटल क्लीनिक, पैथॉलाजी लैब एवं संग्रहण केन्द्र, डायग्नोस्टिक सेंटर एवं अन्य समस्त निजी स्वास्थ्य संस्थाओं को छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल से बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट के लिए प्राधिकार प्राप्त करना अनिवार्य हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा एसपी वारे ने बताया कि बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन प्राधिकार एवं बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन नियम 2016 के परिपालन सुनिश्चित करने में हो रही कठनाईयों के निराकरण के लिए विशेष शिविर का आयोजन 23 दिसम्बर को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, ग्राम खरोरा, जिला अस्पताल परिसर महासमुन्द में आयोजित किया जाएगा।

अवैध रूप से रखे 124 कट्टा धान जप्त

नवप्रदेश संवाददाता

जांजगीर-चांपा। मालखरौदा विकासखण्ड के अंतर्गत धान उपार्जन केन्द्र सिंघरा में आज बिना टोकन कटे अवैध रूप से रखे 124 कट्टा (49.6 क्विंटल) धान धान खरीदी जांच सतर्कता दल द्वारा जप्त करने की कार्यवाही की गई। कलेक्टर श्री जनक प्रसाद पाठक के मार्गदर्शन में आज दोपहर मालखरौदा तहसीलदार के. के. लहरे, नायब तहसीलदार अनुराग भट्ट और सहकारिता निरीक्षक के.के. राठौर द्वारा धान खरीदी केन्द्र सिंघरा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खरीदी केन्द्र में बिना टोकन के 124 कट्टा धान अवैध रूप से रखा पाया गया। इस धान को जांच दल द्वारा जप्त करने की कार्यवाही की गई। कलेक्टर श्री जनक प्रसाद पाठक के निर्देश पर धान खरीदी सतर्कता दल प्रशासनिक और विभागीय अधिकारियों द्वारा धान खरीदी केन्द्रों का प्रतिदिन सघन निरीक्षण किया जा रहा है और अवैध धान को जप्त करने की कार्यवाही की जा रही है। आज सहायक खाद्य अधिकारी श्री जायसवाल ने डभरा विकाखण्ड के ही धान उपार्जन केन्द्र सपोस का अपने दल के अधिकारियों के साथ आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस केन्द्र में किसानों द्वारा बिना ढेरी लगाये धान को बेचने का प्रयास किया जा रहा था।

कलेक्टर ने किया साल्हेझरिया बेरियर में औचक निरीक्षण

महासमुंद। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से बसना क्षेत्र के ओडिशा सीमा में स्थित साल्हेझरिया बेरियर में औचक निरीक्षण किया। इसके उपरांत ओडिशा सीमावर्ती गांव पलसापाली में ग्रामीणों की बैठक लेकर अवैध धान बिक्री करने वालों की सूचना शासन को देने की समझाइश दी। धान खरीदी केंद्र गढफुलझर का निरीक्षण किया गया जहां अव्यवस्था मिलने पर फड़ प्रभारी पर कड़ी नाराजगी जाहिर की और दो दिन के भीतर व्यवस्था सुधारने की चेतावनी दी गई। खरीदी केंद्र में दो किसानों के द्वारा अमानक धान बेचने के लिए लाया गया था जिसको वापस कराया गया। समिति गढफुलझर के अध्यक्ष द्वारा किसान गिरधारी के पट्टे में धान बेचा जा रहा था, इसी प्रकार कुरचुन्डी खरीदी केंद्र में भी अव्यवस्था मिलने पर कलेक्टर ने व्यवस्था सुधारने के सख्त निर्देश दिए। कुरचुन्डी खरीदी केंद्र में फड़ प्रभारी की मिलीभगत से दूसरे किसान के नाम से धान खपाया जा रहा था, जिसकी जांच कर पुलिस कार्रवाई करने एवं कुरचुंडी खरीदी केंद्र का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए।

कार्यालय वनमण्डलाधिकारी (सा.) मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़ (छ.ग.)

नीलाम विज्ञापन

सामान्य सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल के काष्ठागार जनकपुर का नीलाम काष्ठागार मनेन्द्रगढ़ में दिनांक 30.12.2019 को जलाऊ काष्ठ का अधोलिखित विवरण के अनुसार प्रातः 09.00 बजे से नीलाम किया जाना प्रस्तावित है। इच्छुक व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे नीलाम में भाग लेवें। नीलाम शर्त एवं जानकारी कार्यालय से अथवा नीलाम स्थान से प्राप्त किया जा सकता है।

क्रेताओं को सलाह दी जाती है कि बोली लगाने के पूर्व प्रत्येक लाट का भलीभांति निरीक्षण कर लेवें तथा संतुष्टि उपरांत ही बोली लगाएं। नीलाम के समय घोषित मात्रा सही व अंतिम रूप से मान्य होगी।

क्र.	प्रजाति	नए काष्ठ		पुराने अविक्रित काष्ठ		योग		जलाऊ चट्टा संख्या
		लट्ठा घ.मी.	बल्ली नग	लट्ठा घ.मी.	बल्ली नग	लट्ठा घ.मी.	बल्ली नग	
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	नया मिश्रित जलाऊ	Chatta Size 2x1.25x0.80 M						83
2	अविक्रित नीलगिरी जलाऊ	Chatta Size 2x1.25x0.80 M						150
योग :-								233

टीप :-1. ईमारती काष्ठ की नीलामी पहले 09.00 बजे प्रातः में की जावेगी तत्पश्चात जलाऊ चट्टों की नीलामी की जावेगी।
2. छत्तीसगढ़ राज्य के किसी भी वनमंडल का पंजीकृत ठेकेदार ही नीलाम में भाग ले सकेंगे।
3. समस्त क्रेता को आयकर पेन कार्ड, वाणिज्य कर का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन एवं छ.ग. राज्य के किसी वनमण्डल का वर्ष 2018 के व्यापारी का रजिस्ट्रेशन की प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

वनमण्डलाधिकारी
मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़

जी- 75858/8

प्रथम पृष्ठ का शेष...

आज शहरों की होगी...

प्रदेशभर में कुल 5406 मतदान केन्द्र बनाए हैं। जिसमें लगभग 40 हजार मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस चुनाव के साथ नगर पालिक निगम बीरगांव जिला रायपुर के वार्ड क्रमांक 27 एवं नगर पालिक निगम भिलाई जिला दुर्ग वार्ड क्रमांक 3 एवं 10 में उपचुनाव भी होंगे।

इसके लिए भी आयोग ने सारी तैयारियां कर ली है। बीरगांव में 01 वार्ड के लिए होने वाले उपचुनाव के लिए कुल 02 मतदान केन्द्र बनाए गए है। यहां करीब 1454 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, वहीं भिलाई के 02 वार्ड के लिए 26 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं जहां 21 हजार 298 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान के बाद मतगणना और परिणाम 24 दिसंबर को जारी किया जाएगा।

गर्भवती गंगा से....

गई हथनी गंगा ने 19 दिसंबर को एक शावक को जन्म दिया है। वन विभाग के सर्वोच्च अधिकारी के अनुसार वन विभाग को मालूम था कि गंगा गर्भवती है और उनके अनुसार उसकी देखभाल की जा रही थी। भारत सरकार की गाइडलाइंस फॉर फेयर एंड मैनेजमेंट ऑफ कैपटिव एलीफेंट जो कि 8 जनवरी 2008 को जारी की गई है के अनुसार किसी भी सामान्य और स्वस्थ हाथी को भी 1 दिन में 30 किलोमीटर से ज्यादा पैदल नहीं चलाया जा सकता परंतु छत्तीसगढ़ वन विभाग ने खतरे में पड़ी प्रजाति गजराजों के साथ ऐसे कई चरणों में गंभीर चूक की है। एडवांस स्टेज की प्रिगनेंट गंगा को 1 दिन में 70 किलोमीटर चलवा दिया, वह भी यह जानते हुए की जंगल में बहरादेव के साथ युद्ध की स्थिति निर्मित हा सकती है और ऐसी स्थिति निर्मित होने पर जंगली हाथी ही एक सामान्य हाथी पर हावी हो कर गंभीर रूप से चोटिल कर सकता है.गौरतलब है कि गंगा अन्य हाथियों की तरह प्रशिक्षित कुनकी नहीं है।

जंगल का झूठ उस पर लोहे का अंकुश से प्रताड़ना- पूरी गर्भावस्था के दौरान गंगा के साथ क्रूरता की गई है. छत्तीसगढ़ वन विभाग कर्नाटक से 5 कैंप हाथियों को कुनकी बनाने के लिए जनवरी 2018 में लाया गया था। जनता को बताया गया की प्रशिक्षित कुनकी लाये है। कुनकी का प्रशिक्षण देने के दौरान और बाद में प्रतिबंधित लोहे के पॉइंटेड अंकुश से प्रताड़ित किया जाता रहा है।

वन्य जीव अधिनियम 1960 के उल्लंघन का मामला- सिंघवी ने बताया कि गंगा के साथ किया गया कृत्य अमानवीयता के साथ साथ जीव जन्तुओ के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 का उलंघन है। इसलिए उन्होंने एनिमल वेलफेयर बोर्ड को पत्र लिख कर कार्यवाही की मांग की है। इसी प्रकार पांचो तथाकथित कुनकी हाथियों को तमोर पिंगला स्थित जिस रेस्क्यू सेंटर में रखा गया है वह वन विभाग द्वारो अवैध रूप से केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण की मान्यता के बिना चलाया जा रहा है, इस लिए उन्हे भी क्रूरता के मद्दे नजर मान्यता न देने हेतु पत्र लिखा गया है।

दिल्ली में हिंसा...

गई, जबकि बिजनौर में दो लोगों की मौत की खबर है। बिजनौर में हुई मौत की पुष्टि नहीं हो सकी है, जबकि दर्जनों पुलिस कर्मी जख्मी हुए हैं। कानपुर में पुलिस और उग्र भीड़ की फायरिंग में सात लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। शुक्रवार को पूरे प्रदेश में इंटरनेट सेवाएं बंद रही, जिसके चलते लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

प्रदेश सरकार ने जिलों में सतर्कता बढ़ा दी है। सरकार के प्रवक्ता ने कहा है कि हर जिले में पीएसी व रैपिड एक्शन फोर्स की अतिरिक्त टुकड़ियां तैनात करने का फैसला किया गया है। गुरुवार को लखनऊ में हुई जबरदस्त हिंसा के बाद शुक्रवार को पूरे प्रदेश में हाई अलर्ट कर दिया गया था। शुक्रवार को जुमे की नमाज़ के मद्देनज़र संवेदनशील इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक जुमे की नमाज़ तो शांति पूर्ण ढंग से हुई लेकिन बाद में भीड़ धरना-प्रदर्शन पर अड़ गई। कई स्थानों पर जुलूस निकालने की मांग की गई, जिसे पुलिस ने सख्ती से रोका। प्रदर्शनकारी नागरिक संशोधन कानून वापस लेने की मांग के साथ ही प्रदेश व केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ, फिरोजाबाद, बरेली, मुरादाबाद, हापुड़, बुलंदशहर व अमरोहा में प्रदर्शनकारियों की हिंसक झड़पें हुईं। पूर्वी उत्तर प्रदेश के वाराणसी, जौनपुर, बहराइच, अयोध्या, गोण्डा समेत एक दर्जन जिलों में प्रदर्शनकारियों की पुलिस से संघर्ष हुआ। कानपुर में नमाज़ के बाद उपद्रवियों और पुलिस के बीच फायरिंग हुई। इसमें सात लोगों को गोली लगी है।

लोगों की आवाज...

की निंदा करती है और छात्रों और नागरिकों के संघर्ष में उनके साथ है। वीडियो संदेश में उन्होंने आगे कहा कि नागरिकता संशोधन कानून भेदभावपूर्ण है। नोटबंदी की तरह एक बार फिर एक-एक व्यक्ति को अपनी एवं अपने पूर्वजों की नागरिकता साबित करने के लिए लाइन में खड़ा होना पड़ेगा।

चारों दोषियों...

अलग-अलग जगहों पर 8 सिलसिलेवार धमाके हुए थे, जिनमें 80 लोगों की मौत हो गई थी और 176 घायल हो गए थे। जयपुर ब्लास्ट के दो अन्य आरोपियों को नई दिल्ली के बटला हाउस में 2008 में हुए एनकाउंटर में पुलिस ने मार दिया था। पिछले एक साल में मामले की सुनवाई तेज कर 1 हजार 296 गवाहों के बयान दर्ज किए गए और अभियोजन और बचाव पक्ष ने सवाल-जवाब भी किए। चारों आरोपियों को आईपीसी की धारा 302, 307,324, 326, 120 बी, 121ए और 124 ए, 153 ए के तहत दोषी माना गया है। इसके अलावा विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा तीन के तहत और विधि विरुद्ध क्रियाकलाप अधिनियम की धारा 13, 16, 1 ए और 18 के तहत भी उन्हें दोषी ठहराया है।

मामले में आरोपी शाहबाज हुसैन के न्यायमित्र (एमिक्स क्यूरी) सुरेश व्यास ने बताया अदालत ने आरोपी शाहबाज हुसैन को बरी कर दिया क्योंकि उनके खिलाफ आरोप सिद्ध नहीं हो सके। शाहबाज पर इन धमाकों की जिम्मेदारी लेने वाला ईमेल भेजने का आरोप था।

Office of Executive Engineer P.H.E. (E&M) Division Rajnandgaon (Chhattisgarh)

NIT No. 06/2019-20/TS/EE/(E&M)/PHED/Rajnandgaon Dated 17.12.2019

Short Nitice Inviting Tender

Sealed tenders are invited in form "C", on behalf of Governor of Chhattisgarh for the supply of following materials from the manufacactures of their authorized dealers having supplied Drill Rods to Public Health Engineeing Department (E&M) Division in Chhattisgarh State for the last 03 years.& satisfactory performance report by the head of office.

S. No.	Deseription	Qty.	Ectimated Cost in (Rs.)	Earnest Money (Rs.)	Cost of tender Documents (Rs.)	Time allowed
1	Drill Rod Suittable for hydraulically operated DTH drilling unit having following specification 3050mm (10Feet) long drill rods having OD 88.90mm and thickness (Minimum 7.5mm) made out of M.S. Seamless pipe, is to be provided for drilling 120.00 mtrs. deep holes, Flush hole dia should be 38 mm with both fitting and friction welding (male/female) adopter 4 API thread made out of E.N.-8 steel having each drill rod approximate weight 50 kg+2% Grade of pipe ASTMA 106-Grade B.	40Nos.	467300/-	14020/-	750/-	30 days

1. Last date of receipt of application issue of tender documents - 09.01.2020 up to 5.30 pm
2. Last date of Sale of tender documents. - 10.01.2020 up to 5.30 pm
3. Last date of receipt of tender documents. - 13.01.2020 up to 3.00 pm
4. Date of opening Tender - 13.01.2020 up to 4.00 pm

Terms & Condition

1 Acceptance to departmental terms & conditions has to be given by the tenderer in writing along with application for purchase of tender documents then only tender documents shall be issued. If any deviation made or additional conditions are give in the offer then tender shall be rejected being treated as conditional tender.
2 This short NIT will be part of the agreement.

Executive Engineer (E&M) Dn.
Public Health Engineering Department
Rajnandgaon (C.G.)
Phone No. 07744-286994

G-75839/2

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

कमाई के मामले में रणवीर ने पत्नी दीपिका को छोड़ा पीछे

बॉलीवुड कपल रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण सभी के फेवरेट हैं. दोनों की ऑन और ऑफस्क्रीन केमिस्ट्री फैंस को बेहद पसंद है और इसी के चलते दोनों की पॉपुलैरिटी भी बनी हुई है. फोर्ब्स इंडिया मैगजीन ने अपनी टॉप 100 सेलिब्रिटीज की लिस्ट जारी कर दी है और रणवीर और दीपिका दोनों ने इसमें जगह बनाई है. पिछले साल दीपिका पादुकोण का नाम फोर्ब्स की 100 सबसे ज्यादा कमाई करने वाले सेलेब्स की लिस्ट में टॉप 5 में था और रणवीर सिंह 8वें नंबर पर थे. एक ही साल में ये नंबर उलट हो गया है।

डांसिग स्टार के रूप में पहचान बनायी गोविन्दा ने

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड में गोविन्दा का नाम एक ऐसे अभिनेता के तौर पर शुमार किया जाता है जिन्होंने अपनी डांसिग स्टाइल और कॉमेडी अभिनय से दर्शको के दिलों मे खास पहचान बनायी। 21 दिसंबर 1963 में जन्में गोविन्दा फिल्मी परिवार से ताल्लुक रखते थे। उनके पिता अरूण आहूजा, मां निर्मला देवी चालीस के दशक में अभिनेता,अभिनेत्री के तौर पर फिल्मों में काम करते थे। बचपन के दिनो से हीं गोविन्दा भी अभिनेता बनने का ख्वाब देखा करते थे।

गोविन्दा ने अपने सिने करियर की शुरूआत वर्ष 1986 में प्रदर्शित फिल्म 'इल्जाम' से की। इस फिल्म में उनपर फिल्माया यह गीत .स्ट्रीट डांसर. काफी लोकप्रिय हुआ। इस फिल्म की सफलता के बाद गोविन्दा की छवि एक डांसिग स्टार के रूप में बन गयी और फिल्मकारो ने उनकी इसी छवि को अपनी फिल्मों में जमकर भुनाया। इलजाम में गोविन्दा की जोड़ी नीलम के साथ काफी पसंद की गयी। इस फिल्म के बाद नीलम और गोविन्दा ने कई फिल्मों में एक साथ काम किया।

कमजोर कहानी के आगे फेल हुआ पॉवरपैक्ड एक्शन

सलमान, सलमान, सलमान... ये 3 चीजें ही दबंग 3 में 2 घंटे 45 मिनट तक नजर आएंगी. इसलिए ये तय है कि अगर आप सलमान के फैन हैं तो फिल्म में आपको कोई कमी नजर नहीं आने वाली है. लेकिन एक बेहतरीन फिल्म की रिलीज का इंतजार वीकेंड को शानदार बनाने के लिए कर रहे हैं तो संभल जाएं ये फिल्म दिमाग में खिचड़ी पका देगी. इस बात को समझाने के लिए सलमान का ही डायलॉग काफी है कि हम दिल में आते हैं समझ में नहीं. फिल्म की कहानी इंस्पेक्टर धाकड़ पांडे (सलमान खान) से शुरू होती है. जो बाद में चुलबुल पांडे बन जाता है. फिल्म की कहानी में बीती दबंग पार्ट की तरह फ्लैशबैग है. इसलिए फिल्म को सीधा समझे तो एक आम सा लड़का जो सुपरफिट है।

QUIZ TIME

1) बीसवीं शताब्दी के किस जर्मन दार्शनिक ने अस्तित्ववादी घटना-क्रिया विज्ञान को विकसित किया था? (मार्टीन हेडेग्गर / आर्थर शोपेनहावर)

2) जांबिया-जिंबाब्वे सीमा पर कौन-सी भौगोलिक विशेषता स्थानीय रूप से 'मोसी-ओआ-तुन्या' या 'धूम्र गर्जन' के रूप में जानी जाती है?

(क) विक्टोरिया जलप्रपात (ख) एन्जिल जलप्रपात (ग) नायग्रा जलप्रपात

3) लेक प्लासीड ओलंपिक में किस ब्रिटिश खिलाड़ी ने आइस स्केटिंग में स्वर्ण पदक जीता था?

4) पश्चिमी घाट और दक्षिण भारत की सबसे ऊंची चोटी का नाम क्या है?

5) फ्रांसीसी प्रकृतिविद पेरे आर्मंड डेविड द्वारा वर्ष 1869 में चीन में किस स्तनधारी को पहली बार खोजा गया था?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) मार्टीन हेडेग्गर (2) विक्टोरिया जलप्रपात (3) रॉबिन कजिन्स (4) अनामुडी (5) विशाल पांडा

बागी 3 में डांस नंबर करेंगी दिशा

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी फिल्म 'बागी 3' में स्पेशल डांस नंबर करने जा रही है। दिशा पाटनी ने 'बागी 2' में टाइगर श्रॉफ के साथ लीड रोल प्ले किया था। दिशा पाटनी 'बागी 3' में भी नजर आने वाली हैं। दिशा फिल्म में फीमेल लीड की जगह नहीं बल्कि? एक डांस नंबर के लिए हैं। जल्द ही इस डांस नंबर की शूटिंग भी शुरू हो जाएगी। हालांकि इस डांस नंबर में दिशा अकेली होंगी या उनके साथ टाइगर श्रॉफभी होंगे, इस बात का अभी खुलासा नहीं हुआ है। बताया जा रहा है कि दिशा का यह डांस नंबर फिल्म के अहम सीन्स में से एक है। इस गाने के बाद ही फिल्म की कहानी आगे बढ़ेगी। बताया जा रहा है कि सिटी स्टूडियो में फिल्म के डांस नंबर के लिए एक सेट तैयार किया गया है और इस डांस नंबर में बैकग्राउंड डांसर्स के साथ दिशा भी डांस करती नजर आएंगी। यह एक महत्वपूर्ण बॉलीवुड डांस नंबर है। दिशा पिछली बार फिल्म भारत में सलमान खान के साथ नजर आई थी।

बंटी और बबली के सीक्वल में सैफ-रानी की जोड़ी

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान और रानी मुखर्जी की जोड़ी सुपरहिट फिल्म बंटी और बबली के सीक्वल में नजर आयेगी। यशराज बैनर तले वर्ष 2005 में प्रदर्शित फिल्म बंटी और बबली का सीक्वल बनने जा रहा है। बंटी और बबली में अभिषेक बच्चन, रानी मुखर्जी और अमिताभ बच्चन की मुख्य भूमिकायें थी। यशराज फिल्म्स ने अपने ट्विटर हैंडल पर बंटी और बबली 2 के बनने का ऐलान किया है। इस फिल्म के जरिए सैफ अली खान और रानी मुखर्जी की जोड़ी बड़े पर्दे पर एक बार फ्रि से नजर आएगी। यशराज ने ट्वीट कर कहा, ÷सैफ अली खान और रानी मुखर्जी अपना जादू बंटी और बबली 2 में वापस लेकर आ रहे हैं। सैफ अली खान और रानी मुखर्जी बतौर जोड़ी इस फिल्म में जरूर नजर आने वाले हैं, लेकिन ये दोनों बंटी और बबली नहीं होंगे। इस फिल्म में नए बंटी और बबली को दिखाया जाएगा।

पुरानी कमजोरी दूर हुई, भारत नयी ताकत और तेज गति से आगे बढ़ेगा: मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अर्थव्यवस्था को लेकर शुक्रवार को आश्वस्त किया कि पहले भी उतार चढ़ाव आयें और देश हर बार पहले से भी मजबूत हो कर निकला है। इसलिए इस बार भी भारत नयी मजबूती एवं नयी ताकत के साथ बाहर आएगा और तेजी से आगे बढ़ेगा।

नई दिल्ली (वार्ता)। मोदी ने उद्योग जगत को भरोसा दिलाया कि पुरानी कमज़ोरियों पर काबू पा लिया गया है और अब वे खुलकर फैसले लें , खर्च करें और उत्पादन तथा रोज़गार बढ़ाकर 50 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभायें।

उन्होंने यहां विज्ञान भवन में वाणिज्य एवं उद्योग संगठन एसोचैम के 100 वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि

अर्थव्यवस्था को लेकर आजकल जो चर्चा हो रही है, उन सारी बातों से वह भलीभांति परिचित हैं। जो भी कहा जाता है, उस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने की बजाय हर बात से अच्छाई को चुन कर उसके सहारे आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इन चर्चाओं के बीच यदि वे लोग याद करें कि एक समय एक तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 3.5 प्रतिशत तक चली गयी थी। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 9.4, कोर मुद्रास्फीति 7.3, थोक मूल्य सूचकांक 5.2 और राजकोषीय घाटा 5.6 प्रतिशत के स्तर पर चला गया था। जीडीपी के तमाम मानक उस स्तर पर चले गये थे और उस समय की सरकार मूकदर्शक बनी देख रही थी। उन्होंने कहा, ÷देश की अर्थव्यवस्था में उतार चढ़ाव पहले भी आये हैं, लेकिन देश में वह सामर्थ्य है कि वह हर बार ऐसी परिस्थिति से बाहर निकला है और पहले से ज्यादा मजबूत होकर निकला है। इसलिए अभी की परिस्थिति से भी भारत बाहर निकलेगा और नयी मजबूती एवं नयी ताकत से आगे बढ़ेगा। मोदी ने कहा ,÷भविष्य के लिए इरादे साफ हैं और हौसले बुलंद हैं। इस सरकार की पहचान ही है कि जो संकल्प लेती है, उस संकल्प के साथ देश को जोड़ती है और उस संकल्प को सिद्धि में बदलने के लिए पूरी शक्ति से कार्य करती है। इसीलिए मैं कहता हूं कि 50 खरब डॉलर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य भी संभव है। प्रधानमंत्री ने कहा कि संकल्प से सिद्धि के पारदर्शी माहौल में उद्योग जगत के लिए अवसरों का विस्तार हुआ है। कृषि से लेकर कंपनियों तक उत्पादन एवं कारोबार की संभावनाएं बेहतर हुई हैं। उद्योग जगत द्वारा समृद्धि एवं रोज़गार सृजन के लिए भी बहुत बेहतर अवसर हैं।

वाराणसी से जल मार्ग से दुबई भेजी गयी ताजी सब्जियां

नई दिल्ली (वार्ता)। देश में पहली बार प्रयोग के तौर पर जल मार्ग से उत्तर प्रदेश के वाराणसी से दुबई ताजी सब्जियां भेजी गयीं। कृषि तथा प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीईडीए) निर्यात को बढ़ावा देने के लिए वाराणसी क्षेत्र के पांच जिलों गाजीपुर, जौनपुर, चंदौली, मिर्जापुर तथा संत रविदास नगर में कृषि निर्यात हब बनाने जा रहा है। एपीईडीए के अध्यक्ष पवन कुमार बोरठाकुर तथा वाराणसी क्षेत्र के आयुक्त दीपक अग्रवाल ने वाराणसी के जिला मजिस्ट्रेट कौशल राज शर्मा की उपस्थिति में प्रायोगिक तौर पर ताजी सब्जियों के एक कंटेनर को झंडी दिखाकर जल मार्ग से रवाना किया। कृषि निर्यात हब बनाने के प्रयास में एपीईडीए ने इस वर्ष वाराणसी में ताजा सब्जियों के लिए निर्यात प्रोत्साहन कार्यक्रम और क्रेता-विक्रेता बैठक (बीएसएम) का आयोजन किया। इसमें क्षेत्र के 100 किसान तथा मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद तथा उत्तर प्रदेश के निर्यातक शामिल हुए। क्रेता-विक्रेता बैठक एफ्रीओ तथा प्रगतिशील किसानों को जाने-माने निर्यातकों से संपर्क का मंच प्रदान करती है। इस क्षेत्र की क्षमता, सब्जियों तथा फलों की गुणवत्ता, आवश्यक आधारभूत संरचना को समझने में निर्यातकों तथा क्षेत्र के किसानों के बीच संवाद काफी सहायक साबित हुये हैं। इससे किसानों को यह समझाने में भी मदद मिली कि वे निर्यात किए जाने लायक विभिन्न फसल उगाएं। निर्यातकों ने उत्पाद गुणवत्ता सुनिश्चित होने पर क्षेत्र से सब्जियों तथा फलों के निर्यात में दिलचस्पी दिखाई।

निवेश को सुरक्षित करने के लिए बेहतर माहौल बनाने के सुझाव

देश के प्रमुख उद्योगपतियों ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन को अगले वित्त वर्ष के बजट में व्यापार को सुगम बनाने, निर्यात प्रतिस्पर्धा बढ़ाने, निजी निवेश में नई जान डालने, अर्थव्यवस्था के विकास में तेजी लाकर निवेश को सुरक्षित करने के लिए बेहतर माहौल बनाने को लेकर सुझाव दिये हैं।

नई दिल्ली (वार्ता)। वित्त मंत्री ने आम बजट 2020-21 के संबंध में प्रमुख उद्योगपतियों के साथ गुरूवार को बजट पूर्व विचार-विमर्श किया जिसमें उद्योगपतियों ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था, विशेषकर उपभोग को बढ़ाने के अनेक तरीकें सुझाए। अन्य सुझावों में एनसीएलटी और बैंकों के संबंधों में बेहतर आईबीसी, तेजी से विलय, अधिग्रहण और एक दूसरे कारोबाार को अलग करने की प्रक्रियाओं, एफडीआई मंजूरी की समयावधि कम करने के तरीकों, व्यवसाय के लिए प्रभावी और स्थिर माहौल बनाने के लिए कानूनों में बुनियादी परिवर्तन, केन्द्र और राज्य स्तरों पर व्यापार को सुगम बनाने में तेजी लाने के लिए समयबद्ध फैसले, बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए नया पूंजीगत निवेश, अर्थव्यवस्था में तेजी लाने के उद्देश्य से बुनियादी ढांचे के लिए कैपेक्स, भारत में वस्तुओं और सेवाओं का कम मूल्य रखने और डंपिंग रोकने, मेक इन इंडिया को बढ़ावा देने के लिए भारत में अनुसंधान और विकास को सरल और कारगर बनाने,नए कार्यक्रम के जरिये सामाजिक फंडिंग का फायदा उठाकर सार्वजनिक-निजी भागीदारी को काम में लाने, ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर ध्यान देकर एनबीएफसी के लिए तरलता सुनिश्चित करने तथा अर्थव्यवस्था में उपभोग बढ़ाने के तरीके निकालने आदि को लेकर सुझाव दिये। बैठक में भाग लेने वाले प्रमुख उद्योगपतियों में भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक और अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल, जीएमआर समूह के कारोबारी अध्यक्ष बी वी एन राव, अशोक लैलैंड के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी विपिन सोंधी, आरपी-संजीव गोयनका समूह के अध्यक्ष संजीव गोयनका, विप्रो लिमिटेड के वैश्विक मुख्य वित्तीय अधिकारी जतिन दलाल, महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के ग्रुप पब्लिक अफेयर्स के अध्यक्ष और समूह कार्यकारी बोर्ड के सदस्य मनोज चुघ, के. रहेजा कोर समूह के समूह अध्यक्ष रवि रहेजा, पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के अध्यक्ष आचार्य बालकृष्ण, सीआईआई के अध्यक्ष विक्रम किर्लोस्कर, फेडरेशन ऑफइंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) के अध्यक्ष संदीप सोमानी, एसोचैम के अध्यक्ष बालकृष्ण गोयनका शामिल थे।

ऐतिहासिक ऊंचाई पर शेयर बाजार

सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शेयर बाजार में एक बार फ्रि ऐतिहासिक तेजी देखी गई. शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 41 हजार 800 अंक के स्तर पर पहुंच गया.

मुंबई। चीन और अमेरिका के बीच कारोबारी रिश्तों में सुधार के बीच भारतीय शेयर बाजार में तेजी का दौर जारी है. कारोबार के शुरुआती मिनटों में सेंसेक्स 100 अंक तक की तेजी के साथ 41 हजार 800 के स्तर को पार कर लिया . वहीं निफ्टी 30 अंक की बढ़त के साथ 12 हजार 290 अंक को पार कर लिया. सेंसेक्स और निफ्टी के अब तक का यह उच्चतम स्तर है. शुरुआती कारोबार में यस बैंक के शेयर 3 फीसदी तक की तेजी के साथ कारोबार करते दिखे. वहीं हीरो मोटोकॉर्प, एसबीआई, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा मोटर्स, मारुति, एलएंडटी और ओएनजीसी के शेयर में भी तेजी दर्ज की गई. हालांकि इस दौरान वेदांता, कोटक बैंक, टेक महिंद्रा, एचडीएफसी, आईटीसी के शेयर में सुस्ती रही. शेयर बाजार की तेजी के बीच इस बात की उम्मीद है कि आज यानी शुक्रवार को ही सेंसेक्स 42 हजार अंक को पार कर सकता है. बता दें कि 26 नवंबर 2019 को सेंसेक्स ने पहली बार 41 हजार अंक को पार किया था. जबकि 23 मई 2019 को 40 हजार के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार किया. दरअसल, 23 मई को लोकसभा चुनाव के नतीजों का ऐलान हुआ था. यही वजह है कि बाजार में तेजी रही थी।

चेयरमैन पद से हटेंगे आनंद महिंद्रा

नई दिल्ली। देश के बड़ी ऑटोमोबाइल कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन आनंद महिंद्रा 1 अप्रैल 2020 से नॉन-एग्जीक्यूटिव चेयरमैन होंगे. कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने शुक्रवार को इस बदलाव की मंजूरी दे दी हैं. बोर्ड की ओर से की गए बदलावों के मुताबिक, कंपनी के एमडी पवन कुमार गोयनका 1 अप्रैल से एमडी-सीईओ का पद संभालेंगे. उनका कार्यकाल 11 नवंबर 2020 तक है. इसके बाद 12 नवंबर से 1 अप्रैल 2021 तक के लिए फ्रि से नियुक्ति होगी. आपको बता दें कि कंपनी की गवर्नेंस, नॉमिनेशन एंड रिम्युनरेशन कमेटी (जीएनआरसी) की सिफारिशों पर बोर्ड ने ये बदलाव किए हैं।

बस कारोबार को 10 गुना बढ़ायेगा रेलयात्री: त्रिपाठी

रेल और बस यात्रा तथा ई-खानपान सेवा से जुड़ी अग्रणी कंपनी इंटरसिटी बाय रेलयात्री ने शुक्रवार को कहा कि यह अगले दो साल में अपने बस कारोबार को 10 गुना विस्तारित करते हुए देश भर के ढाई से तीन सौ प्रमुख मार्गों पर दो हजार से अधिक बसें चलायेगी।

अहमदाबाद (वार्ता)। यहां बस यात्रियों के लिए अपने पहले अत्याधुनिक प्रतीक्षा लाउंज के उद्घाटन के मौके पर नोयडा आधारित इस कंपनी के मुख्य कारोबारी अधिकारी स्वप्निल त्रिपाठी ने पत्रकारों को बताया कि फिलहाल कंपनी की 90 शहरों को जोड़ने वाले 20 मार्गों पर 80 से अधिक बसें चल रही हैं। इस संख्या को अगले चार से छह माह में 200 तथा दो साल में 2000 तक पहुंचाया जायेगा। अभी कंपनी की पूर्वी भारत में सेवा नहीं है, पर इसे भी आठ से 10 माह में शुरू कर दिया जायेगा। दो साल में कंपनी का कुल राजस्व मौजूदा लगभग 50 करोड़ से बढ़ कर 350 से 500 करोड़ रुपये तक हो जायेगा। उन्होंने बताया कि कंपनी के कुल राजस्व का लगभग 50 प्रतिशत बस कारोबार से और 10 प्रतिशत ई-खानपान सेवा से जबकि शेष रेल सेवा से आता है।

न्यूज गैलरी

घर के बाहर खड़ी दोपहिया पार

महासमुंद। पिथौरा थाना क्षेत्र के अर्जुनी में घर के बाहर खड़ी दोपहिया अज्ञात ने पार कर दी। भैयाराम पटेल (48) के अनुसार 14 दिसंबर को पौने 6 बजे उन्होने सुखराम ध्रुव के घर के सामने दोपहिया क्रमांक सीजी 04 डीडब्ल्यू 9948 को खड़ी की थी। कुछ देर बाद उक्त स्थल से दोपहिया गायब थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफधारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया है।

ब्यारे से धान चोरी, युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज

महासमुंद। पटेवा क्षेत्र के झिलमिला में बाड़ी से 6 बोरी धान चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस ने गांव के ही एक युवक खिलाफअपराध दर्ज किया है। झिलमिला निवासी विजय देवांगन के मुताबिक उन्होने बाड़ी में 40 कट्टा धान रखा था। 14 से 18 दिसंबर के बीच बाड़ी से 40 कट्टा में से 6 कट्टा धान गांव के ही धनेश्वर ध्रुव ने चुरा ली। पूछने पर युवक ने चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने धनेश्वर के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

युवक से मारपीट

महासमुंद। झगड़े में बीच-बचाव करने पहुंचे युवक की पिटाई हो गई। बागबाहरा के डांगाडीपरा निवासी ईश्वर पिता शिवकुमार ध्रुव के अनुसार बुधवार रात 11 बजे मोहल्ले के ही राजा पटेल और संतोष ध्रुव ने बीच-बचाव करने पर मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी।

पुरानी रंजिश पर कटार से जानलेवा हमला

महासमुंद। पुरानी रंजिश को लेकर कटार से प्राणघातक हमला के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफअपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार ग्राम बोईरमाल निवासी कन्हैया लाल चौधरी पिता भरतलाल चौधरी (30) गांव के प्रवीण कुजूर के साथ अपने घरेलू काम से सरायपाली गया था। बुधवार दोपहर एक बजे वापस गांव आ रहा था तभी गांव का ही मुरारी नायक पिता खीरसंधु नायक ने पुरानी रंजिश को लेकर लोहे के कटार को दिखाते हुए जान से मार दूंगा कहकर प्राणघातक वार कर दिया। इससे शरीर में कई जगह चोट आई है। इधर, ग्रामीणों ने डायल 112 को घटना की सूचना दी।

दहेज प्रताडऩा, पति समेत 6 गिरफ्तार

महासमुंद। दहेज प्रताडऩा के मामले में कोमाखान पुलिस ने गुरूवार को 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। बांसकुड़ा निवासी जैनकुमारी निराला (22) ने बीते 4 दिसंबर को थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई थी। जैनकुमारी ने अनुसार उसके पति, ससुर समेत अन्य लोग दहेज में मोटरसाइकिल और मोबाइल के लिए 10 हजार रुपए मांग करते हुए शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करते रहे और 2 जुलाई को मारपीट की। बाद वह उपचार के लिए मायके चली गई। पुलिस ने बताया कि खल्लारी क्षेत्र के मुड़ियाडीह निवासी जैनकुमारी और बांसकाटा निवासी धनेश्वर निराला के बीच 19 अप्रैल 2017 को विवाह हुआ था।

धन उगाही करने वाले चार से पुलिस कर रही पूछताछ

महासमुंद। एक न्यूज चैनल के नाम पर सोसाइटियों में जाकर धमकाने और धन उगाही कर रहे चार युवकों को बुंदेली पुलिस ने पकड़ा। घटना गुरुवार दोपहर करीब दो बजे की है। ग्राम भुरकोनी, परसदा और बुंदली के सोसाइटी में पहुंच कर खुद को न्यूज चैनल का रिपोर्टर बताकर सोसाइटी में कार्यरत कर्मियों को धमकाने तथा विज्ञापन के नाम पर धन उगाही की शिकायत के बाद बुंदेली पुलिस ने युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया।

केसला खरोरा नगर में निकली विशाल भव्य शोभायात्रा

- निकालकर गुरु घासीदास जी की जयंती मनाई गई

नवप्रदेश संवाददाता

खरोरा। संत शिरोमणि ,सतक्रांति के अग्रदूत, सतनाम धर्म के प्रणेता गुरु घासीदास बाबा जी के 263 वी जयंती की पूर्व संध्या पर सतनामी समाज केसला एवं खरोरा नगर द्वारा संयुक्त रूप से विशाल भव्य सतनाम शोभा यात्रा सात ध्वज वाहकों की अगुवाई में निकाली गई । शोभा यात्रा बाबा गुरु घासीदास जी के पवित्र स्थल जैतखाम केसला में पूजा मंगल आरती कर प्रारंभ की गई जो विभिन्न वार्डों, गली मोहल्लों नगर से होते हुए विशाल भव्य नवनिर्मित गुरु घासीदास गुरुद्वारा राजीव नगर में मंगल आरती के साथ समापन हुई। शोभायात्रा में विभिन्न जाति धर्मों के लोगों के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से लोग बड़ी संख्या में पहुंचे ।शोभायात्रा में पंथी नृत्य ,अखाड़ा दलों के द्वारा शौर्य प्रदर्शन, झूमर नृत्य एवं डीजे के धुन पर छोटे-छोटे बच्चों से लेकर युवक युवतियों ने बड़ी उत्साह एवं ऊर्जा के साथ बाबा जी के जयकारे लगाते हुए झूमते दिखाई दिए एवं बुजुर्गों एवं महिलाओं ने भी थिरकने से नहीं चूके। छोटे से बच्चे ने अपनी शौर्य प्रदर्शन कर सबका मन मोह लिया व छोटे से बच्चे ने ध्वज वाहको की अगवाई भी किया। शोभा यात्रा को जगह-जगह विभिन्न सामाजिक संगठनों व समाजों के लोगो ने स्वागत किया ।प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ ब्लॉक आरंग के अध्यक्ष भोजराम मनहरे के नेतृत्व में पूरे युवा टीम के साथ चौगडा चौक खरोरा में सात ध्वज वाहको का श्रीफल, पुष्पहार एवं पुष्प वर्षा कर आतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया । शोभा यात्रा के दूसरे दिन बाबा गुरु घासीदास जी के 263 वी जयंती राजीव नगर गुरुद्वारा में श्रीमती अनीता शर्मा विधायक धरसीवा के मुख्य आतिथ्य में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ । बाबा गुरु घासीदास जी के जोड़ा जैतखाम में पालो चढ़ाकर गुरु गद्दी मे आरती वंदन किया गया। पंथी नृत्य के माध्यम से बाबा जी के संदेश का गुणगान किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती अनीता शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि बाबा जी ने त्याग तपस्या और भक्ति में लीन होकर जो उन्होंने सतनाम संदेश दिया है।

बोलेरो-बाइक में टक्कर दो गंभीर रूप से घायल

डौंडी । नाराज ग्रामीणों ने कीया चक्का जाम कर दिया, जानकारी के अनुसार अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सी जी 05 एल7340 मे सवार दो लोगो डौंडी से अपने घर ग्राम तराई भानुप्रतापुर जाने के लिए निकले मंगल सिंह व जय सिंह को डौंडी थाना क्षेत्र के गुदुम गांव मे विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात स्कार्पीयो गाड़ी ने मोटरसाइकिल सवारो को जबरदस्त ठोकर मार दी ठोकर इतनी जबरदस्त थी की दो लोगो गंभीर रूप से घायल हो गए जिनका सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डौंडी लाया, जहा प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही डौंडी थाना प्रभारी अनिल ठाकुर व डौंडी पुलिस मौके पर पहुंची परन्तु आक्रोशीत ग्रामीणों ने चक्का जाम कर दिया। मौके मे ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता देख खुद सी एस पी साहब भी ग्रामीणों के पास पहुंचे परन्तु ग्रामीण मानने को तैयार नहीं हुए और खबर लिखे जाने तक चक्का जाम कर रोड पर बैठे रहे ।

सड़क हादसे में बुरी तरह घायल हुआ बंदर का बच्चा

कसडोल। कसडोल-छरछेद मुख्य मार्ग पर शुक्रवार को बच्चा बंदर सड़क हादसे में बुरी तरह से घायल हो गया। जो सड़क किनारे पड़ा हुआ था और भूख और प्यास से तड़प रहा था जिसे कसडोल के युवा पत्रकार हेमंत बघेल ने मुख्य मार्ग से गुजरते हुये देखा तो बच्चा बंदर को बोतल से पानी पिलाया और केला खिलाया गया। जिसके बाद बंदर की स्थिति को देखते हुए मानवता का परिचय देते हुए उक्त बंदर को अपनी वाहन से कसडोल के पशु चिकित्सालय लाया गया। लेकिन पशु चिकित्सालय में डॉक्टर की अनुपस्थिति की वजह से कसडोल के पशु चिकित्सक डॉ लोकेश वर्मा को फ़ोन पर सूचना दी गई। जिस पर डॉ लोकेश ने बंदर का हरसंभव सही इलाज का भरोसा दिलाया। देर शाम डॉ लोकेश के अनुसार बंदर की स्थिति नाजुक बना हुआ था जिसे ट्रीटमेंट कर केला खिलाना बताया गया। साथ ही अगले दिवस वन विभाग के सुपुर्द करने की बात कही गई।

शिक्षिका के प्रयास से कलकसा के बच्चे नित नए-नए आयाम से हो रूबरू

बालोद। शासकीय प्राथमिक शाला कलकसा के बच्चों को नित नए आयाम-प्रयोग से रूबरू कराने, खेल-खेल में पढ़ने लिखने सिखाने का कार्य वहां की शिक्षिका खिलेश्वरी सार्वा द्वारा की जा रही है। जिसमें प्रधानपाठक, सरपंच, जनभागीदारी समिति भी सहयोग में लगी हुई है। अब कलकसा के स्कूल को संवारने, स्वच्छता सहित अन्य गतिविधियां आयोजित की जा रही है। ठंड के मौसम आते ही सभी बच्चों को अपने खर्च से जनप्रतिनिधियों के हाथों स्वेटर बंटवाई। सभी बच्चों को धान से बड़ी तादात में चांवल बनाये जाने की प्रक्रिया का प्रत्यक्ष अवलोकन कराने कलकसा में स्थापित राईस मिल का भ्रमण कराया गया। किसी कार्य में सुरक्षा पहली प्राथमिकता बताते हुए राईस मिल की प्रक्रिया को फिरोज तिगाला ने विस्तार से प्रायोगिक बताया। इस अवसर पर प्रधानपाठक रोमन लाल लारेन्द्र, सरपंच फिरोज तिगाला, हेमन बाई, मितानिन भुवनेश्वरी साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

रैली निकाल छात्रों ने लगाए नशामुक्ति के नारे

- गुरु घासीदास जयंती पर कॉलेज में मद्यपान दिवस मनाया

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। एमवीपीजी कॉलेज में गुरु घासीदास की जयंती पर प्रभारी प्राचार्य डॉ जया ठाकुर ने महाविद्यालयीन स्टॉफ व छात्र-छात्राओं को मद्यपान निषेध का शपथ दिलाई। महाविद्यालय से महर्षि विद्या मंदिर तक नशामुक्ति के नारे लगाते हुए रैली निकाली गई। इसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसके अलावा महाविद्यालय में चित्रकला और नारा लेखन प्रतियोगिता भी रखा गया। चित्रकला स्पर्धा में वंदना सेन बीकॉम द्वितीय वर्ष ने प्रथम तथा वर्षा सिन्हा बीएससी तृतीय वर्ष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। नारा लेखन प्रतियोगिता में टोमन भंडारी पीजीडीसीए ने प्रथम तथा रेणु यादव बीकॉम अंतिम वर्ष ने द्वितीय रही। इस अवसर पर अजय कुमार राजा, राजेश्वरी सोनी, डॉ रीता पाण्डे, वैशाली गौतम हिरवे, डॉ आरके अग्रवाल, एमएस वर्मा, सी खलको, प्रदीप कन्हेर, एमआर धीवर, जीवन चन्द्राकर, परवीन करीम, प्राची गुप्ता,आकाश बाघमारे, नसरीन मुमताज, बबिता प्रधान, वेद देवांगन, मानकर, पी जी बंसोड़, जीआर साहू, छात्र संघ अध्यक्ष पूजा जैन सहित विभिन्न संकाय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

नुक्कड़ नाटक से पर्यावरण रक्षा का दिया संदेश: विरेंद्र सिंह

दल्ली राजहरा। जिला एवं सत्र न्यायधीश बालोद अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के विनोद हुजूर के मार्गदर्शन में 18 दिसंबर को भारतीय संविधान में निहित मूल कर्तव्य के अंतर्गत प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा के लिए पैरालिगल वालंटियर्स ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद के पैरालीगल वालंटियर्स ने वन्य प्राणियों का रूप धारण कर बालोद शहर में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा करे तथा वन, झील, नदी और वन्य जीव की रक्षा व संवर्धन करें एवम् प्राणी मात्र के प्रति दया भाव रखें का आहन करते हुए रैली निकाल कर जागरुक किया गया। भारतीय संविधान में निहित मूल कर्तव्य का पालन करना भारत के प्रत्येक नागरिकता का दायित्व है। राष्ट्रध्वज एवम् राष्ट्रगान का सम्मान करे। स्वतंत्रता के लिए किए गए राष्ट्रीय आंदोलन के आदर्शो का पालन करे, देश की रक्षा करे, भारत के सभी लोगों में संप्रभुता एवम् समरसता की भावना रखे, सामाजिक संस्कृति की गौरवशाली परम्परा का महत्व समझे, प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा करे ।

युवाओं ने कराया कई दिनों पूर्व चोटिल पशु का इलाज

बालोद। भारतीय स्टेट बैंक बालोद के पास कुछ दिनों से एक छोटा पशु बछरू जिसके पैर में चोंट के कारण गड्डा हो गया था, जिसकी वजह से वह लंगड़ाकर चलता है। टिकेश्वर साहू और गौरव शुक्ला ने अपने खर्चे परउस पशु का इलाज कराया। पशु के मिलने पर गौरव शुक्ला के देखरेख के समय तक टिकेश्वर कमल किशोर साहू ने पशु चिकित्सालय से चिकित्सक को बुलाकर दोनों ने अपने खर्चे पर उस छोटे पशु का इलाज कराया। आपको बता दें कि टिकेश्वर साहू के पिता श्री कमल किशोर साहू माता श्रीमती रूखमणी साहू तथा गौरव शुक्ला के पिता श्री रवि शुक्ला हैं। टिकेश्वर साहू इसके पूर्व भी कुछ पशुओं को नालियों से निकालने उनके इलाज कराने, शासकीय नलों में टोंटी लगवाने तथा बालोद नगर के अन्य कार्य कराते आ रहे हैं।

धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने किसानों का प्रदर्शन

- किसानों की मांग-हर दिन पांच हजार क्विंटल धान की हो खरीदी

महासमुंद। बिरकोनी सोसाइटी में धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने की मांग को लेकर बिरकोनी, बरबसपुर, बडग़ांव, अछरीडीह, परसवानी के किसानों ने गुरुवार सुबह 11 बजे प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वाले किसानों में शंकर चंद्राकर, योगेश्वर चंद्राकर, राजेश चंद्राकर, टेमन चंद्राकर, संदीप चंद्राकर, रामा चंद्राकर, यशवंत, गौरीशंकर, चिंताराम, बसंत साहू, मिलन साहू, विष्णु निषाद, रामा दाउ, सत्येंद्र चंद्राकर सहित किसान उपस्थित थे। किसानों ने बताया कि बिरकोनी सोसाइटी में एक दिन में 17 सौ क्विंटल धान खरीदा जा रहा है। जबकि यहां किसानों की संख्या अधिक है। किसानों का कहना है कि इस लिमिट के अनुसार खरीदी की जाती रही तो किसानों को लंबा इंतजार करना पड़ेगा, यह भी संभव है कि अंतिम तिथि तक किसानों का नंबर भी न आए।योगेश्वर चंद्राकर ने बताया कि आठ गांव के किसान परेशान हैं। यहां किसानों की मांग है कि हर दिन पांच हजार क्विंटल धान की खरीदी हो, लेकिन 17 सौ क्विंटल ही खरीदा जा रहा है। धरना के दौरान बिरकोनी सोसाइटी के समिति प्रबंधकों ने कहा कि सोसाइटी हर दिन पांच हजार क्विंटल धान खरीदने के लिए सक्षम है। पर्याप्त स्थान है। लेकिन तकनीकी रूप से सिस्टम को लॉक कर दिए जाने की वजह से वे 17 सौ क्विंटल से अधिक धान की खरीदी नहीं हो पा रही है। इधर किसान अपनी मांग पर अड़े रहे और धरना प्रदर्शन करते रहे। इस दौरान केंद्र में खरीदी बंद रही और किसानों का साथ देने के लिए हेमाल मजदूर भी धरना पर बैठकर साथ देते रहे। करीब दो घंटे बाद किसानों के प्रतिनिधियों की चर्चा एसडीएम सुनील कुमार चंद्रवंशी से हुई। जिन्होंने पूरी बात सुनने के बाद लिमिट बढ़ाने के संबंध में सोसाइटी से पूरी जानकारी लेकर कार्रवाई का भरोसा दिलाया। तब किसानों का प्रदर्शन अपरान्ह डेढ़ बजे खत्म हुआ।

खरीदी बंद होने से गुस्साए किसानों ने संचालक मंडल के सदस्यों को बनाया बंधक

- कमिश्नर के आश्वासन पर छोड़ा , सागरपाली केन्द्र में दिनभर नहीं हुई धान खरीदी

महासमुंद। सागरपाली धान खरीदी केंद्र में गुरुवार को दिनभर धान खरीदी नहीं होने से आक्रोशित सैकड़ों किसानों ने संचालक मंडल के 10 सदस्यों को कार्यालय में ही बंधक बना लिया और खरीदी केंद्र में ताला जड़ दिया। देर रात रायपुर कमिश्नर जीआर चुरेंद्र से चर्चा करने के बाद किसानों ने खरीदी केंद्र का ताला खोला। सागरपाली में धान खरीदी केंद्र में प्रभारी अधिकारी की नियुक्ति नहीं होने के कारण खरीदी बाधित हो रही थी। जिला खाद्य अधिकारी अजय यादव ने कहा कि पूर्व समिति प्रबंधक एवं खरीदी केंद्र प्रभारी मोतीलाल प्रधान द्वारा 113982 रुपए कीमत के धान का गबन पाया गया, जिस पर पुलिस ने धारा 409 के तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया है। बुधवार को संचालक मंडल की बैठक में समिति प्रबंधक और धान खरीदी प्रभारी को हटा दिया गया है और नए धान खरीदी केंद्र प्रभारी के रूप में विनोद कुमार पटेल और किशोर साहू को प्रभारी नियुक्त किया गया है। उप पंजीयक ने कहा कि आदेश जारी करने के बाद प्रभार नहीं लेने और दिनभर गायब रहने के कारण किसानों को परेशानी झेलना पड़ा है।

योग जागरूकता रैली निकाली गई

खरोरा। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वाधान में शासकीय प्राथमिक विद्यालय आंगन के ,विकासखण्ड तिल्दा, निः शुल्क पांच दिवसीय योग शिविर का ग्राम पंचायत तिल्दाडीह में आयोजित किया गया. इसके समापन अवसर पर देवयज्ञ के साथ वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान , जागरूकता अभियान तथा नशामुक्ति रैली कार्यक्रम आयोजित किया गया. इसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने भाग लिया.योग प्रचारक प्रकल्प व्दारा ग्रामवासी एवं सरपंच, उपसरपंच के तथा शासकीय प्राथमिक शाला के शिक्षकों की और विद्यार्थियों सहयोग से योगाचार्य जय प्रताप साहू जिला योग प्रचारक रायपुर व्दारा निःशुल्क योग परिक्षण दिया गया. अन्तिम दिन ग्रामवासियों तथा विद्यार्थियों की तरह से योग शिक्षक को श्रीफल देकर सम्मानित किया।साथ ही साथ, देवेंद्र कुमार साहू, प्रकाश प्राथी,लक्ष्मी, आदित्य, जमुना, निशा,आयुष,भूपेन्द्र, लिलेश्वरी,ईशा सबिता, मुस्कान, मनोज, साधन, अनिता, कुमार, लोकेश,निर्मल, आशीष इत्यादि का सहयोग मिला।वहीं शनिवार को गांयत्री मन्दिर के आंगन में ग्राम पंचायत ईलदा में योग शिविर प्रथम दिन में प्रति दिन की दिनचर्या के बारे में एवं योग के महत्व के बारे में बताया गया।

वार्षिकोत्सव | लायंस स्कूल में वार्षिकोत्सव 'अतुल्य 2019' का आयोजन

वार्षिकोत्सव से निखरती है प्रतिभाएं: श्रीवास्तव

नवप्रदेश संवाददाता

चांपा। स्थानीय लायंस इंग्लिष हायर सेकेण्ड्री स्कूल में गुरूवार 19 दिसम्बर को वार्षिकोत्सव 'अतुल्य 2019' का आयोजन किया गया। वार्षिकोत्सव के मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीष माननीय श्री राजेष श्रीवास्तव थे। कार्यक्रम में विषिष्ट अतिथि के रूप में लायंस डिस्ट्रिक्ट 3233-सी के पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन डॉ. व्ही. के. अग्रवाल भी मंचस्थ थे। समारोह में श्रीमती सुपर्णा श्रीवास्तव, लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन राजेष अग्रवाल, लायंस षिक्षण समिति के चेयरमेन लायन एस. एन. अग्रवाल, सचिव लायन रमेष देवांगन, लायन के. सी. अग्रवाल के अलावा लायंस स्कूल की प्राचार्य श्रीमती अजिता वी. के. भी मंचस्थ थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजेष श्रीवास्तव एवं अन्य मंचस्थ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। तत्पश्चात् अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं पुष्पहार से स्कूल के षिक्षक-षिक्षिकाओं ने तथा बैज लगाकर सम्मान विद्यार्थियों ने किया। इसके पश्चात् शाला के विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। स्कूल की प्राचार्य श्रीमती अजिता वी. के. ने स्कूल का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। लायंस षिक्षण समिति के सचिव लायन रमेष देवांगन, चेयरमेन लायन एस. एन. अग्रवाल तथा लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन राजेष अग्रवाल ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाष डालते हुए शानदार उपलब्धियों के लिए विद्यार्थियों की सराहना की।

स्ट्रांग रूम के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

महासमुंद। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) सुनील कुमार जैन ने नगरपालिका आम निर्वाचन 2019 के लिए नगरपालिका परिषद् महासमुन्द हेतु स्ट्रांग रूम पिटियाझर मंडी में स्थापित किया गया है। स्ट्रांग रूम के लिए जिला कोषालय अधिकारी डीपी वर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जिनका मोबाइल नंबर 98261-83169 है।

नोडल अधिकारी के सहयोग के लिए अन्य अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उमा सिन्हा, बाबूलाल कंवर, चन्द्रभूषण सिंह ठाकुर, सत्यवती एक्का, दिप्ती महिलांग, वाय एम कुरैशी, बीएल जलक्षत्री, चिन्ता राम झारेय, टीकम ध्रुव, केशराम सिन्हा, तुमेश कुमार सिन्हा, देवेन्द्र ध्रुव, गौतम सुखदेवे, शैलेष श्रीवास्तव, लुकेश कुमार ठाकुर शामिल हैं।

न्यूज गैलरी

मीराबाई चानू ने कतर इंटरनेशनल कप में स्वर्ण पदक जीता

दोहा। पूर्व विश्व चैम्पियन भारोत्तोलक साइखोम मीराबाई चानू ने छठे कतर इंटरनेशनल कप में 49 किलोवर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर भारत का खाता खोला । चानू ने ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में 194 किलोवर्ग में पीला तमगा हासिल किया । ये अंक तोक्यो ओलंपिक 2020 की अंतिम रैंकिंग के समय उपयोगी साबित होंगे । चानू का सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन 201 किलो है । वह स्नैच और क्लीन एंड जर्क में एक ही क्लीन लिफ्ट कर सकी । उसने स्नैच में 83 किलो और क्लीन एंड जर्क में 111 किलो वजन उठाया।

वैश्विक खेल डोपिंग मामले 2017 में 13 प्रतिशत बढे : वाडा

मांट्रियल। विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी (वाडा) ने अपनी सालाना रिपोर्ट में कहा कि 2017 में अंतरराष्ट्रीय खेलों में डोपिंग के मामले पिछले 2016 की तुलना में 13 प्रतिशत बढ गए । वाडा ने कहा कि 2017 में डोपिंग के 1804 मामले दर्ज किये गए जबकि 2016 में इनकी संख्या 1595 थी । रिपोर्ट में कहा गया कि 2017 में दर्ज मामले 114 देशों और 93 खिलाड़ियों के थे । इटली के सर्वाधिक 171 खिलाड़ी डोपिंग के दोषी पाये गए जबकि फ्रांस के 128 और अमेरिका के 103 खिलाड़ी दोषी रहे । ब्राजील के 84 और रूस के 82 खिलाड़ी प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन के दोषी पाये गए । चीन, भारत, बेल्जियम, स्पेन और दक्षिण अफ्रीका में भी डोपिंग के मामले पाये गए । बाडीबिल्डिंग में सबसे ज्यादा 266 और एथलेटिक्स में 242 खिलाड़ी दोषी रहे।

मैच से पहले मस्ती कर रही टीम इंडिया

नई दिल्ली। भारतीय टीम इन दिनों वेस्ट इंडीज के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज खेल रही है। दो मैचों के बाद सीरीज 1-1 से बराबर है और सीरीज का तीसरा और अंतिम मैच रविवार को कटक के बारामती स्टेडियम में खेला जाएगा। इस बीच कप्तान विराट कोहली ने टीम के कुछ खिलाड़ियों के साथ अपने खाली समय की दो तस्वीरें पोस्ट की हैं। दोनों तस्वीरों में विराट ने अपने साथी खिलाड़ियों के साथ सेल्फी ली है। विराट द्वारा पोस्ट की गई इन तस्वीरों में खिलाड़ी अपने खाली समय में कूल अंदाज में दिखाई दे रहे हैं। विराट ने इन तस्वीरों को पोस्ट करते हुए मस्ती भरा कैप्शन भी लिखा है। अपने कैप्शन में विराट ने लिखा, 'एक खाली दिन और दोपहर में लड़कों के साथ वही करते हुए जो हमें चाहिए।' इसके साथ ही विराट ने हंसते हुआ इमोजी भी बनाया है। इन तस्वीरों में कुछ खिलाड़ी होटल गार्डन में धूप सेंक रहे हैं तो वहीं कुछ खिलाड़ी पूल बाथ के बाद नाश्ता ले रहे हैं।

भारत/वेस्ट इंडीज: तीसरा वनडे | एयरपोर्ट पर अनोखे अंदाज में हआ भारतीय टीम का स्वागत

'संडे' की हार का खौफ तोड़ पाएगी इंडिया!

भारतीय टीम विशाखापत्तनम में जबरदस्त जीत से वेस्टइंडीज़ के खिलाफतीन मैचों की सीरीज़ में 1-1 की बराबरी हासिल कर चुकी है और रविवार को जब वह मेहमान टीम के खिलाफ कटक के बाराबती स्टेडियम में होने वाले तीसरे और अंतिम वनडे में उतरेगी तो उसे संडे की प्रेतबाधा से मुक्ति पानी होगी।

नई दिल्ली (वार्ता)। भारत के लिये इस साल रविवार (संडे)बहुत सुखद नहीं रहा है और उसे इस दिन खेले कई मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। इस वनडे सीरीज़ का पहला मैच चेन्नई में रविवार को ही खेला गया था जिसमें भारतीय टीम को आठ विकेट की करारी पराजय मिली थी। सीरीज़ का निर्णायक मैच रविवार को ही होने जा रहा है और सीरीज़ जीतने के लिये भारतीय टीम को संडे की प्रेतबाधा को पीछे छोड़ना होगा। भारत ने इस साल 27 वनडे खेले हैं जिसमें से उसने तीन वनडे मैच संडे को गंवाये हैं। भारत को इस साल 10 मार्च को मोहाली में आस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को चार विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। भारत को इसके बाद इंग्लैंड में हुये विश्वकप के दौरान 30 जून को इंग्लैंड के खिलाफ बर्मिंघम में रविवार को हुये मुकाबले में 31 रन से पराजय झेलनी पड़ी थी। इसके बाद भारत को 15 दिसंबर को चेन्नई में वेस्टइंडीज़ के खिलाफरविवार को हुये मुकाबले में आठ विकेट से पराजय का सामना करना पड़ा था। हालांकि भारत ने 18 दिसंबर को बुधवार के दिन विशाखापत्तनम में ओपनरों रोहित शर्मा और लोकेश राहुल के शतकों तथा कुलदीप यादव की हैट्रिक से शानदार जीत हासिल कर सीरीज़ में बराबरी कर ली है। अब सीरीज़ का निर्णायक मैच रविवार को कटक में खेला जाना है। इस साल के टी-20 मैचों को देखा जाए तो भारत ने 16 टी-20 मुकाबले खेले हैं जिनमें से उसने पांच मैच रविवार को गंवाये हैं। भारत को 8 फरवरी को न्यूजीलैंड से हैमिल्टन में रविवार को हुये मुकाबले में चार रन से शिकस्त मिली थी। इसके बाद भारत 24 फरवरी को रविवार के ही दिन आस्ट्रेलिया से विशाखापत्तनम में तीन विकेट से हार गया।

भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफघरेलू सीरीज़ में 22 सितंबर को रविवार को हुये मुकाबले में बेंगलुरू में नौ विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। बंगलादेश के खिलाफघरेलू सीरीज़ में तीन नवंबर को दिल्ली में रविवार को हुये मुकाबले में टीम इंडिया को सात विकेट से शिकस्त मिली। वेस्टइंडीज़ ने आठ दिसंबर रविवार को तिरूवनंतपुरम में टीम इंडिया को आठ विकेट से पराजित किया। टी-20 में भारत को इस साल सात मैचों में पराजय मिली है जिनमें से पांच मैचों की हार रविवार को ही आयी है। भारत को वेस्टइंडीज़ से वनडे सीरीज़ जीतने के लिये कटक में रविवार को पूरा जोर लगाना होगा।

डिमांड ने किया कमिंस को मालामाल: गांगुली

पूर्व भारतीय कप्तान सौरभ गांगुली ने कहा कि पैट कमिंस को ज्यादा रकम इसलिए मिली क्योंकि उनकी डिमांड ज्यादा थी। उन्होंने इस ऊंची रकम को सही बताया है।

कोलकाता। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरभ गांगुली ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की नीलामी में ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस की ऊंची रकम को यह कहते हुए सही बताया है कि उनकी मांग ज्यादा थी इसलिए वो अपनी जेब मालामाल करने में सफल रहे। कमिंस को आईपीएल-2020 की नीलामी में दो बार की विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स ने 15.5 करोड़ रुपये में खरीदा। गांगुली ने शुक्रवार को एक कार्यक्रम में कहा, 'नहीं, मुझे नहीं लगता कि कमिंस की कीमत ज्यादा है। इसका सीधा संबंध उनकी मांग से है। इस तरह की छोटी नीलामी खिलाड़ियों के पीछे जाने के लिए ही होती हैं। बेन स्टोक्स भी इसी तरह की नीलामी का हिस्सा बने थे और इसलिए 14 करोड़ रुपये उन्हें मिले थे।' कमिंस दूसरी बार कोलकाता के लिए खेलेंगे। वह 2014 में इस फ्रेंचाइजी के लिए खेल चुके हैं, इसी साल कोलकाता ने दूसरी बार खिताब अपने नाम किया। आईपीएल-2020 की नीलामी में मालामाल होने वाले कमिंस लीग इतिहास में सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बन गए हैं। गांगुली ने कहा, 'ईडन की सख्त और हरी पिच पर जहां तेज गेंदबाजों को बाउंस ज्यादा मिलता है वहां कोलकाता मजबूत होगी। मुझे लगता है कि दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता में प्रतिस्पर्धा थी जिसमें एक निश्चित समय के बाद दिल्ली ने हार मान ली।

एश्ले बार्टी आईटीएफ विश्व चैंपियन अवार्ड से सम्मानित

सिडनी (वार्ता)। आस्ट्रेलिया की टेनिस खिलाड़ी एश्ले बार्टी और स्पेन के राफेल नडाल को अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) की ओर से वर्ष 2019 विश्व चैंपियन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। 23 साल की बार्टी वर्ष 2019 में नंबर वन रैंकिंग पर रही थीं और उन्होंने इस वर्ष अपने करियर का पहला ग्रैंड स्लेम रोलां गैरों हासिल किया था। इसके अलावा बार्टी ने शेनझेन में डब्ल्यूटीए फाइनल्स खिताब भी जीता था और वर्ष 1993 के बाद पहली बार आस्ट्रेलिया को फेड कप फाइनल तक पहुंचाने में अपनी अहम भूमिका निभाई थी। बार्टी ने कहा,÷ मैं इस वर्ष आईटीएफ विश्व चैंपियन चुने जाने पर सम्मानित महसूस कर रही हूं। वर्ष 2019 मेरे लिये कमाल का वर्ष रहा है, इस वर्ष मैंने फेड कप फाइनल में जगह बनाई और फ्रेंच ओपन भी जीता। मुझे अपनी टीम पर गर्व है और अब मैं 2020 का इंतजार कर रही हूं।

बावुमा इंग्लैंड के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट से बाहर

जोहानसबर्ग (वार्ता)। दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज़ तेम्बा बावुमा चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले बाक्सिंग डे टेस्ट से बाहर हो गये हैं। 29 वर्षीय बल्लेबाज़ को ग्रेड-1 के स्तर की मांसपेशियों में खिंचाव है। हालांकि वह अभी भी टीम के साथ बने हुये हैं और रिहैबिलिटेशन कार्यक्रम से गुजरना होगा। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के मुख्य मेडिकल अधिकारी शौएब मांजरा ने बताया कि मेडिकल टीम उनके साथ काम कर रही है और उनका लक्ष्य सात से 10 दिनों के भीतर वापसी करना है। सीएसए ने जारी बयान में कहा,÷ दक्षिण अफ्रीका ए और सीएसए फ्रेंचाइजी टीम के बीच चार दिन के मैच की समाप्ति के बाद बावुमा की जगह वैकल्पिक खिलाड़ी का चुनाव किया जाएगा।÷ बावुमा ने 39 टेस्ट खेले हैं और 17 सदस्यीय टीम में सबसे अनुभवी खिलाड़ी हैं जिसमें छह गैर अनुभवी खिलाड़ी शामिल हैं। इंग्लैंड के खिलाफ चार टेस्टों की सीरीज़ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा है जिसमें इंग्लैंड पांचवें नंबर पर है जबकि दक्षिण अफ्रीका आखिरी स्थान पर है।

मुंबई में स्वीडन बना अंडर-17 महिला चैंपियन

मुंबई (वार्ता)। स्वीडन ने मुंबई में आयोजित हुये अंडर-17 महिला फुटबाल टूर्नामेंट में मेज़बान भारत को 4-0 से एकतरफा अंदाज़ में पराजित कर खिताब जीत लिया है। मुंबई फुटबाल एरेना में हुये मैच में स्वीडन ने चौथे ही मिनट में बढ़त हासिल कर ली थी, रूसुल कफाजी ने पेनल्टी बॉक्स के बाहर से शॉट लगाते हुये नेट के अंदर गेंद को पहुंचाकर स्कोर 1-0 कर लिया। भारतीय टीम के लिये सुमती कुमारी ने अच्छा प्रयास किया लेकिन वह विफल रहीं। हालांकि स्वीडन ने 16वें मिनट में अपनी बढ़त को दोगुना कर लिया और रूसुल के कार्नर पर कप्तान एल्मा नेलहागे ने हेडर से स्कोर 2-0 पहुंचा दिया। दो मिनट बाद ही स्वीडन की लड़कियों ने एवेलिना डुलजान के गोल से अपनी टीम का तीसरा गोल किया। 20वें मिनट में मोनिका बाह ने पेनल्टी क्षेत्र में गेंद को पहुंचाया और जबरदस्त शॉट लगाया लेकिन भारतीय कीपर मंजू गंजू ने इसका बचाव कर लिया। ज्योति कुमारी ने भी गोल का बढ़िया प्रयास किया जिसे स्वीडन की कीपर एलिन स्वान ने रोक दिया। मंजू ने एक घंटे की समाप्ति से चंद मिनट पहले भी एक बढ़िया बचाव किया।

बेल्जियम ने नंबर वन बनकर किया वर्ष का समापन

नई दिल्ली (वार्ता)। बेल्जियम ने लगातार दूसरे वर्ष फीफा रैंकिंग में दुनिया की नंबर एक फुटबाल टीम के रूप में वर्ष का समापन किया है। बेल्जियम ने इस वर्ष केवल 19 दोसताना मैच खेले हैं, लेकिन इससे उसकी विश्व रैंकिंग पर कोई असर नहीं पड़ा है। विश्व चैंपियन फ्रांस दूसरे स्थान पर बरकरार है और तीसरे नंबर की ब्राजील से आगे है, जिस स्थान पर वह दिसंबर 2018 से बरकरार है। इंग्लैंड को एक स्थान का फायदा हुआ है और 2019 में वह चौथे नंबर पर पहुंच गया है जबकि उरूग्वे दो स्थान के सुधार के साथ पांचवें नंबर पर आ गया है। अर्जेंटीना नौवें और कोलंबिया 10वें स्थान पर बरकरार है तथा शीर्ष 10 टीमों में पहुंच गयी हैं। मैक्सिको 11वें नंबर पर है जबकि 12वें नंबर की स्विटजरलैंड और 16वें नंबर की डेनमार्क चार और क्रमशः छह स्थान गिर गयी हैं। इस बीच फीफा विश्वकप 2022 की मेज़बान कतर को इस वर्ष 138 अंकों का फायदा हुआ है।

बॉम्बे को मात देकर गुजरात फाइनल में

बेहतरीन फॉर्म में चल रही गुजरात जाएंट्स ने गुरुवार रात पहले सेमीफाइनल में बॉम्बे बुलेट्स को मात देकर बिग बाउट इंडियन बॉक्सिंग लीग के फाइनल में जगह बना ली है। यहां इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम के केडी जाधव हॉल में खेले गए पहले सेमीफाइनल में गुजरात ने बॉम्बे को 4-1 से हराया।

नई दिल्ली (वार्ता)। अमित पंघल की कप्तानी वाली इस गुजरात की जीत में चिराग और स्कॉट फोरेस्ट अपनी चमक बिखेरने में कामयाब रहे। चिराग ने पुरुषों के 57 किलोग्राम भारवर्ग के मुकाबले में बॉम्बे के कविंदर बिष्ट को हराया। वहीं स्कॉट ने पुरुषों के 91 किलोग्राम भारवर्ग में इमामैनुएल रेयास को हराया। इससे पहले चिराग और कविंदर लीग में आमने-सामने नहीं हुए थे क्योंकि गुजरात ने पिछले मैच में टॉस जीत इस भारवर्ग के मुकाबले को ब्लॉक कर दिया था। कविंदर को इस मैच से पहले पंजाब के अब्दुलमलिक खालाकोव से ही मात मिली थी और वह चिराग के अजेय क्रम को तोड़ना चाहते थे। पहले राउंड में उन्होंने शानदार खेल भी दिखाया लेकिन चिराग ने बाकी के दो राउंड में दमदार वापसी करते हुए 4-1 से जीत हासिल की। इसी तरह स्कॉट भी पहले दो राउंड में तो थोड़ा पीछे रहे थे लेकिन तीसरे राउंड में उन्होंने स्पेन के मुक्केबाज को अच्छी टक्कर दी और करीबी जीत हासिल की। गुजरात के कप्तान अमित पंघल दो मैचों के आराम के बाद रिंग में उतर रहे थे। उन्होंने उम्मीद के मुताबिक पुरुषों के 52 किलोग्राम भारवर्ग में बॉम्बे के अनंच चोपाड़े को मात दी।

स्वीडन ने भारत को 4-0 से हराकर

मुंबई (भाषा)। स्वीडन ने उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए गुरुवार को यहां भारत को एकतरफा फाइनल में 4-0 से हराकर तीन देशों को महिला अंडर-17 अंतरराष्ट्रीय फुटबाल टूर्नामेंट का खिताब जीता। स्वीडिश टीम ने चौथे मिनट में ही रूसुल काफ्जी के गोल से बढ़त बनायी। कप्तान इल्मा नेहलागे ने 16वें मिनट में रूसुल की कार्नर किक पर हेडर से गोल करके स्वीडन को 2-0 से आगे कर दिया। इसके दो मिनट बाद स्वीडन ने तीसरा गोल किया। उसकी तरफ से यह गोल इवेलिना दुलजान ने किया। मध्यांतर तक स्वीडन 3-0 से आगे था। स्वीडन को 61वें मिनट में पेनल्टी मिली लेकिन माटिल्डा विनबर्ग का शॉट क्रास बार के ऊपर से बाहर चला गया।

आंध्र ने दिल्ली को 9 विकेट से पीटा

दिल्ली ने रणजी ट्रॉफी के इस सत्र में अपने पहले मुकाबले में केरल के खिलाफखुद को हार से बचा लिया था लेकिन उसे दूसरे मैच में ग्रुप ए और बी में आंध्र के हाथों शुक्रवार को 9 विकेट की करारी हार का सामना करना पड़ा।

ओंगोल (वार्ता)। दिल्ली तीसरे ही दिन अपने छह विकेट मात्र 89 रन पर गंवाकर हार के संकट में फंस गयी। आंध्र ने पहली पारी में 153 रन की बढ़त हासिल की थी। दिल्ली ने पहली पारी में 215 और आंध्र ने 368 रन बनाये थे। दिल्ली ने छह विकेट पर 89 रन से आगे खेलना शुरू किया और उसकी दूसरी पारी 169 रन पर सिमट गयी। ललित यादव ने 55 और विकास मिश्रा ने 36 रन बनाकर दिल्ली को पारी की हार से बचाया।

पंजाब पारी से जीता

पटियाला (वार्ता)। पंजाब ने हैदराबाद को ग्रुप ए और बी मैच में दूसरी पारी में 76 रन पर ढेर कर यह मुकाबला पारी और 125 रन से जीत लिया। मयंक मार्कंडेय ने पंजाब की ओर से 19 रन पर 5 विकेट झटके। पंजाब को इस जीत से सात अंक मिले।

बड़ौदा की एमपी पर रोमांचक जीत दर्ज की

इंदौर (वार्ता)। बड़ौदा ने मध्यप्रदेश को ग्रुप ए और बी के रोमांचक मुकालबे में एक विकेट से हरा दिया। बड़ौदा ने 9 विकेट पर 174 रन बनाकर जीत अपने नाम कर ली। बड़ौदा को इस जीत से 6 अंक हासिल हुये।

रणजी ट्रॉफी | मिजोरम ने अपनी पहली 9 विकेट पर 620 रन बनाकर समाप्त घोषित की

408 गेंदें और 26 चौके, तरुवर कोहली ने जड़ा तिहरा शतक

तरुवर कोहली रणजी ट्राफी के वर्तमान सत्र में तिहरा शतक जड़ने वाले पहले बल्लेबाज बन गए। उनकी नाबाद 307 रन की पारी से मिजोरम ने अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ रणजी ट्रॉफी प्लेट ग्रुप मैच में गुरुवार को यहां पहली पारी में बड़ी बढ़त हासिल की।

पुडुचेरी। तरुवर कोहली रणजी ट्रॉफी के वर्तमान सत्र में तिहरा शतक जड़ने वाले पहले बल्लेबाज बन गए। उनकी नाबाद 307 रन की पारी से मिजोरम ने अरुणाचल प्रदेश के खिलाफरणजी ट्रॉफी प्लेट ग्रुप मैच में गुरुवार को यहां पहली पारी में बड़ी बढ़त हासिल की। कोहली ने अपनी पारी में 408 गेंदें खेली और 26 चौके लगाए। कप्तान केबी पवन ने भी 102 रन बनाए, जिससे मिजोरम ने अपनी पहली 9 विकेट पर 620 रन बनाकर समाप्त घोषित की। मिजोरम जब पहली पारी में बैटिंग करने उतरी तो उसकी शुरुआत बहुत अच्छी नहीं रही। उसे पहला झटका सिर्फ 41 रनों पर ही लग गया, लेकिन इसके बाद तरुवर और लालहरुएजेला ने मोर्चा संभाला और टीम को 200 रनों के पार पहुंचा दिया। लालहरुएजेला 152 गेंदों में 19 चौके की मदद से 124 रन बनाकर आउट हुए।

इसके बाद कप्तान पवन ने 130 गेंदों में 7 चौके और 1 छक्का की मदद से 102 रनों की पारी खेली। इसके बाद एक छोर से लगातार विकेट गिरते रहे, लेकिन कोहली अपनी जगह अडिग रहे। जब पारी घोषित हुई तब वह 307 रन बनाकर खेल रहे थे। अपनी पहली पारी में 343 रन बनाने वाले अरुणाचल ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में तीन विकेट पर 143 रन बनाए हैं। वह अभी मिजोरम से 134 रन पीछे है।

- रणजी ट्रॉफी के मौजूदा सत्र का पहला तिहरा शतक गुरुवार को देखने को मिला
- मिजोरम के लिए खेलते हुए तरुवर कोहली ने 408 गेंदों में नाबाद 307 रनों की पारी खेली
- उनके अलावा टीम से दो अन्य बल्लेबाजों ने शतक ठोके और टीम ने 620/9 पर पारी घोषित की

हर भारतीय क्रिकेटर को एनसीए से गुजरना होगा

कोलकाता। बीसीसीआई अध्यक्ष सौरभ गांगुली ने शुक्रवार को कहा कि जसप्रीत बुमराह की फिटनेस का आकलन राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में किया जाएगा। पहले इस तरह की अटकलें लगाई जा रही थीं कि न तो भारत का यह मुख्य तेज गेंदबाज और न ही राहुल द्रविड़ की अगुआई वाली संस्था बेंगलुरु में परीक्षण कराने के इच्छुक हैं। बुमराह पीठ में 'स्ट्रेस फ्रैक्चर' के बाद फिटनेस हासिल कर रहे हैं। उन्होंने हाल में विशाखापत्तनम में वेस्ट इंडीज के खिलाफ दूसरे वनडे से पहले भारत के नेट अभ्यास में गेंदबाजी की। गांगुली ने यहां पत्रकारों से कहा, 'मुझे इसकी जानकारी नहीं है। लेकिन भारतीय खिलाड़ियों को एनसीए जाना होगा और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि यह सहज हो और लॉजिस्टिक में जाना आसान हो।'

गर्मी की वजह से बढ़ा तोक्यो ओलिंपिक बजट

तोक्यो ओलिंपिक 2020 का बजट 12.6 अरब डॉलर (1.35 खरब येन) के आसपास रहने की संभावना है। आयोजकों ने ओलिंपिक का अंतिम बजट पेश करते हुए शुक्रवार को कहा कि गर्मी से बचने के उपायों के कारण कुल बजट में इजाफा हो गया है।

तोक्यो। तोक्यो ओलिंपिक 2020 का बजट 12.6 अरब डॉलर (1.35 खरब येन) के आसपास रहने की संभावना है। आयोजकों ने ओलिंपिक का अंतिम बजट पेश करते हुए शुक्रवार को कहा कि गर्मी से बचने के उपायों के कारण कुल बजट में इजाफा हो गया है। अधिकारियों ने स्वीकार किया कि इस बजट में मैराथन और पैदलचाल की मेजबानी साप्पोरो को दिए जाने के कारण इन स्पर्धाओं का तीन अरब येन का बजट शामिल नहीं है क्योंकि इसकी लागत वहन करने को लेकर अंतरराष्ट्रीय ओलिंपिक समिति से विवाद चल रहा है। घरेलू प्रायोजन ओर टिकटों की बिक्री से आमद 30 अरब येन बढी है। इसके साथ ही यातायात और सुरक्षा व्यवस्था के बजट में बढोतरी हुई है जिसमें गर्मी से निपटने के उपाय शामिल है। करीब 27 अरब येन का आपात बजट भी रखा गया है जो प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए होगा। आयोजकों ने गर्मी और उमस से बचाव के लिए कई योजनाएं बनाई है जिसमें पानी का छिड़काव और सड़कों पर ऊष्मा रोकने वाली पुताई शामिल है।

■ न्यूज गैलरी

भाजपा ने रायपुर के सात बागी सदस्यों को किया पार्टी से निष्कासित

रायपुर। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विक्रम उसेंडी ने नगर निगम रायपुर के विभिन्न वार्डों से 07 बागी सदस्यों को पार्टी से तत्काल निष्कासित कर दिया है।

भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने बागी सदस्यों के निष्कासन की सूची जारी की है। जिसमें रामसागरपारा वार्ड क्रमांक 02 से अम्बिका ठाकुर, भनपुरी वार्ड क्रं.07 से बबला धिवर, सिविल लाईन के वार्ड 47 से श्याम चावला, सिविल लाईन के वार्ड 57 से विवेक वर्धन एवं सदर बाजार के वार्ड 45 से गिरधर राव राउत, धर्मेन्द्र राव राउत एवं कैलाश राव राउत के नाम शामिल है। ये सभी निष्कासित सदस्य पार्टी से खड़े प्रत्याशियों के विरूद्ध कार्य कर रहे थे।

टुल्लू पंप, ड्रील मशीन सहित अन्य सामान चोरी

रायपुर। निर्माणधीन भवन परिसर से तुल्लूपंप , पाईप कटर, ड्रील मशीन व अन्य सामान चोरी किये जाने की रिपोर्ट खम्हारडीह थाने दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार गायत्री नगर खम्हारडीह निवासी सीताराम शर्मा 55 वर्ष पिता स्व. रामदेव शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 22 नवम्बर को अमलटाल केस्टल हाऊसिंग बोर्ड स्थित निर्माणधीन भवन परिसर से तुल्लू, पंप, पाईप कटर मशीन, ड्रील मशीन हेमर मशीन, बढ़ई सामान, किसी ने चोरी कर लिया। चोरी गये सामान की अनुमानित करीब 15 हजार रूपये आकी गई है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

वनोपज खरीदी से कवर्धा वासियों के अच्छे दिन, बढ़ेगी आय

वन विभाग ने जिले के संग्राहकों से 49 लघु वनोपज खरीदी के लिए कसी कमर

■ **प्रदेश सरकार ने तेंदूपत्ता के साथ ही 49 लघु वनोपज खरीदने की शुरू की है पहल**

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। प्रदेश सरकार के वन विभाग की अनोखी पहल से अब जिलावासियों को आमदनी के मामले में अच्छे दिन आने की उम्मीद जगी है। पहले कबीरधाम जिले में वनोपज में जहां तेंदूपत्ता की खरीदी की जाती थी वहीं अब 49 लघु वनोपज की खरीदी भी शासन द्वारा की जाएगी। इससे जिले के करीब 150 गांवों के लोगों को फायदा होगा। इससे लोगों को रोजगार के साथ ही आय के नए अवसर उपलब्ध हो सकेंगे। वन विभाग द्वारा इस योजना के जमीन स्तर पर सफल क्रियान्वयन के लिए अथक प्रयास भी किए जा रहे हैं। इस कार्य के संचालन में 228 महिला स्व सहायता समूह तथा 49 प्रेरक की महती भूमिका रहेगी। गौरतलब है वन विभाग की ओर से वर्ष 2019 में तेंदूपत्ता के साथ ही अन्य लघु वनोपज की खरीदी की पहल शुरू की गई है। जिला कबीरधाम में इसके सफल संचालन के लिए वन विभाग के अफसरों ने कमर कस ली है।

कवर्धा में इस तरह होगा योजना पर काम

वन मंडल कवर्धा की ओर से भी जिले भर के हाट बाजारों का सर्वे कराया गया। इसमें पाया गया कि करीब 150 गांवों के लोग विभिन्न लघु वनोपज का संग्रहण करते हैं। लिहाजा अब नई पहल के तहत इनके सुनियोजित संग्रहण,

प्रसंस्करण एवं विपणन के लिए 22 हॉट बाजार तथा 5 वन धन विकास केन्द्र की स्थापना की गई है। इनका संचालन 228 महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा किया जाएगा। जिनकी सदस्य संख्या करीब 2800 और प्रेरक संख्या 59 रहने का अनुमान है। इस योजना से करीब 50 हजार परिवारों को अतिरिक्त आय एवं रोजगार दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। शासन द्वारा निर्धारित 49 लघु वनोपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य संग्राहकों से खरीदी हेतु निर्धारित किया गया है। कवर्धा जिला यूनियन में 22 हॉट बाजारों के अतिरिक्त अन्य दिनों में भी संग्रहण केन्द्र खुले रहेंगे जहां पर वनोपज क्रय किया जायेगा।

जिले में यहां होंगे बाजार एवं संग्रहण केन्द्र

बोड़ला, बोक्करखार, चिल्फी, झलमला, समनापुर, खारा, उसरवाही, रेंगाखार, जुनवानी, तेलीटोला, कोयलारझोरी, खोलवा, जरहानवागांव, तरेंगांव, लरबक्की, दलदली, बांकी, बैजलपुर, भैंसाडबरा, कामठी, नेऊर, कुई ।

यहां होंगे वन धन केन्द्र : बोड़ला, तरेगांव, तेलीटोला-जुनवानी, रेंगाखार, कोदवागोडान।

लघु वनोपज का ऐसे तय हुआ है एमएसपी

(राशि प्रति किलोग्राम रुपए में)

क्र.	प्रजाति	केंद्र की दर	राज्य शासन द्वारा देय बोनस
1	इमली (बीज सहित)	31.00	-
2	चिरौंजी गुठली	109.00	-
3	कुल्लू गोंद	98.00	22.00
4	बहेड़ा	17.00	-
5	पुवाड़ (चरोटा)	14.00	-
6	साल बीज	20.00	-
7	हर्रा	15.00	-
8	नागरमोथा	27.00	-
9	बेल गुदा	27.00	-
10	रंगीनी लाख1	30.00	20.00
11	कुसुमी लाख	203.00	22.00
12	महुआ बीज	25.00	-
13	शहद	195.00	-
14	कालमेघ	33.00	-
15	फूलझाड़ू	30.00	-
16	जामुन बीज	36.00	-
17	कौंच बीज	18.00	-
18	धवई फूल	32.00	-
19	करंज बीज	19.00	-
20	महुआ फूल	17.00	-
21	बायबिडिंग	81.00	-
22	आंवला सूखा	45.00	-

वन विभाग ने इसलिए शुरू की पहल

विभाग द्वारा अक्टूबर माह में राज्य भर में हॉट बाजारों का सर्वे कराया गया। इसमें पाया गया कि तेंदूपत्ता के अतिरिक्त अन्य लघु वनोपज के संग्रहण, प्रसंस्करण व विपणन से से प्रदेश की जनता को 930 करोड़ रुपए की आय प्राप्त हो सकती है।

संघ द्वारा तय समर्थन मूल्य

(प्रति किग्रा. रुपए में)

क्र.	प्रजाति	मूल्य
1	महुआ	23.00
2	बहेड़ा	16.00
3	पलाश	9.00
4	मरोड़फल्ली	14.00
5	निर्गुण्डी	13.00
6	धवई	18.00
7	काली मूसली	90.00
8	वन तुलसी	11.00
9	मकोय	16.00
10	कवांच	60.00
11	बिदारी	20.00
12	गिलोय	18.00
13	बायबिडिंग	375.00
14	कालमेघ	16.00
15	सफेद मूसली	600.00
16	तिखूर	120.00
17	बनजीरा	90.00
18	बेल	15.00
19	मालकांगनी	90.00
20	माहुल पत्ता	15.00
21	सतावर	108.00
22	अमलताश	11.00
23	आंवला सूखा	100.00
24	भिलवा	10.00
25	भृंगराज	16.00
26	गुड़मार	35.00
27	नागरमोथा	25.00

कवर्धा जिला यूनियन अंतर्गत संचालित समिति

क्र.	समिति का नाम	समिति अंतर्गत आने वाले हाट बाजार
1	रेंगाखार	रेंगाखार,
2	खारा	खारा, उसरवाही
3	जुनवानी	जुनवानी, तेलीटोला
4	कोयलारझोरी	कोयलारझोरी, खोलवा, जरहानवागांव
5	कोदवा	भैंसाडबरा
6	कामठी	कामठी
7	पंडरिया	कुई
8	कूकदूर	नेऊर
9	बोड़ला	बोड़ला
10	तरेगांव	तरेगांव, लरबक्की, दलदली, बांकी
11	सिंघारी	बैजलपुर,
12	खड़िया	बोक्करखार
13	चिल्फी	चिल्फी, झलमला, समनापुर

49 लघु वनोपज के समर्थन मूल्य तय हो चुके हैं। वनांचल में निवास करने वालों सहित अन्य संग्राहकों को भी इस योजना का पूरा लाभ मिलेगा जिससे उनकी आर्थिक उन्नति तो होगी ही साथ ही रोजगार के द्वार भी खुल सकेंगे । सभी से अपील हैं कि इस योजना की जानकारी ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाएं।

-दिलराज प्रभाकर, वन मंडल अधिकारी जिला कबीरधाम छत्तीसगढ़

पातररास का अनोखा आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र देखिये

दो ईंटे रखकर खुले में परियोजना अधिकारी ने बनवा दिया शौचालय

■ **मोहल्लेवासियों में जबरदस्त आक्रोश**

■ **परियोजना अधिकारी ने समाधान के बदले कलेक्टर और कार्यक्रम अधिकारी से बात करने की सलाह दे डाली**

दन्तेवाड़ा। दन्तेवाड़ा जिले के किस्से बड़े ही अलबेले है। स्वच्छ भारत मिशन को पलीता लगाती एक तस्वीर दन्तेवाड़ा महिला बाल विकास विभाग की पातररास में बनी आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र में नजर आई। जहाँ दन्तेवाड़ा परियोजना अधिकारी संगीता बिंद ने खुले आसमान के नीचे सिर्फदो ईंटे और 1 तगाड़ी रेत डालकर शौचालय बना दिया। जिसके बाद परियोजना अधिकारी के इस कृत्य से से पूरे मोहल्ले के लोग परेशान और जबरदस्त आक्रोशित है। पास में ही मोहनी पोर्ते नामक महिला का निजी आवास है, महिला ने खुले में बनाये इस नमूने नुमा शौचालय की शिकायत दन्तेवाड़ा कलेक्टर से लेकर प्रधानमंत्री स्वच्छ भारत योजना के अंतर्गत शिकायत दर्ज करने की बात कह रही है।

दरअसल यह आंगनबाड़ी दन्तेवाड़ा कलेक्ट्रेट से महज 3 किलोमीटर की दूरी पर मुख्य मार्ग पर ही बनी है। जिसे विभाग आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र पातररास का दर्जा भी दे रखा है। इस केंद्र में 8 बच्चे रोजाना पढ़ने आते है। लेकिन जिला मुख्यालय के इतने पास बने आम्बा केंद्र में न तो बाउंड्रीवाल, न ही पानी की सुविधा यहाँ तक कि बच्चो के खेलने का को सामान, शौचालय कुछ भी नहीं है। यहाँ तक केंद्र का कही पर नाम भी नही लिखा गया है. जबकि दन्तेवाड़ा जिला स्वच्छ भारत मिशन के तहत आवार्ड भी ले चुका है। पर आईसीडीएस दन्तेवाड़ा परियोजना की यह आंगनबाड़ी केंद्र सरकार के स्वच्छता मिशन को पूरी तरह से पलीता लगाती साफ्तौर पर नज़र आ रही है।

पूरे मामले को लेकर जब दन्तेवाड़ा की परियोजना अधिकारी संगीता बिंद से हमने चर्चा कर मामले को जानना चाहा तो बड़े ही तल्ख तेवर में परियोजना अधिकारी ने इतना कहा कि मैं 2 नम्बर केंद्र पर निरीक्षण कर रही हूँ। जब टॉयलेट स्वीकृत नही है तो हम क्या कर सकते इतना ही नही तल्ख तेवर का आलम यह रहा कि परियोजना अधिकारी ने यह तक कह डाला दन्तेवाड़ा कलेक्टर से बात करो या आईसीडीएस कार्यक्रम अधिकारी से हम क्या कर सकते है।

आईसीडीएस के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने कहा बिलकुल भी गलत है खुले में बने शौचालय को तत्काल हटवाया जाएगा। और आखिर केंद्र को आदर्श आंगनबाड़ी की श्रेणी में क्यो रखा गया इसकी भी जांच होगी। और परियोजना अधिकारी से इस पूरे मामले में बात करते है।

विजेंदर ठाकुर, कार्यक्रम अधिकारी

छग में डिजिटल साक्षरता की अलख जगा रहा शिक्षक

नवप्रदेश संवाददाता

बीजापुर। छत्तीगढ़ में एक शिक्षक ऐसे भी हैं, जो कई शिक्षकों को डिजिटल तकनीक का इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इनका नाम हैं श्रीनिस एटला। श्रीनिवासी बीजापुर जिले में शिक्षकों के बीच डिजिटल क्रांति लाने का काम कर रहे हैं। इंटरनेट व अन्य अत्याधुनिक सुविधाओं के लिहाज बीजापुर अभी ज्यादा विकसित नहीं हो सका है। और जिन क्षेत्रों में ये सुविधाए हैं वहां लोगों में इनके इस्तेमाल की आदत नहीं है। लिहाजा एटला शिक्षकों शिक्षा विभाग के विभिन्ना ऐप या गूगल शीट में जानकारियां भरने के बारे में सिखाते हैं। जब उन्हें क्यूआर कोड से जुड़े दीक्षा ऐप की जानकारी मिली तो उन्होंने क्यूआर कोड से जुड़ी पूरी जानकारी को बारीकी से समझा और अब अन्य शिक्षकों को समझा रहे हैं। एटला अब तक जिले के 40 से अधिक शिक्षकों को दीक्षा ऐप को लेकर प्रशिक्षित कर चुके हैं। अब शिक्षकइस ऐप के माध्यम से 6वीं से 8वीं तक की पाठ्य सामग्री को डाउनलोड कर बच्चों को पढ़ा रहे हैं।

केंद्र की कई प्रतियोगिताओं में ले चुके भाग

श्रीनिवास एटला के बारे में खास बात यह भी है कि वे केंद्र सरकार की कई प्रतियोगिताओं में भाग ले चुके हैं। इसके लिए उन्हें कई सर्टिफिकेट भी मिले हैं।

लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान अवश्य करना चाहिए

राजनांदगांव। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जयप्रकाश मौर्य ने नगर पालिका आम चुनाव में जिले के सातों नगरीय निकायों के मतदाताओं से 21 दिसम्बर को अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील की है। श्री मौर्य ने कहा कि लोकतंत्र में संवैधानिक व्यवस्था के तहत पात्र मतदाताओं को मतदान करने का अधिकार दिया गया है। मतदाता मतदान प्रक्रिया में शामिल होकर लोकतंत्र की मजबूती के लिए योगदान देते हैं। हर मतदाता को मतदान अवश्य करना चाहिए। श्री मौर्य ने कहा कि सभी मतदाताओं जिन्हें निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए हैं। मतदान केन्द्र में मत डालने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएं।

यूनाइटेड नेशन मिशन की चीफ नेशनल ट्राइबल डॉन्स फेस्टिवल में होंगी शामिल

■ **संस्कृति विभाग के सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने मुलाकात कर दिया न्यौता**

रायपुर। भारत में यूनाइटेड नेशन मिशन की चीफ रेनाटा लोक डेसालियन छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आगामी 27 दिसंबर से होने वाले राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में शामिल होंगी। छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग के सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने नई दिल्ली में यूएन रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर ऑफिस में सौजन्य मुलाकात कर इस महोत्सव के लिए उन्हें आमंत्रित किया। श्री परदेशी ने राजधानी रायपुर में 27 से 29 दिसंबर तक पहली बार आयोजित हो रहे इस नेशनल ट्राइबल डॉन्स फेस्टिवल के बारे में विस्तृत जानकारी दी। रेनाटा लोक डेसालियन ने इस आयोजन पर खुशी जाहिर करते हुए इसमें शामिल होने की सहमति प्रदान की है।